राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 31
लखनऊ, रविवार 29 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं 10

स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बन रहे लाभार्थीः राकेश सचान 03

संक्षिप्त समाचार

नर्सिंगकर्मी डॉ. अर्शी नाज को मिला 'पद्मश्री गौरव सम्मान'



जोधपुर, एजेंसी। समाजसेवा, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जोधपुर की नर्सिंगकर्मी डॉ. अर्शी नाज को प्रतिष्ठित 'पद्मश्री गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सभागार में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में दिल्ली नगर निगम के महापौर प्रवेश वाही, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा तथा उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने डॉ. अर्शी नाज को सम्मानित किया। डॉ. अर्शी नाज को पिछले वर्ष जयपुर में आयोजित समारोह में 'वुमन्स ग्लोरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

दिल्ली में पकड़ा गया लश्कर आतंकी

नई दिल्ली,एजेंसी। पुलिस की स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक संदिग्ध को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आतंकी गतिविधि से जुड़ा हुआ था और दिल्ली-एनसीआर में आतंकी साजिश रच रहा था। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी पर दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। संदिग्ध के तार गुजरात के वडोदरा में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल और पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स से जुड़े हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय खुफिया एजेंसियां आरोपी की ऑनलाइन गतिविधियों पर काफी समय से नजर रख रही थीं। इनपुट पुख्ता होने के बाद उसे स्पेशल सेल ने गिरफ्तार कर लिया।

यूपी में 1.42 लाख अपात्र खातों की जांच शुरू

गोरखपुर। वृद्धावस्था पेंशन में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। प्रदेशभर में 4.93 लाख संदिग्धों की जांच में 1.42 लाख लाभार्थी अपात्र पाए गए हैं। ये अच्छी खेती और पारिवारिक स्थिति के बावजूद पेंशन ले रहे थे। प्रदेश में सोनभद्र जिले में सर्वाधिक 9,618 और गोरखपुर मंडल के कुशीनगर में सबसे ज्यादा 6,785 अपात्र मिले हैं। यूपी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के ग्रामीण क्षेत्र के 46,080 रुपये और शहरी क्षेत्र के 56,460 रुपये वार्षिक आय वालों को एक हजार रुपये प्रति माह पेंशन मिलती है। इसके बाद समाज कल्याण निदेशालय ने इनकी पेंशन पर रोक लगा दी और सत्यापन शुरू कराया।

किडनैप के परिवार से मांगी 30 लाख की फिरौती

लखनऊ। अमीनाबाद कोतवाली से 20 अक्टूबर को लापता हुए बुजुर्ग राम नारायण वाजपेई के मामले में पुलिस ने अपहरण की धाराओं में नई एफआईआर दर्ज की है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बुजुर्ग को अगवा कर उनसे संपर्क नहीं करने दिया जा रहा है। परिवार से अलग-अलग लोगों के जरिए कुल 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। आलमबाग निवासी उनकी बेटी आंचल बाजपेई पाठक की शिकायत पर 22 नवंबर की रात मुकदमा दर्ज किया गया। परिजनों का कहना है कि एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी उनके पिता का पता नहीं चला है।

महिला आरक्षण के रास्ते की हर बाधा करेंगे दूर: मोदी



एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण को संसद और विधानसभाओं में लागू करने के प्रति सरकार का दृढ़ संकल्प दोहराते हुए शनिवार को कहा कि नारी शक्ति को उनका अधिकार और उचित भागीदारी दिलाने के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाली पार्टियां देश की महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने से कभी नहीं रोक पाएंगी, अब केवल समय का इंतजार है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो संदेश में कहा कि महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी दिलाने की लड़ाई कई दशकों से चल रही है और वह स्वयं भी वर्षों से इसके लिए प्रयास करने वालों में शामिल रहे हैं।

मैं जानता हूं कि देश की 100 प्रतिशत नारी शति का आशीर्वाद हमारे साथ है

देश की अनेक महिलाएं उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर और पत्र लिखकर महिला आरक्षण का मुद्दा उठाती रही हैं। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि देश की 100 प्रतिशत नारी शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। मैं देश की हर नारी को विश्वास दिलाता हूं कि हम महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर रुकावट को खत्म करके रहेंगे, हटाकर रहेंगे। हमारा हौसला भी बुलंद है, हमारी हिम्मत भी अटूट है और हमारा इरादा भी अडिग है। मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण का विरोध करने वाली पार्टियां देश की नारी शक्ति को संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने से कभी नहीं रोक पाएंगी। उन्होंने कहा कि अब केवल वक्त का इंतजार है।

पौड़ी गढ़वाल हादसे पर पीएम ने जताया दुख, दी सहायता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। उल्लेखनीय है कि पौड़ी गढ़वाल जिले के रिखणीखाल क्षेत्र के कलवाड़ी में शनिवार को एक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में पांच घायल महिलाओं को बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है, जबकि आठ लोगों की मौत की खबर है। पुलिस और बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने भी हादसे पर दुख जताया है।

प्रदेश के टॉप 50 माफियाओं की सूची सौंपें यूपी सरकार

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकार को दिया आदेश

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफियाओं की लिस्ट सरकार से मांगी है। प्रदेश के टॉप 50 माफियाओं की लिस्ट अब सरकार को हाई कोर्ट में जमा करानी होगी। साथ ही, इन्हें माफिया घोषित करने के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में भी कोर्ट को बताना पड़ेगा। दरअसल हाईकोर्ट में देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुब्बार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के क्रम में यह आदेश जारी किया गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश की चर्चा हो रही है।इसके तहत आदेश दिया गया है कि राज्य सरकार की ओर से टॉप माफिया की सूची सौंपी जाएगी।

सरकार को यह भी बताना पड़ेगा कि अगर किसी आरोपी को माफिया घोषित किया जाता है तो उसके लिए किन-किन धाराओं में केस दर्ज होना जरूरी होता है।

किसानों की समृद्धि से है गौ संरक्षण का सीधा संबंध : धामी



मथुरा, समृद्धि न्यूज।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती और किसानों की समृद्धि से भी है।

धामी ने यह बात शनिवार को मथुरा के कस्बा फरह के गऊ-ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के विभिन्न प्रकल्पों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ, आयुर्वेद एवं पंचगव्य अनुसंधान केन्द्र तथा श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण किया गया। साथ ही आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय तथा आवासीय परिसर का शिलान्यास किया गया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मथुरा भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।

उपराष्ट्रपति ने किया काशी-तमिल संगमम 5.0 का उद्घाटन

उद्घाटन समारोह में प्रहलाद जोशी ने उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को गुलाबी मीनाकारी से निर्मित मोर का स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को वाराणसी के नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उन्होंने डिजिटल बटन दबाकर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तमिलनाडु से आए 250 विद्यार्थियों के दल ने भी हिस्सा लिया।

उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को गुलाबी मीनाकारी से निर्मित मोर का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु से आए विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और शैक्षणिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस संगमम को लेकर नमो घाट पर खासा उत्साह देखने को मिला।

28 नवंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में तमिलनाडु से सात अलग-अलग समूहों में कुल 1,750 प्रतिनिधि वाराणसी पहुंचेंगे। इस वर्ष काशी-तमिल संगमम की थीम महान तमिल कवि एवं दार्शनिक तिरुवल्लुवर की कालजयी रचना तिरुक्कुरल पर केंद्रित है। आयोजन के माध्यम से देशभर के युवाओं और विद्यार्थियों को तमिल भाषा, साहित्य और तिरुक्कुरल में निहित नैतिक एवं जीवन मूल्यों से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तिरुवल्लुवर द्वारा रचित तिरुक्कुरल में कुल 1,330 दोहे हैं। इस महान ग्रंथ में नैतिकता, सदाचार, व्यवहार, सामाजिक जीवन और जीवन मूल्यों से जुड़े संदेश दिए गए हैं।

काशी-तमिल संगमम के माध्यम से इन विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही देश की विविध भाषाओं और संस्कृतियों के बीच संवाद एवं आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी के अनुसार, इसी उद्देश्य से देश के 1,380 उच्च शिक्षण संस्थानों में तिरुक्कुरल अभ्यास नाम से प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये की इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। प्रत्येक संस्थान से एक विद्यार्थी का चयन किया जाएगा, जो अपने संस्थान के अन्य विद्यार्थियों को भी तिरुक्कुरल की साहित्यिक और सांस्कृतिक से परिचित कराएगा। संगमम के तहत तमिलनाडु से 50 शिक्षकों का दल भी वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों का दौरा करेगा। इस दौरान शिक्षक विद्यार्थियों को तमिल भाषा, साहित्य और प्राचीन ग्रंथ तिरुक्कुरल के बारे में जानकारी देंगे।

उपराष्ट्रपति ने किए काशी विश्वनाथ के दर्शन, सीएम रहे मौजूद



वाराणसी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर देश में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री योगी नमोघाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण के उद्घाटन से पहले मंदिरों में पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया। दर्शन-पूजन की शुरुआत काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर से हुई। उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी के साथ बाबा कालभैरव का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिर पहुंचने और वहां से रवाना होने के दौरान दोनों नेताओं ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने बाबा से देश की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

भारत का मुकुट है जम्मू-कश्मीर : राजनाथ सिंह

भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पैदल मार्च में पहुंचे थे रक्षामंत्री

एजेंसी, जम्मू।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय भारत की आत्मा और भावना को बचाए रखने का संकल्प था। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का मुकुट है, इसका गौरव और शान है इसलिए भारत में इसका विलय केवल भौगोलिक क्षेत्र को जोड़ने का सवाल नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा, भावना, एकता और अखंडता को बचाए रखने का एक संकल्प था।

जम्मू में लोक भवन के पास पंजतीर्थी चौक से परेड चौक स्थित ब्राह्मणा सभा तक भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पैदल मार्च का नेतृत्व करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने भाजपा के राजनीतिक सफर में जम्मू-कश्मीर के ऐतिहासिक महत्व को याद करते हुए रक्षामंत्री ने पंडित प्रेमनाथ डोगरा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस क्षेत्र को पूरी तरह से भारत में शामिल करने के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के उस नारे को भी याद किया जो इसी क्षेत्र से दिया गया था- एक देश, एक विधान, एक निशान।

रेलवे बोर्ड ने 37 मंडलों में नए डीआरएम किए नियुक्त

एजेंसी, नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने देश के विभिन्न रेलवे जोनों के 37 मंडलों में मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) की नियुक्ति और तबादले के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों में दिल्ली मंडल भी शामिल है, जहां संजय सिंह को नया डीआरएम नियुक्त किया गया है। वह पुष्पेश आर. त्रिपाठी का स्थान लेंगे। रेलवे बोर्ड ने 27 नवंबर को जारी आदेशों में इन नियुक्तियों को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की बात कही है। आदेश के अनुसार, संजय सिंह मध्य रेलवे में एनएफ-एचएजी/भारतीय रेल विद्युत अभियंता सेवा (आईआरएसईई) के अधिकारी हैं। उन्हें उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल का डीआरएम बनाया गया है। पुष्पेश आर. त्रिपाठी के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। रेलवे बोर्ड के आदेशों के तहत सुबिन कुमार को पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल, नरेंद्र कुमार लोहिया को उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल और दीपक नारायण काटे को मध्य रेलवे के मुंबई मंडल का डीआरएम नियुक्त किया गया है।

सीएम के लाइन वहीं से शुरू होती है वाले बयान पर किया पलटवार

अब न ये रहेंगे, न इनकी लाइनः अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हम जहां खड़े होते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है वाले बयान पर अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अब उनके सारे डायलॉग्स फेल हो गए हैं, इसलिए वह बॉलीवुड के सहारे हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब जनता मुख्यमंत्री के डायलॉग सुनने के मूड में नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि अब ये हमेशा के लिए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्चस्ववादियों की अहंकारी सोच हमेशा से यही रही है कि कोई लाइन में आगे रहे और बाकी सब पीछे। उन्होंने कहा कि आम लोगों को पीछे और नीचे रखने की यह सोच पीडीए और संविधान विरोधी होने के साथ अलोकतांत्रिक भी है। सपा प्रमुख ने कहा, अब न ये रहेंगे, न इनकी लाइन, क्योंकि पीड़ित पीडीए समाज लाइन लगाकर इनके खिलाफ वोट डालने जा रहा है। दरअसल मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को गोंडा में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत देवीपाटन मंडल के 46,800 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए थे। सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 20 विद्यार्थियों को टैबलेट देने के बाद उनके साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अमिताभ बच्चन की फिल्म के संवाद का जिक्र करते हुए कहा कि हम जहां खड़े होते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है। उन्होंने टैबलेट को चलता-फिरता विश्वविद्यालय बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा।

यूपी वाले विदाई शानदार करते हैं

अखिलेश यादव ने भाजपा और उसके सहयोगी दलों को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि भाजपाई और उनके संगी-साथी याद रखें कि उत्तर प्रदेश के लोग यदि किसी का स्वागत जोरदार तरीके से करते हैं तो विदाई उससे भी ज्यादा शानदार और यादगार करते हैं।

योगी ने सपा के घोषणापत्र को बताया था मुंगेरीलाल का सपना

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना उसके घोषणापत्र पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि घोषणापत्र जारी करने वालों से पूछा जाना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने क्या किया। योगी ने कहा था कि मुंगेरीलाल के सपने दिखाने से कुछ नहीं होता। विकास के लिए संकल्प और विजन होना चाहिए, जो उनके पास नहीं है।

प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे हैं अभूतपूर्व कार्य : जयवीर सिंह



फिरोजाबाद , समृद्धि न्यूज।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को शिकोहाबाद स्थित बालाजी मंदिर में 3.78 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए पर्यटन विकास कार्यों तथा नौशहरा स्थित रामलीला मैदान में 01 करोड़ 15 लाख 36 हजार रुपये की लागत से कराए गए बाउंड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यों का जनसमर्पण किया। दोनों परियोजनाओं पर कुल 4 करोड़ 93 लाख 36 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। नौशहरा स्थित रामलीला मैदान में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कराए गए बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माण कार्यों के जनसमर्पण से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। रामलीला मैदान में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए व्यवस्थाएं बेहतर होंगी। वहीं शिकोहाबाद स्थित बालाजी मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा 3.78 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

रामलीला मैदान में सांस्कृतिक आयोजनों के लिए व्यवस्थाएं होंगी बेहतर

वोट चोरी छिपाने के लिए ला रहे परिसीमन बिल : राहुल

850 का आंकड़ा भारतीय लोकतंत्र के लिए है खतरा

एजेंसी, नई दिल्ली।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने परिसीमन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने 850 के आंकड़े को भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि सरकार लोकसभा की सीटें बढ़ाने के नाम पर चुनावी व्यवस्था को अपने हिसाब से बदलना चाहती है। राहुल ने आरोप लगाया कि चुनाव में कथित वोट चोरी के आरोपों से बचने और सत्ता बनाए रखने के लिए यह नया रास्ता तैयार किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 850 के इस आंकड़े को याद रखें। राहुल गांधी बोले कि अभी लोकसभा में 543 सीटें हैं, लेकिन सरकार इन्हें बढ़ाकर 850 करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को देश का चुनावी नक्शा अपनी पसंद से बदलने का मौका मिल सकता है।

दुर्घटना

मुरादाबाद में भीषण हादसा: रोडवेज बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर

मां-बेटे समेत चार की मौत, 11 से अधिक लोग जखमी

मुरादाबाद , समृद्धि न्यूज।



छजलैट क्षेत्र में मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर रोडवेज बस और गन्ने की खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में मां-बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

बस में सवार 11 से अधिक यात्रियों को भी चोटें आईं। छजलैट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह मुरादाबाद-हरिद्वार स्टेट हाईवे पर ग्राम लदावली स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस और गन्ने की खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो महिलाओं और एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार 11 अन्य यात्रियों को भी चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मुरादाबाद डिपो की बस संख्या यूपी 78 एलएन 7524 छजलैट की ओर से मुरादाबाद आ रही थी। ग्राम लदावली के पास सामने से गन्ने की खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। कई यात्री घायल हो गए।

हादसे में छजलैट के ग्राम सदूपुरा निवासी जॉनसन मसीह की पत्नी अर्चना (30) और उनके पांच वर्षीय बेटे सुशांत की मौके पर ही मौत हो गई। इनके अलावा लोकेंद्र (50) पुत्र जुगल किशोर निवासी ग्राम रतनगढ़, थाना शिवाला कलां, बिजनौर और दीपा उर्फ दीपिका चौहान (30) पत्नी प्रखत चौहान निवासी ग्राम कोट, थाना नूरपुर, बिजनौर ने भी दम तोड़ दिया। अर्चना के पति जॉनसन मसीह (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची छजलैट पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। मृतकों के शव और गंभीर घायल जॉनसन को जिला अस्पताल भिजवाया गया। हादसे की सूचना पर उपजिलाधिकारी मयंक कुंडू और सीओ कांठ अभिनव द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने चार लोगों की मौत की पुष्टि की है।

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या दर्शन को जा रहे परिवार की कार में ट्रक ने मारी टक्कर, एक घायल



रामसनेहीघाट (बाराबंकी)। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर शनिवार को सूरजवापुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से इनोवा कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार कानपुर नगर निवासी अमित मिश्रा (52) घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, अमित मिश्रा अपने परिवार के साथ इनोवा कार से अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रामसनेहीघाट क्षेत्र में सूरजवापुर गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सवार अमित मिश्रा घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची टोल एंबुलेंस की टीम ने घायल अमित मिश्रा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नही मिला मानदेय, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों का मानदेय लंबे समय से लंबित है।ग्रामीण आवास कंप्यूटर ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन ने शनिवार को शिवम बाजपेयी के द्वारा खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चार मांगों के निस्तारण की मांग की।ज्ञापन में कहा गया है कि ऑपरेटर वर्ष 2017 से पंजीकरण, आधार व जॉब कार्ड सीडिंग, बैंक सत्यापन, किस्तों व जियो-टैग सत्यापन जैसे कार्य कर रहे हैं। मनरेगा, आजीविका मिशन,समाज कल्याण व निर्वाचन कार्यों में भी सहयोग लिया जाता है।एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश में 6 माह से 30 माह तक का मानदेय बकाया है। इससे परिवारों के सामने आर्थिक संकट है।मांगों में बकाया मानदेय का एकमुश्त भुगतान,आउटसोर्स निगम में समायोजन या सम्मानजनक वेतनमान,नियमित भुगतान व आयुष्मान भारत का लाभ शामिल है।एसोसिएशन ने 29 नवंबर से कार्य बहिष्कार व मांगें न मानी जाने पर 6 दिसंबर से धरने की चेतावनी दी है।

मां पाटेश्वरी के दरबार में मुख्यमंत्री ने टेका माथा



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने मां की आरती उतारी और विधिवत पूजा-अर्चना कर शीश नवाया। इसके बाद मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं स्वच्छता को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोंडा में युवाओं को लैपटॉप वितरित करने के बाद बलरामपुर पहुंचे थे। यहां देवीपाटन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के दौरान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने उनका अभिवादन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गोशाला भी पहुंचे। यहां उन्होंने गायों को गुड़ और हरा चारा खिलाकर उनकी सेवा की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद बच्चे उनसे मिलने पहुंचे तो मुख्यमंत्री ने स्नेहपूर्वक उनसे बातचीत की और चॉकलेट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और संतों से भी मुलाकात की। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री वाराणसी के लिए रवाना हो गए। इस दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, गोरखपुर कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास और अयोध्या हनुमानगढ़ी के राजू दास सहित अन्य संत उपस्थित रहे।

ट्रक-कार की भिड़ंत में दो की मौत, दो घायल

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चकवा के पास शनिवार सुबह ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, बलरामपुर से बहराइच की ओर जा रहे ट्रक संख्या यूपी 21 सीटी 9835 की बहराइच से बलरामपुर आ रही नेक्सॉन कार संख्या बीआर 06 ईपी 3367 से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य करते हुए सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने अखिलेश कुमार (40) पुत्र बृजकिशोर ठाकुर और उनकी मां पूनम देवी (60) पत्नी बृजकिशोर ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। दोनों बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के निवासी थे। हादसे में अखिलेश की सात वर्षीय पुत्री निष्ठा और 14 वर्षीय पुत्र दिव्यांश घायल हो गए। दोनों का जिला मेमोरियल अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

जिलाधिकारी ने विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों का लिया जायजा

- युवक युवतियों को आनलाइन सेवाएं प्राप्त करने के लिए किया जागरूक
- 29 नवम्बर को चतुर्थ विशेष अभियान तिथि का लाभ उठाने की जनपदवासियो से की अपील

समृद्धि न्यूज़





बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत तृतीय विशेष अभियान तिथि के दौरान संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच एवं पयागपुर में स्थापित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों एवं बूथ लेबिल अधिकारियों (बीएलओ) से निर्वाचन कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बहराइच स्थित बूथ संख्या 30 से 35, मसूद गाजी गर्ल्स इण्टर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 01 से 16, विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर स्थित बूथ संख्या 361 से 363 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चाकूजोत स्थित बूथ संख्या 410 एवं 411 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम शामिल करने, नामों में संशोधन तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं तथा प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बूथों पर लगाये गए मतदाता पुनरीक्षण कैम्प



समृद्धि न्यूज़

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बूथों पर विधानसभा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए कैंप लगाए गए।यहां बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां,आशा बहुएं और अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने चौखंडी,बदोसराय और मरकामऊ मेलारायगंज समेत एक दर्जन से अधिक बूथों पर पहुंचकर काम की जानकारी ली। उन्होने बीएलओ और उनके साथ काम कर रहे कर्मचारियों से कहाकि 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वालों से नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म भरवाएं और उन्हें ऑनलाइन दर्ज करें।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने भारतीपुर और पंजरौली,परसा समेत करीब आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों से घर-घर जाकर 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वालों के फॉर्म लेकर बीएलओ को देने के लिए कहा।राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता भी बूथों पर पहुंचे।ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सैदनपुर, सिरौलीगौसपुर और दरिगापुर समेत एक दर्जन बूथों का दौरा किया।उन्होने बीएलओ से फॉर्म 6, 7 और 8 की जानकारी ली।साथ ही लोगों से कहाकि मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर समय से फॉर्म भरकर नाम जुड़वाएं।भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बूथों का दौरा किया।

कच्ची दीवार गिरने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत, परिवार में पसरा मातम

समृद्धि न्यूज़



पयागपुर, बहराइच । पयागपुर ग्राम पंचायत सोहरियावा के मजरा तुलसीरामपुरवा में कच्ची दीवार भरभराकर गिरने से 11 वर्षीय एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। बच्चों की मां के द्वारा बताया गया कि करीब 2 बजे तुलसीरामपुरवा निवासी ओमप्रकाश के कच्चे घर की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर ओमप्रकाश के 11 वर्षीय पुत्र आकाश शुक्ला की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिवार व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर मलबे से बच्चे को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बाद में परिजनों व ग्रामीणों ने शव को दफना दिया। बताया जाता है कि परिवार पहले ही दो बच्चों को खो चुका है। पूर्व में दो साल व चार साल के दो बच्चों की बीमारी के चलते मौत हो चुकी थी। ऐसे में परिवार के एक और बच्चे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भाजपा ने घोषित की जिला सोशल मीडिया टीम

- जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने बूथों पर पहुंचकर की मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा

समृद्धि न्यूज़





बहराइच । भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के अंतर्गत बहराइच जिला इकाई ने अपनी सांगठनिक गतिविधियों को तेज कर दिया है। एक ओर जहां जिला सोशल मीडिया टीम की आधिकारिक घोषणा की गई है, वहीं दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथों) का दौरा कर मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने और वोट बढ़ाने के कार्य का जायजा लिया। जिला सोशल मीडिया टीम का गठन जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, कुन्दन लोधी को जिला सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही चार जिला सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें जतिन गुप्ता, रामवचन सोनी, विक्रमादित्य सिंह और राहुल जायसवाल शामिल हैं। टीम में 10 सदस्यों को भी स्थान दिया गया है, जिनमें अमरीश साहू, सूरज केवट, आशीष कुमार गुप्ता, सूरज बाल्मीकि, नितिन मलिक, कुलदीप सिंह, सुमित गुप्ता, दीपेन्द्र पाठक, अमर श्रीवास्तव और नीरज कुमार मिश्रा शामिल हैं। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, यह टीम संगठन की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को डिजिटल माध्यमों से आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के विशेष अभियान दिवस पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

- मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने एवं त्रुटियों के निराकरण के दिए निर्देश
- 29 नवम्बर को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर प्रातः 10 से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित होंगे विशेष कैम्प

समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत आज जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र 266-कुर्सी के सर्वोदय इंटर कॉलेज, विशुनपुर एवं प्राथमिक विद्यालय कुतलुपुर में स्थापित विभिन्न मतदेय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, प्राप्त आवेदनों एवं दावे-आपत्तियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बीएलओ निर्धारित समयावधि में अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज न करा सके पात्र व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त करें।

सामूहिक विवाह में 191 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार को माया होटल में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय क्षेत्र के कुल 191 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। इनमें 168 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया, जबकि 23 जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह कराया गया। समारोह में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। विवाह समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। सभी जोड़ों को वैवाहिक उपहार सामग्री एवं विवाह प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विकासखंडवार आयोजित विवाह समारोह में पचपेड़वा के 47, हरैया के 45, रेहरा बाजार के 36, गैसड़ी के 27, श्रीदत्तगंज के 17 और उतरौला के 13 जोड़े शामिल रहे। इसके अलावा नगर पालिका क्षेत्र के छह जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। प्रदेश सरकार की इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक कराया जाता है। प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में सीधे भेजे जाते हैं, 21 हजार रुपये की गृहस्थी एवं वैवाहिक उपहार सामग्री दी जाती है तथा 15 हजार रुपये समारोह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह के आर्थिक बोझ से राहत दिलाने के साथ सामाजिक समरसता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। सभी वर्गों एवं समुदायों के पात्र परिवारों को उनकी धार्मिक और सामाजिक परंपराओं के अनुसार विवाह की सुविधा दी जाती है। इच्छुक पात्र परिवार योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। समारोह में जिला समाज कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

विशेष लोक अदालत (मोटर वाहन अधिनियम) का सफल आयोजन, 199 चालानों का हुआ निस्तारण

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मंशानुरूप के अनुपालन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव की निर्देशानुसार जनपद न्यायालय परिसर, बाराबंकी में विशेष लोक अदालत (मोटर वाहन अधिनियम) का आयोजन किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत के अंतर्गत जनपद न्यायालय के समस्त मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित लंबित चालानों के निस्तारण हेतु विशेष रूप से कार्यवाही की गई। इस दौरान चालानों का निस्तारण ऑनलाइन माध्यम से पेमेंट सेतु ऐप के जरिए किया गया। विशेष लोक अदालत में विभिन्न मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा कुल 199 चालानों का निस्तारण करते हुए प्रतिकर/शमन शुल्क के रूप में कुल 1,47,950/- (एक लाख सैंतालीस हजार नौ सौ पचास रुपये मात्र) की धनराशि वसूल की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के पराविधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) द्वारा ई-सेवा केंद्र पर आने वाले वादकारियों एवं आमजन को उनके लंबित चालानों की जानकारी उपलब्ध कराने, ऑनलाइन चालान चेक करने तथा संबंधित न्यायालय तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान किया गया। इससे वादकारियों को अपने चालानों के निस्तारण की प्रक्रिया में काफी सुविधा प्राप्त हुई। इस प्रकार विशेष लोक अदालत के माध्यम से मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित लंबित चालानों का त्वरित एवं सुलभ निस्तारण सुनिश्चित किया गया तथा आमजन को ऑनलाइन माध्यम से अपने चालानों का निस्तारण कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

डिजी शक्ति योजना के तहत 356 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट, डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

- विधायक पल्टूराम ने किया वितरण, कुलपति ने कहा- तकनीक का उपयोग करें, तकनीक को खुद पर हावी न होने दें

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की डिजी शक्ति योजना के तहत टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 356 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के साथ उच्च शिक्षा में तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय की वित्त समिति के सदस्य सर्वेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने की। मुख्य अतिथि विधायक पल्टूराम ने कहा कि शिक्षा से जीवन की सभी बाधाएं दूर करने का रास्ता खुलता है। मनुष्य केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी जीता है। सकारात्मक सोच और ऊर्जा से विकास के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटल शिक्षा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से टैबलेट का सदुपयोग कर अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सर्वेश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करना चाहिए। टैबलेट को केवल मनोरंजन का साधन बनाने के बजाय पढ़ाई और ज्ञान अर्जित करने में इसका उपयोग करें।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूती, 8,922 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़,पारदर्शी और जनसुविधा केंद्रित बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रदेश में उचित दर की दुकानों को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से शुरू की गई अन्नपूर्णा भवन योजना ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक के लिए तैयार आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में अब तक 8,922 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 2,377 भवन निर्माणाधीन हैं। अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से शुरू किया गया था। निर्धारित डिजाइन के अनुसार प्रत्येक भवन का कुल क्षेत्रफल 484 वर्गफुट रखा गया है। इसमें दो बड़े कक्ष और सामने बरामदे की व्यवस्था है। प्रति भवन निर्माण की निर्धारित लागत 8.462 लाख रुपये है। योजना को विस्तार देने के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार विभागीय बजट से 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी। 71 जनपदों से प्राप्त कार्ययोजनाओं के आधार पर 2,559 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के लिए धनराशि आवंटित की गई। सरकार ने इस पहल को और गति देते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभागीय बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया है। यह बजटीय विस्तार प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3,808 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2024-25 में 3,502 भवन पूर्ण हुए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,612 भवनों का निर्माण पूरा किया गया। 8,922 भवन पूर्ण हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त 2,377 भवनों का निर्माण अलग-अलग चरणों में जारी है।

गोमती नगर बैडमिंटन अकादमी में एक दिसंबर से सजेगा 'यू.पी. कोऑपरेटिव एक्सपो' : जे.पी.एस. राठौर

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सहकारिता विभाग की ओर से राजधानी के गोमती नगर स्थित बैडमिंटन अकादमी में 1 से 10 दिसंबर तक दस दिवसीय भव्य 'यू.पी. कोऑपरेटिव एक्सपो-2026' का आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने शनिवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में इस आयोजन की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि यह मेला रोजाना सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य सुदूर गांवों के किसानों, उत्पादकों और शिल्पकारों को शहरी ग्राहकों से सीधे जोड़कर एक मजबूत बाजार उपलब्ध कराना है। इस राज्यस्तरीय साझा मंच से प्रदेश की सहकारी संस्थाओं को अपने नवाचार, उत्पाद और उपलब्धियां दिखाने का मौका मिलेगा, जिससे आपसी संवाद, व्यावसायिक सहयोग, ग्रामीण उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ ही पारंपरिक लोक कलाओं व हस्तशिल्प को नई पहचान मिलेगी।

आयोजन के आकर्षणों पर जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री ने बताया कि एक्सपो में इफको और नैफेड के साथ-साथ डेयरी, उर्वरक, खादी एवं ग्रामोद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, माटीकला और मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रमुख सहकारी संस्थाएं हिस्सेदारी करेंगी। यहां किसानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों, कारीगरों, महिला स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्यमियों को अपने उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने का अवसर मिलेगा। एक्सपो में 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) और 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) के स्टॉल खास आकर्षण होंगे, जिससे स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग व बिक्री को रफ्तार मिलेगी, साथ ही सहकारिता आंदोलन और सरकारी योजनाओं से जुड़ा 'सहकारी साहित्य' भी पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार स्थानीय व्यवसायों और सहकारिता को मजबूत कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने तथा देसी उत्पादों को देश-दुनिया में पहचान दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। एक्सपो में आने वाले नागरिकों को प्रदेश भर के पारंपरिक शिल्प और व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ ही उत्पादकों से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा, वहीं हर शाम 6 बजे से कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट पर सरकार सख्त, हेरफेर पर अस्पताल पर गिरेगी गाज

- जांच रिपोर्ट पर पैथोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर और पंजीकरण नंबर अनिवार्य
- फर्जी रिपोर्ट अपलोड करने वाले अस्पतालों की खत्म हो सकती है मान्यता

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। योगी सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही, फर्जीवाड़े और अनियमितता को रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निजी पैथोलॉजी लैब और कुछ चिकित्सकों की कथित साठगांठ से जांच रिपोर्टों में हेरफेर करने तथा मरीजों को अनावश्यक जांचों के लिए भेजने की शिकायतों पर शिकंजा कस दिया गया है। योगी सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पतालों के लिए पैथोलॉजी जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य कर दिया है। अब किसी भी जांच रिपोर्ट को योग्य और रजिस्टर्ड पैथोलॉजिस्ट के सत्यापन और हस्ताक्षर के बिना मान्य नहीं किया जाएगा। वहीं, मशीन से तैयार जांच रिपोर्ट में मैनुअल बदलाव करने और फर्जी रिपोर्ट अपलोड करने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और मरीजों के हितों के अनुरूप बनाने पर जोर दे रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की ओर से 10 नवंबर को जारी दिशा-निर्देशों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सभी सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए लागू किया गया है।

बिना लाइसेंस श्वान पालन पर वसूला 35 हजार रुपये जुर्माना

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। शहर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस संबंधी नियमों को लेकर नगर निगम लखनऊ अब सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह नगर निगम द्वारा जोन-2 राजाजीपुरम, जोन 4 विभूति खंड, विपुल खंड तथा जोन 5 कृष्णनागर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों पालतू कुत्तों के लाइसेंस की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण की टीम द्वारा सुबह 6.30 बजे प्रारंभ किया गया। अभियान में प्रवर्तन दल, डॉग कैचिंग स्क्वाड एवं निगम कर्मी राजेश उपाध्याय, शिवेक, फुरकान, रामकुमार आदि उपस्थित रहे। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस श्वान पालने के मामले सामने आने पर 7 व्यक्तियों से कुल 35000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जुर्माना जमा करने के साथ ही मौके पर ही 7 लाइसेंस भी जारी किए गए। कुल मिलाकर 42000 रुपये नगर निगम कोष में जमा किए गए। कई लोग ऐसे मिले जिनका लाइसेंस तथा वैक्सीनेशन पूर्ण था। लोग जुर्माने से बचने के लिए आपने पालतू श्वान को लेकर घर मे छिपते दिखे। नगर निगम आंकड़ों के अनुसार लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में लगभग 10,000 पालतू कुत्ते पंजीकृत या अपंजीकृत अवस्था में रह रहे हैं। अभी मात्र 3400 लाइसेंस ही बने हैं,नगर निगम का यह अभियान इस संख्या को नियंत्रित करने एवं सार्वजनिक सुरक्षा व स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। कुत्ते का लाइसेंस केवल रैबीज टीकाकरण प्रमाण पत्र और पालतू पशु अनुज्ञप्ति, नियंत्रण तथा विनिमयन उपविधि 2025 के पालन संबंधी शपथ पत्र के आधार पर जारी किया जाता है। लाइसेंस ऑनलाइन नगर निगम की वेबसाइट सउब.नच.दपब.पद पर बनाया जा सकता है या पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय, लालबाग में भी आवेदन किया जा सकता है। सहायता हेतु संपर्क जयंत सिंह 9511156792, अफसर अली 9721095021 मोबाईल नम्बर जारी किए गए है। 'नागरिकों की सुविधा के लिये कार्यालय के अलावा डॉग एंड पप्स नीलकंठ स्वीट शॉप के पास विवेक खंड गोमती नगर मोबाइल नंबर 8799 255500, राजकीय पशु चिकित्सालय शंकर चौराहा ग्वारी गांव गोमती नगर मोबाइल नंबर 8707806856, नियर मानसरोवर बैंक ए ब्लॉक इंदिरा नगर मोबाइल नंबर 9415 008457, बीबी सिंह मेमोरियल विकास पेट केयर ब्लॉक सी इंदिरा नगर मोबाइल नंबर 7071842141, पेट केयर ए ब्लॉक लेखराज मार्केट इंदिरा नगर मोबाइल नंबर 9839072095, राजकीय पशु चिकित्सालय सदर लखनऊ मोबाइल नंबर 9415521928, डॉ हस पेट क्लिनिक ओम प्लाजा सेक्टर 9 रीदा नर्सिंग होम विकास नगर मोबाइल नंबर 79055 09722, रॉयल पेट क्लिनिक एल 34,35 उदय उदय टॉवर विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ 93698 80514, पेट मेडिकल हॉस्पिटल बारी गढ़ एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड ऑपोजिट लोक बंधु हॉस्पिटल मोबाइल नंबर 8318848285, शुक्ला वेटरिनरी क्लिनिक बी 31 सेक्टर एल एलडीए कॉलोनी मोबाइल नंबर 8787239505 निम्न क्लिनिकध् पशु चिकित्सालयों पर भी लाइसेंस बनवाये जा सकते हैं।

परिसीमन बिल को मायावती का समर्थन,बोलीं-महिला आरक्षण में एससी-एसटी महिलाओं को मिले अलग कोटा

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33ः आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने मांग की है कि इस आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से सदियों से शोषित और उपेक्षित महिलाओं को राजनीति में आगे बढने का उचित अवसर मिलेगा। मायावती ने कहा कि बसपा शुरू से ही महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की पक्षधर रही है। पार्टी लगातार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33ः आरक्षण देने की मांग करती रही है। इसलिए केंद्र सरकार के ताजा फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि यह फैसला और बेहतर होता, अगर इसमें एससी-एसटी समाज की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण की व्यवस्था भी की जाती। इससे उन्हें संकीर्ण जातिवादी सोच, धनबल और बाहुबल से प्रभावित चुनावी राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका मिलता। मायावती ने केंद्र सरकार से इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की। मायावती ने लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में मौजूदा सीटों की संख्या में 50ः वृद्धि से जुड़े तीन विधेयकों और परिसीमन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीटों की सीमा तय करने में गड़बड़ी कर राजनीतिक और चुनावी स्वार्थ साधने के आरोप नए नहीं हैं।

होमगार्ड अभ्यर्थियों का 55वें दिन भी जारी रहा धरना



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों का धरना शनिवार को 55वें दिन भी जारी रहा। एक अभ्यर्थी पिछले 17 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठा है। शनिवार को उसकी तबीयत बिगड़ गई। वहीं, प्रदर्शन में शामिल संतकबीरनगर के एक अभ्यर्थी ने पिछले दिनों सुसाइड कर लिया था। अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा की वेटिंग लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार को जल्द वेटिंग लिस्ट जारी करनी चाहिए। इसी मांग को लेकर वे पिछले 55 दिनों से धरने पर बैठे हैं। वहीं, महिला प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बैड टच का आरोप लगाया। अभ्यर्थियों ने कहा कि अंतिम चयन से बाहर हुए उम्मीदवारों को मौका मिलना चाहिए अभी 41,424 पद खाली है जिसे भरना बेहद जरूरी है। प्रदर्शनकरियों का दावा है कि होमगार्ड, यूपी पुलिस और यूपीएसएसएससी की भर्तियां एक ही समय पर चल रही हैं। कई उम्मीदवार एक से ज्यादा भर्तियों में शामिल हो सकते हैं। चयनितों के दूसरी भर्तियों में जाने से होमगार्ड के 15 से 20 हजार पद खाली रह सकते हैं। आदर्श नाम का अभ्यर्थी आमरण अनशन पर बैठा है। आदर्श ने बताया- 17 दिन से आमरण पर बैठा हूं। भोजन पूरी तरह से त्याग दिया है। शरीर कमजोर पड़ता जा रहा है, बोलने पर जोर नहीं लग रहा है। खड़े होने पर या बैठने पर चक्कर आने लगता है। परिवार से कह दिया है कि जब तक नियुक्ति नहीं मिलेगी, वापस नहीं लौटूंगा। मेरी अंतिम सांस तक लड़ाई चलेगी। पिताजी नहीं हैं। घर में माता अकेली हैं। बार-बार फोन करके चिंता जताती हैं, मगर बेरोजगारी से बेहतर मेरा आमरण अनशन है।

कोटेदारों का शोषण करने वाले अफसर नहीं बख्शे जाएंगे : मनोज पांडेय

- लाभांश वृद्धि के लिए कोटेदार संगठन ने खाद्य एवं रसद मंत्री का किया भव्य अभिनंदन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को रवींद्रालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने उचित दर विक्रेताओं के हितों और सम्मान की रक्षा का स्पष्ट संदेश दिया।

उन्होंने दो टूक चेतावनी दी कि कोटेदारों का शोषण करने, भ्रष्टाचार के जरिए उन्हें परेशान करने, अनुचित दबाव बनाने या अवैध वसूली करने वाले किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कोटेदारों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की हिदायत देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि सरकार कोटेदारों के जायज अधिकारों और स्वाभिमान की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही मंत्री ने कोटेदारों से भी अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी व संवेदनशीलता से निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस तरह सरकार उनके सम्मान की चिंता करती है, उसी तरह वे भी राशन लेने आने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवारों के साथ शालीनता से पेश आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी लाभार्थी को राशन लेते समय अपमान या परेशानी का सामना न करना पड़े और प्रदेश के करीब 16 करोड़ लाभार्थियों को तय मात्रा में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न पूरी पारदर्शिता के साथ मिले, क्योंकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली गरीबों के हक से जुड़ी है और इसमें कोई भी गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। समारोह के दौरान हाल ही में उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में की गई बढ़ोतरी को लेकर कोटेदार संगठनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने भावुक होते हुए कहा कि लाभांश बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी और सरकार के इस सकारात्मक फैसले से न केवल हजारों कोटेदारों को बड़ी आर्थिक राहत मिली है, बल्कि उनके परिश्रम को सम्मान मिलने से सामाजिक प्रतिष्ठा व आत्मबल भी बढ़ा है। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी और पदाधिकारियों ने मंत्री मनोज कुमार पांडेय को बड़ी माला पहनाकर तथा गदा भेंट कर उनका भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। राजेश तिवारी ने कहा कि यह निर्णय कोटेदारों के हित में मील का पत्थर साबित होगा और संगठन को उम्मीद है कि भविष्य में भी उनकी समस्याओं का इसी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण होता रहेगा।

महिला आरक्षण पर राजनीति नहीं, सभी दल राष्ट्रहित में दें सहयोग : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय, सात-कालिदास मार्ग पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति को सम्मान, अधिकार और निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी दिलाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि आधी आबादी को नीति निर्माण और राष्ट्र निर्माण में बराबरी का अवसर देने का संकल्प है। मौर्य ने कहा कि वर्ष 2023 में संसद से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होना बड़ी उपलब्धि है, जिसमें लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय किया गया है। प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें 543 से बढ़कर लगभग 816, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटें 80 से 120 और विधानसभा सीटें 403 से बढ़कर करीब 605 हो सकती हैं। सीटों में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी से महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलने के साथ ही जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे गांवों, कस्बों, गरीबों, किसानों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं की आवाज अधिक मजबूती से उठाई जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास और जल जीवन मिशन के जरिए महिलाओं को विकास का भागीदार बनाया, जबकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला योजना और स्वयं सहायता समूहों से महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत से संसद तक महिलाओं की भागीदारी से नीति निर्माण को नई दिशा मिलेगी। मौर्य ने विपक्ष से अपील की कि महिला आरक्षण और परिसीमन प्रस्तावों पर राजनीति न करें, बल्कि राष्ट्रहित में समर्थन दें ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव से इसे लागू किया जा सके।

लेफ्टिनेंट जनरल सीजी मुरलीधरन नें एएमसी सेंटर का किया दौरा

लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल सीजी मुरलीधरन, एवीएसएम, डायरेक्टर जनरल मेडिकल सर्विसेज (आर्मी) और कर्नल कमांडेंट ने 27 से 28 नवंबर 2026 तक लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज का दौरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल सीजी मुरलीधरन ने सबसे पहले आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) के उन बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। एक औपचारिक समारोह के दौरान, उन्होंने एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के युद्ध स्मारक श्रद्धांजलि पर पुष्प चक्र अर्पित किया। इस अवसर पर उनके साथ एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं एएमसी अभिलेख प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जे देबनाथ भी मौजूद थे। एएमसी के ओटीसी परेड ग्राउंड पर, एएमसी के कर्नल कमांडेंट के रूप में जनरल ऑफिसर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

नगर आयुक्त ने रैन बसेरों की तैयारियों का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को सुरक्षित आश्रय और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहर के विभिन्न रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने लक्ष्मण मेला मैदान, जियामऊ और एल्डिको स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने लक्ष्मण मेला मैदान स्थित रैन बसेरे में किए गए सुधार कार्यों का जायजा लिया। यहां दो नए कमरों का निर्माण कराया गया है, जिससे अधिक लोगों को ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने शेष कार्यों को आगामी तीन दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए। जियामऊ स्थित रैन बसेरे के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंटिंग, शीशा लगाने सहित अन्य शेष कार्यों को एक सप्ताह में पूरा कराने को कहा। जोन-4 स्थित एल्डिको रैन बसेरे का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने वहां चल रहे पुताई एवं अन्य कार्यों की प्रगति देखी। जी प्लस थ्री भवन वाले इस रैन बसेरे में 120 लोगों के ठहरने की क्षमता है। उन्होंने सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जोन-4 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन एनिमल केयर हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया।

स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बन रहे लाभार्थी-सचान

- खादी महोत्सव, लाभार्थियों को मिलीं निःशुल्क मशीनें और किट
- खेती-किसानी छोड़ दोना-पत्तल का कारोबार शुरू करेंगे मोहित, अंजलि का पूरा होगा अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। सरकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आजीविका का मजबूत माध्यम बन रही हैं। इसका उदाहरण गोमती नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुए 10 दिवसीय राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश खादी महोत्सव-2026 में देखने को मिला। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की निःशुल्क टूल किट वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को दोना-पत्तल मेकिंग मशीन समेत अन्य किट वितरित की गईं। स्वरोजगार के लिए मशीनें और किट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। लखनऊ के माल निवासी मोहित को दोना पत्तल की किट मिली है। उन्होंने बताया कि वह अभी तक खेती-किसानी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। एक महिला अधिकारी से उन्हें निःशुल्क टूल किट योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने आवेदन किया। ग्रेजुएशन तक पढ़ाई कर चुके मोहित अब दोना-पत्तल बनाने की मशीन से अपना कारोबार शुरू करेंगे और उसे आगे बढ़ाएंगे। बीकेटी निवासी अंजलि गौतम को भी दोना पत्तल की मशीन मिली है। अंजलि गौतम ने कहा कि वह शुरू से ही अपना व्यवसाय करना चाहती थीं, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उनका सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। अब सरकारी योजना के तहत दोना-पत्तल बनाने की मशीन मिलने से उन्हें अपना कारोबार शुरू करने का अवसर मिल गया है। नगराम निवासी गुलशन कुमार को पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन मिली है। उन्होंने बताया कि अभी तक वह दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। आर्थिक तंगी के कारण हाईस्कूल तक ही पढ़ाई कर सके। अब मशीन मिलने से वह अपना काम शुरू करेंगे और इससे होने वाली आमदनी से परिवार चलाने के साथ अपनी दोनों बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाएंगे। बीकेटी निवासी लक्ष्मी को भी पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन मिली है। उन्होंने कहा कि अब मजदूरी के बजाय अपना कारोबार शुरू कर सकेंगी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में पति का सहयोग करेंगी।गोसाईंगंज निवासी शुभम और प्रिंस को मधुमक्खी पालन के लिए हनी बॉक्स टूल किट का प्रमाणपत्र मिला है।

सामाजिक न्याय और शिक्षा का संघर्ष ही ज्योतिबा फुले को सच्ची नमन

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन सामाजिक बराबरी, सम्मान और वंचितों के अधिकारों के संघर्ष को समर्पित रहा। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि फुले ने उस दौर में जातिगत ऊंच-नीच, छुआछूत और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई, जब दलितों व पिछड़ों को शिक्षा और समान अवसरों से वंचित रखा जाता था। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक मुक्ति का सबसे बड़ा माध्यम माना और सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने जोर दिया कि फुले के विचारों को केवल याद करने के बजाय सामाजिक व राजनीतिक जीवन में लागू कर वंचितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों को शिक्षा, रोजगार व प्रतिनिधित्व में उचित हिस्सेदारी दी जाए। आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि जातिगत भेदभाव खत्म करना, शिक्षा में समान अवसर देना और सत्ता व संसाधनों में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना ही महात्मा फुले के सपनों के भारत की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि नारों से आगे बढ़कर प्रभावी नीतियों और संवैधानिक अधिकारों के वास्तविक अमल से ही असमानता की चुनौतियों का हल निकलेगा, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सम्मान मिल सके। दोनों नेताओं ने कहा कि संविधान के न्याय और समानता के संकल्प को पूरा करते हुए फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

भावलखेड़ा मतदेय स्थलों का निरीक्षण, मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।

29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस, युवाओं एवं महिलाओं के मतदाता पंजीकरण पर रहेगा विशेष जोर



डीऐम जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय गुर्री, विनोबा सेवा आश्रम इंटर कॉलेज बनतारा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरही स्थित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित बीएलओ से फार्म 6 के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए।

उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची पढ़कर सुनाने, घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र नागरिकों से फार्म भरवाने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी फार्मों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कराने तथा मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम, खराब फोटो एवं अन्य त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए दुरुस्त करने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल किया जाए तथा वर्तमान मतदाता अपनी प्रविष्टियों की जांच कर आ

वश्यक संशोधन कराएं। 29 नवंबर आज रविवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। विशेष अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे।उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने की स्थिति में फार्म-6 भरकर नाम शामिल कराया जा सकता है। मतदाता सूची में पहले से दर्ज नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन एवं निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भरा जाएगा, जबकि अपात्र अथवा मृतक मतदाता का नाम सूची से हटाने के लिए फार्म-7 के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। डीएम ने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ग्राम गुर्री में जल जीवन मिशन के अंतर्गत डाली गई पाइपलाइन के रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

विशेष अभियान दिवस पर तहसील पहुंचीं ठाकुर अपूर्वा सिंह

जलालाबाद, शाहजहांपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 28 एवं 29 नवंबर को मतदाता सूची के विशेष अभियान दिवस संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 132 विधानसभा जलालाबाद के सभी बूथों पर बीएलओ की उपस्थिति में मतदाता सूची से संबंधित कार्य किया जा रहा है।



विशेष अभियान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की 132 विधानसभा जलालाबाद की संभावित प्रत्याशी ठाकुर अपूर्वा सिंह तहसील परिषद पहुंचीं। उन्होंने मौके पर मौजूद बूथ संचालकों एवं संबंधित कर्मचारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अभियान में सहयोग किया और सभी से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

इस दौरान ठाकुर अपूर्वा सिंह ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। सभी लोग अपने मतदेय स्थल पर पहुंचकर अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम आलेख्य मतदाता सूची में अवश्य जांच लें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पात्र नागरिक फॉर्म-6 भरकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं, जबकि नाम, पता अथवा अन्य विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है।

खबरें एक नजर में

पत्रकार पुष्पेन्द्र भदौरिया के पिता का निधन



मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कुरिया निवासी पत्रकार पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया के पिता पूर्व सैनिक शिवपाल सिंह भदौरिया का बीती सांय फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लगभग 86 वर्ष के थे। आज शनिवार को सैकड़ों नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार ढाईघाट गंगातट पर किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया ने दी। पत्रकार पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्हें सांस लेने में कुछ दिक्कत महसूस हुई। तत्काल उन्हें फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें सघन चिकित्सा प्रणाली में रखकर स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास किया। किंतु डॉक्टरों के अथक प्रयास के बाद भी सांय लगभग साढ़े सात बजे उनकी सांसे थम गई। शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे उनका ढाईघाट गंगातट पर अंतिम संस्कार किया गया। गंगातट पर उन्हें अंतिम विदाई देने वालों में डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार पंकज, एडवोकेट धीरेन्द्र सिंह सोमवंशी,पत्रकार शिवशंकर दीक्षित, दिनेश मिश्रा, आरसी गुप्ता, हरदेव झा, सोनू शर्मा, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह परमार, दिनेशपाल सिंह, वीरप्रताप सिंह, शैलेन्द्र पाण्डेय आदि प्रमुख थे।

सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ भव्य बालमेला

परशुरामपुरी-शाहजहांपुर। नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भव्य



बालमेले का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। मेले के दौरान विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और अतिथियों ने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के अध्यक्ष परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय, मुख्य अतिथि समाजसेवी विनय शर्मा, विभाग कार्यवाह अनिल सिंह, अमन मिश्रा, रोहित, अनिल भारद्वाज, सर्वेश दीक्षित, वीरेंद्र मिश्र एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन करके किया। इसके बाद महंत सत्यदेव पांडेय और मुख्य अतिथि विनय शर्मा ने फीता काटकर बालमेले का विधिवत उद्घाटन किया। इससे पूर्व विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का पटका पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल अग्निहोत्री ने किया। बालमेले को सफल एवं आकर्षक बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्यों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

मुख्यमंत्री से की दाखिल खारिज निरस्त करने की शिकायत

कुर्रिया कला, शाहजहांपुर। पल्हौरा गांव निवासी धनदेवी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई।पत्र में चकबंदी विभाग द्वारा दाखिल खारिज निरस्त किये जाने की जांच कराये जाने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि गांव के रकबा में गाटा संख्या 76 एवं खाता संख्या 409 की भूमि का दाखिल खारिज न्यायिक समझौते एवं अभिलेखों के आधार पर हुआ था।इसके बावजूद बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी (एसओसी) के आदेश द्वारा सितंबर माह में दाखिल खारिज निरस्त कर दिया गया। उनके द्वारा मामले को विवादित बताकर चकबंदी संबंधित धारा 17 (3) का जिक्र करते हुए निरस्त किया गया। जिस बैंक ऋण प्रकरण की वजह से दाखिल खारिज निरस्त किया गया वह 2017 का है जबकि उसकी विरासत 2020 में हुई है।पीड़िता का कहना है कि बिना विरासत हुए खतौनी में नाम दर्ज हो गया और बैंक द्वारा फसली ऋण भी दे दिया गया।ये जांच का विषय है इसकी निष्पक्षीय जांच की मांग मुख्यमंत्री पोर्टल पर मुख्यमंत्री एवं पत्र भेजकर जिलाधिकारी से भी की।

शाहजहांपुर में चार सीओ का कार्यक्षेत्र बदला

शाहजहांपुर। जिले में पुलिस क्षेत्राधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक को सिटी सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। सीओ परशुरामपुरी दीपक सिंह को पुवायां सर्किल भेजा गया है। वहीं नवागत सीओ अनुज मिश्रा को परशुरामपुरी सर्किल का प्रभार सौंपा गया है। सीओ सिटी देवव्रत बाजपेयी को पुलिस लाइन व अन्य चार्ज दिया गया है।

पेंशनर्स ने उठाईं 10 मांगें, वैलिडेशन एक्ट वापस लेने की मांग

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।



वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की मासिक बैठक शनिवार को कोषागार स्थित पेंशनर्स कक्ष में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम पाल सिंह ने की, संचालन जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने किया।

बैठक में पेंशनर्स ने वैलिडेशन एक्ट 2025 तत्काल वापस लेने, पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग में शामिल करने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रक्रिया सरल करने, कोरोना काल की रुकी महंगाई राहत बहाल करने की मांग की। इसके अलावा राशिकरण की कटौती 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष करने, 65, 70 व 75 वर्ष पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि, रेल-बस-हवाई यात्रा में छूट, अस्पतालों व बैंकों में पृथक काउंटर, मोहल्लों में दवाई छिड़काव, प्राधिकार पत्र सीधे पेंशनर्स को भेजने और गन्ना शोध परिषद के पेंशनर्स को पूर्ण पेंशन व समय से महंगाई भत्ता देने की मांग उठी। बैठक में योग से जुड़ने की अपील भी की गई।

इस दौरान रवि शर्मा, हर प्रसाद पांडेय, राजेश चंद्र शुक्ला, जगत राम वर्मा, दफेदार सिंह, गजेन्द्र प्रसाद, चन्द्र शेखर दीक्षित, बृजरानी पाण्डेय, सूर्यकांत शुक्ला, रामेंद्र मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

खेत की कोठरी से बैटरी और झटका मशीन चोरी

खुटार, शाहजहांपुर। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने इटौआ गांव निवासी मुरारी लाल वर्मा के खेत में बनी मोटर की कोठरी को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये का सामान पार कर दिया।बताया गया कि चोर कोठरी की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद वहां रखी बैटरी, झटका मशीन और पाइप समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह किसान खेत पर पहुंचा तो कोठरी की टूटी खिड़की और गायब सामान देखकर घटना की जानकारी हुई। खेतों पर होने वाली चोरी की घटनाओं को देखते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग उठ रही है। किसानों का कहना है कि खेतों पर रखे उपकरणों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। चोरी की इस घटना से पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं।

चावल व्यापारी से 17.15 लाख रुपये की ठगी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज, भुगतान का भरोसा देकर सैकड़ों कुंतल चावल व गेहूं मंगाया, रकम न मिलने पर पीड़ित ने ली न्यायालय की शरण

चावल व्यापारी से लाखों रुपये का अनाज मंगाकर भुगतान न करने और रकम हड़पने के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे स्थित गांव जमुका में विशाल फूड्स प्रोडक्ट्स के प्रोपराइटर योगेश चंद्र गुप्ता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मथुरा के कोसीकलां स्थित गंगवान मोहल्ले के गोवर्धन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर मयंक तथा मंडी स्थित नंदलाल दीपचंद कृषि उद्योग के प्रोपराइटर रजनीश आपस में पिता-पुत्र हैं। दोनों उनके साथ व्यापारिक संबंध रखते थे और उनसे चावल व गेहूं की खरीद करते थे। आरोप है कि शीघ्र भुगतान का भरोसा दिलाकर आरोपियों ने उनसे सैकड़ों कुंतल चावल व गेहूं मंगाया।

इस तरह कुल 17 लाख 15 हजार 834 रुपये का माल भेजा गया, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। कई बार तकादा करने के बावजूद रकम नहीं मिलने पर व्यापारी ने 30 जुलाई 2026 को आरोपियों को कानूनी नोटिस भेजा। नोटिस बताए गए पते पर तलाश के बावजूद कोई नहीं मिलने की टिप्पणी के साथ वापस लौट आया, जबकि इसी पते पर पूर्व में माल की डिलीवरी ली गई थी। पीड़ित व्यापारी ने स्थानीय थाने और पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय के आदेश पर थाना रोजा पुलिस ने 25 नवंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 318(4) के तहत पिता-पुत्र के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।।थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

डिजिटलीकरण पर फोकस करें विश्वविद्यालयः कुलपति

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।

शाहजहांपुर। उच्च शिक्षा में डिजिटल बदलाव और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा स्थित क्राउन प्लाज़ा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संवाद ÷डिजी 100एक्स उत्तर प्रदेश÷ में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने प्रतिभाग किया।

विद्या फॉर विकसित भारत विषय पर आधारित इस उच्च-स्तरीय मंच पर कुलपति प्रो सिंह ने उच्च शिक्षा के भविष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार रखे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों को केवल उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाने तक सीमित न रहकर शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने की दिशा में कार्य करना होगा। इसके लिए शिक्षकों की क्षमता संवर्धन, उभरती प्रौद्योगिकियों में दक्षता, क्षेत्रीय आवश्यकताओं पर आधारित शोध तथा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है।

कुलपति ने स्टेट यूनिवर्सिटीज ¬ फ्रॉम एक्सेस टू एक्सीलेंस विषय पर फोकस करते हुए कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में विश्वविद्यालयों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप अपने शिक्षकों की क्षमता का विकास करना होगा। इसके लिए फैकल्टी कैपेसिटी बिल्डिंग एवं री-स्किलिंग कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे शिक्षक बदलते शैक्षणिक और तकनीकी परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को सभी विषयों में एक साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रयास के बजाय कम से कम एक या दो प्रमुख विषयों में विशिष्ट पहचान स्थापित करने की दिशा में काम करना चाहिए। साथ ही, प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने भौगोलिक क्षेत्र, स्थानीय संसाधनों और सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं के आधार पर दो से तीन प्राथमिकता वाले शोध क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए, जिससे शोध कार्यों का सीधा लाभ क्षेत्रीय विकास को मिल सके।

प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक एवं शोध कार्यक्रमों में डिजिटल तकनीक के व्यापक समावेशन पर बल देते हुए कहा कि डिजिटलाइजेशन को केवल प्रशासनिक कार्यों तक सीमित न रखकर शिक्षण, अधिगम और अनुसंधान का अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही संबद्ध महाविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण, अकादमिक ऑडिट और समयबद्ध मूल्यांकन की व्यवस्था को प्रभावी बनाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालयों की वित्तीय आत्मनिर्भरता को भी उत्कृष्टता की महत्वपूर्ण शर्त बताते हुए कहा कि उद्योगों के सहयोग से प्रायोजित परियोजनाओं, शोध एवं परामर्श सेवाओं, पूर्व छात्र संगठनों के योगदान तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी अनुदानों के माध्यम से संसाधनों का विस्तार किया जाना चाहिए।

पुवायां विधानसभा में चमकेंगे अम्बेडकर पार्क मुख्यमंत्री ने किया एक साथ शिलान्यास

पुवायां, शाहजहाँपुर। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत पुवायां विधानसभा क्षेत्र के तमाम अम्बेडकर पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए शासन से धनराशि मंजूर हो गई है और अब जल्द ही इन पार्कों में निर्माण कार्य शुरू होगा।

भाजपा विधायक चेतराम ने बताया कि 26 तारीख को मुख्यमंत्री के द्वारा सजीव प्रसारण के माध्यम से इन सभी स्थानों पर एक साथ शिलान्यास किया गया है। शिलान्यास होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विधायक चेतराम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों और उनके सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

इन पार्कों में होगा सौंदर्यीकरण

विधायक ने बताया कि प्रत्येक पार्क पर 10 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। जिन अम्बेडकर पार्कों को इस योजना में शामिल किया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं। पट्टी, नरौठा देवीदास, बुझिया, रसवां कलां, शेखपुर मजरा, दुल्हापुर, उमरापुर, पैगापुर, कुबरापुर, उमरसंडा, महमदपुर सैजनिया और मोहल्ला कांशीरामनगर वार्ड नं. 1 सराय। विधायक चेतराम ने बताया कि शिलान्यास के बाद अब जल्द ही सभी पार्कों में सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। इसमें पार्क की बाउंड्री, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पौधरोपण और मूर्ति स्थल की सुंदरता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

पुवायां इंटर कॉलेज में हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां इंटर कॉलेज में शनिवार को कक्षा 6 में प्रवेश हेतु नवोदय की परीक्षा हुई।

कुल पंजीकृत 336 अभ्यर्थियों में 151 उपस्थित तथा 185 अनुपस्थित रहे। नवोदय से सीएलओ स्वाती पटेल मौजूद रहीं। केंद्र व्यवस्थापक जेपी मौर्या, परीक्षा प्रभारी संजय कुमार मिश्रा, भुवनेश सिंह चौहान, रामौतार, राजेश कुमार, विनोद वर्मा, सीताराम, अनुभव गर्ग, विमल सिंह, मीरा, उर्मिला, अजय श्रीवास्तव, राहुल रावत, आलोक, संगल यादव, गुड्डी रानी, राकेश कुमार, मनोज बाबू आदि का सहयोग रहा।

छह दिवसीय राट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।

समापन कार्यक्रम में युवाओं को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

माई भारत शाहजहांपुर के तत्वावधान में गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित छह दिवसीय राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। छह दिनों तक चले प्रशिक्षण में युवाओं को नेतृत्व क्षमता, सामाजिक दायित्व, कार्यक्रम प्रबंधन, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, मीडिया प्रबंधन तथा जनसंपर्क से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।समापन दिवस पर आयोजित विशेष सत्र में सहकार भारती के अभिनव कश्यप ने युवाओं को सहकारिता के महत्व, सामूहिक प्रयासों तथा समाज के विकास में युवाओं की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता की भावना समाज को एकजुट करने और सामूहिक विकास का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



युवाओं को अपने कार्यों में सहयोग, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। आदित्य सिंह, जिला युवा अधिकारी माई भारत बदायूं ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा स्वयंसेवक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं, सामाजिक जागरूकता अभियानों तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्र में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाने का संदेश दिया। धनंजय बाजपेयी ने मीडिया प्रबंधन विषय पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं को बताया कि किसी भी सामाजिक कार्यक्रम अथवा जनजागरूकता अभियान की सफलता के लिए मीडिया के साथ प्रभावी संवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाचार लेखन, प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने, कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो कवरेज, सामाजिक माध्यमों के उचित उपयोग तथा सूचनाओं को सही और प्रभावशाली तरीके से प्रसारित करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को तथ्यात्मक, जिम्मेदार और सकारात्मक संवाद के सिद्धांतों को अपनाने की सलाह दी।

छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक सुरेश आर्या रहे। उनके मार्गदर्शन में युवा स्वयंसेवकों को विभिन्न विषयों पर व्यवस्थित एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान युवाओं की नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, सामूहिक कार्य, कार्यक्रम संचालन तथा सामाजिक कार्यों के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने पर विशेष जोर दिया।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक, जनगणना स्वगणना प्रचार-प्रसार अपील

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।



कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की उपस्थिति में जनपद के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के संबंध में जानकारी देते हुए स्वगणना प्रक्रिया के प्रति आमजन को जागरूक करने की अपील की गई।एडीएम वित्त ने बताया कि जनगणना प्रत्येक दस वर्ष में कराई जाती है। इस बार जनगणना को डिजिटल स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्वगणना करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई थी, जिसमें 34 प्रश्न शामिल थे। वर्तमान में द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना के अंतर्गत स्वगणना की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसमें कुल 40 प्रश्न शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध है। नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार एवं सदस्यों से संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। स्वगणना सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद 11अंकों की विशिष्ट सेल्फ इन्यूमरेशन आईडी जनरेट होती है, जिसे बाद में घर-घर पहुंचने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक इस आईडी के माध्यम से दर्ज जानकारी प्राप्त कर उसका सत्यापन एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

उन्होंने बताया कि जनगणना के माध्यम से परिवार एवं व्यक्तियों से संबंधित विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक जानकारियां संकलित की जाएंगी। इसके अंतर्गत निर्धारित प्रश्नों के अनुसार परिवार के सदस्यों की व्यक्तिगत एवं अन्य आवश्यक जानकारियां दर्ज की जाएंगी।एडीएम ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति का महत्वपूर्ण आधार है।

इसके आंकड़ों से सरकार को विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के बेहतर नियोजन तथा जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि वे अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्वगणना की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिक से अधिक नागरिक निर्धारित समयावधि में स्वगणना कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें।

स्व-गणना जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।



जनगणना के अंतर्गत स्व-गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं इसकी प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में राज्य मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार वर्णवाल, जिला फील्ड ट्रेनर मुकेश कुमार, फील्ड ट्रेनर मृदुल श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को स्व-गणना की प्रक्रिया, इसके महत्व तथा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्व-गणना नागरिकों को जनगणना प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर प्रदान करती है। इसके माध्यम से नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। शिक्षक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डा. दुर्ग विजय, सुनील वर्मा, आशुतोष कुमार, डा. सत्यदेव, पवन त्यागी, सीतू शुक्ला, डा. गौरव शर्मा, डा. प्रतिभा सक्सेना, कांता भटनागर, डा. अखंड प्रताप सिंह, मनवेन्द्र सिंह, डा. दीपक सिंह, डा. विकास खुराना, डा. मोहिनी शंकर, प्रो. कौशल गौड़, डा. अपर्णा त्रिपाठी, पृथ्वी राम सिंह, डा. अजय वर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह,सोमेश कुमार, डा. अनिल कुमार,डा. मृदुल शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।।स्व-गणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियां साझा की गई। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। सभी से स्वयं स्व-गणना करने तथा अपने परिवार, परिचितों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गई।

राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं युवा: मिथिलेश कठेरिया

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।



पुवायां, शाहजहांपुर। स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आयोजित संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने छात्र-छात्राओं, शिक्षाविदों व गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को ऐसी व्यवस्था दी, जो प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता का अधिकार सुनिश्चित करती है। संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। सांसद ने कहा कि युवाओं को संविधान के मूल्यों को समझकर अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। शिक्षित, जागरूक व जिम्मेदार युवा ही विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा, सामाजिक समरसता, राष्ट्रप्रेम और संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान की गरिमा बनाए रखते हुए देश की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करे। इस दौरान सांसद ने पांच संकल्प भी दिलाए। पहला- हम भारत के संविधान का सदैव सम्मान करेंगे, दूसरा- बाबा साहब के सामाजिक न्याय और समानता के विचारों को आगे बढ़ाएंगे, तीसरा- जातिवाद, छुआछूत और सामाजिक भेदभाव से मुक्त समाज बनाएंगे, चौथा- अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करेंगे, पांचवां- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद मिश्रा, पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता, प्राचार्य मोहित निगम, जीएस ओझा, डॉ. राघवेंद्र आर्य, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, डॉ. ओमप्रकाश, ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप, महेंद्र पाल, विपिन शुक्ला, अरुण शुक्ला, उपेंद्र पाल सिंह, जगवंत सिंह, सुखदेव सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

शाहजहांपुर में मनाया गया संविधान गौरव दिवस

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



ददरौल विधानसभा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांसद अरुण सागर शामिल हुए। पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सांसद ने संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। उन्होंने संविधान के गौरव, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की एकता-अखंडता और नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों का प्रतीक है।

सांसद ने कहा कि संविधान कितना भी अच्छा हो, उसे लागू करने वाले लोग सही न हों तो वह बुरा साबित हो सकता है। वहीं, उसे चलाने वाले अच्छे हों तो वह अच्छा साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और योगी सरकार सभी को संविधान के आधार पर हक दिया जा रहा है।।उन्होंने कहा कि बंधुता के बिना स्वतंत्रता और समानता दिखावा बनकर रह जाएंगी। वास्तविक लोकतंत्र आपसी सम्मान और समानता से बनता है।

जातिगत भेदभाव खत्म होना चाहिए और हर नागरिक को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। सांसद ने कहा कि अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए शिक्षित और संगठित होना जरूरी है। अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं और बच्चों को शिक्षित करने के लिए काम कर रही है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं को बेहतर शिक्षा दी जा रही है और शिक्षा के बाद रोजगार भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के हर नागरिक को दिया जा रहा है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। सांसद ने कहा कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री और योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री के रूप में फिर से देखना चाहती है। डीआईओएस हरिवंश, प्राचार्य प्रोफेसर अल्का मेहरा, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल, मंडल अध्यक्ष ब्रज मोहन, सचिन सिंह, संजीव कश्यप, योगेन्द्र, शिवशंकर, अनूप कुमार, वंदना गुप्ता, अवनीश कुमार गौतम, लालजीत राठौर, रामजीत गौतम, प्रोफेसर डाक्टर रईस अहमद, ब्लाक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, योगेश शर्मा, संजीव कुमार सक्सेना, संजीव कुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

एसडीएम के आदेश के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

बंडा, शाहजहांपुर। जगह पर अवैध रूप से कब्जा करने का विरोध करने पर महिला को मारा पीटा पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर पीड़ति महिला एसडीएम से मिली एसडीएम के आदेश के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। गांव नटियुरा की असावती ने सीओ पुवायां को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके घर के सामने उनका प्लाट पड़ा है पड़ोसी व्यक्ति ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर 9 नवंबर को जबरन कब्जा करने की नीयत से नीम भर दी जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने डंडों से मारा पीटा उसने थाने में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वह एसडीएम से मिली एसडीएम ने थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए महिला का आरोप है की पुलिस ने आरोपियों से मिलकर उल्टा उसे ही धमका रही है पीड़ति महिला ने सीओ से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सरस्वती शिशु मंदिर पुवायां में दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण संपन्न

पुवायां, शाहजहांपुर। किसान सरस्वती शिशु / विद्या मंदिर सहकारी चीनी मिल पुवायां में वार्षिक शैक्षिक एवं कार्यालय निरीक्षण सत्र 2026-27 का दो दिवसीय निरीक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। वंदना सत्र में निरीक्षक गोपालकृष्ण प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर हरीनगर बरेली और शिशुपाल कार्यालय प्रमुख सरस्वती शिशु मंदिर फतेहगंज पूर्वी का स्वागत विद्यालय के आचार्य गौरव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार मिश्रा ने निरीक्षक बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

कुकरा की बेटी इशरा ने जिले में लहराया परचम



लखीमपुर खीरी। ब्लॉक बांकेगंज के कस्बा कुकरा स्थित कंपोजिट विद्यालय की कक्षा आठ की होनहार छात्रा इशरा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर जिले में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में आयोजित 200 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में इशरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इशरा की इस सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे कस्बे और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा सहित विद्यालय के सभी टीचरों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इशरा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए लोगों ने छात्रा की मेहनत और लगन की सराहना की। ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि इशरा भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

नवागत सीओ ने थाना दिवस में पहुंचकर सुनीं जनता की समस्याएं

समृद्धि न्यूज, निगोही, शाहजहांपुर।



परशुरामपुरी जलालाबाद में क्षेत्राधिकारी के पद पर तैनात दीपक कुमार का स्थानांतरण तहसील पुवायां कर दिया गया है। उनके स्थान पर नए क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने परशुरामपुरी जलालाबाद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने के संकेत दिए। शनिवार को कोतवाली परशुरामपुरी में आयोजित थाना दिवस में क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा पहुंचे। यहां उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा मौके पर मौजूद पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से शिकायतों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। थाना दिवस में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह चौहान सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी फरियादी की शिकायत की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के लिए पुलिस पूरी जिम्मेदारी से कार्य करेगी। नए क्षेत्राधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि पुलिस प्रशासन और अधिक सक्रियता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान करेगा तथा फरियादियों को समय पर न्याय मिल सकेगा।

गोला की सात आरा मशीनो पर वन विभाग का छापा

लखीमपुर खीरी। गोला वन क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह की अगवाई मे गोला मे संचालित हो रही लगभग सात आरा मशीनो पर वन विभाग द्वारा छपा डाला गया। इस दौरान वन विभाग के कर्म चारियों ने आरा मशीनो पर लकडी के स्टाक रजिस्टर को चेक करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिये हैद्यवही डिप्टी रेंजर अंकित बाबू ने बताया कि कई दिनो से आरा मशनो पर अवैध रूप से चिरान की खबरे मिल रही थीद्य जिसके चलते आरा मशीनो का औचक निरिक्षण किया गया, लेकिन वहां सब ठीक ठाक मिला,कोई भी लकडी आवश्यकता से अधिक नही पाई है,जो भी आरोप थे वो भी निराधार सावित हुये है। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी आमित कुमार सिंह, डिप्टी रेंजर अंकित बाबू, वन दरोगा जगदीश वर्मा,शैलेन्द्र त्रिवेदी, नैमिष वर्मा,अफजल खान,वाचर अभिषेक सिंह सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

खड़ी पिकअप से टकराकर कार पलटी कार, दो महिलाओं समेत चार घायल



तिलहर, शाहजहांपुर । हाइवे किनारे खड़ी पिकअप से टकराकर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई । जिसमें कार चालक दो महिलाएं व एक बच्चा मामूली रूप से घायल हो गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया ।

जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे हाइवे पर नगरिया मोड़ चौकी के समीप बरेली से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकराकर पलट गई । हादसे में अमरोहा जिले के जोया निवासी दिलावर पुत्र मोहम्मद हनीफ एक बच्चा और दो महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और कार को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया । समाचार भेजे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी है।

तमंचे के बल पर मां से मारपीट कर 16 वर्षीय किशोरी को किया अगवा

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम एलमनगर में दिनदहाड़े तमंचे के बल पर मां के साथ मारपीट कर उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अगवा किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ति ने थाना जलालाबाद में शिकायती पत्र देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

ग्राम एलमनगर निवासी श्रीदेवी पत्नी महेंद्र वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया परशुरामपुरी से दवा लेकर अपनी पुत्री के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान याकूबपुर से पहले लिप्टिस की लकड़ी की टाल के पास दो बाइक सवार युवक पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ मारपीट की और तमंचा दिखाकर उसकी 16 वर्षीय बेटी को जबरन बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ति ने आरोपियों में सुमित और पंचम पुत्र नामालूम, निवासी ग्राम धियरपुरा (नूरपुर करही) के नाम बताए हैं। महिला के अनुसार, उसने राहगीरों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई सहायता के लिए आगे नहीं आया। बेटी के अगवा होने के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ति ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए किशोरी की जल्द सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई और किशोरी को बरामद करने का आश्वासन दिया है।

बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

शाहजहांपुर। विकास खंड बण्डा में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन राज इंटरनेशनल स्कूल बण्डा में उत्साह व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पुवायां विधायक चेतराम पासी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेता बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकशी सहित विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा, साहस और टीम भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र चौरसिया, शैलेन्द्र चौहान, वीरपाल सिंह यादव, नेतराम वर्मा, अरुण सिंह, पप्पू प्रधान, रामविलास, तेजराम प्रधान, गुरुवचन लाल, नीरज प्रधान, जिला मंत्री प्रकाश चन्द्र, ब्रह्मजीत, रामबाबू, गौरव सिंह, संदीप, मोहित भदौरिया सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

तिरंगे में लिपटकर विदा हुए पूर्व सैनिक रमेश चंद्र मिश्र

सैनिकों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



रोजा,शाहजहांपुर। देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व सैनिक रमेश चंद्र मिश्र को शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। रोजा के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र मिश्र (60) का शुक्रवार शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, परिचितों और क्षेत्र के लोगों में शोक छा गया।

रमेश चंद्र मिश्र वर्ष 1988 में भारतीय सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। शनिवार को सेना के जवानों ने उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया और सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। देश की सेवा करने वाले एक सैनिक को पूरे सैन्य सम्मान के साथ विदाई देते देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

इसके बाद आदर्श नगर स्थित उनके निजी आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा फर्रुखाबाद के घटियाघाट पहुंची, जहां विधि-विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र लवलेश मिश्र ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

रमेश चंद्र मिश्र के निधन पर आदर्श नगर के समाजसेवियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और पूर्व सैनिक रमेश दीक्षित, योगेंद्र त्यागी, सुदेश मिश्रा, पुष्पेंद्र शुक्ला, मनोज अवस्थी, हरीश शर्मा, सतीश चौहान, वार्ड पार्षद अरविंद राजपाल आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की। लोगों ने उनके सैन्य जीवन, अनुशासन और सरल स्वभाव को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।

एक सैनिक का जीवन भले ही थम गया, लेकिन देश की सेवा में बिताए उनके वर्ष और उनका सम्मान हमेशा याद किया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की मुहिम को डीएम ने बनाया मिशन



- बूथ पर पहुंचकर बीएलओ को परखा, उत्कृष्ट कार्य पर अनीता देवी सम्मानित

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

लोकतंत्र की मजबूती की पहली शर्त है कि हर पात्र नागरिक को मताधिकार का अवसर मिले। इसी संकल्प के साथ शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 की हकीकत जानने खुद बूथों पर पहुंचे। कहीं नए मतदाताओं के पंजीकरण की पड़ताल की तो कहीं बीएलओ से फॉर्म-6 की प्रगति जानी। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली बीएलओ को सम्मानित कर डीएम ने साफ संदेश दिया कि निर्वाचन कार्य में निष्ठा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहन भी मिलेगा और लापरवाही पर जवाबदेही भी तय होगी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदेय स्थलों पर शनिवार को विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप आयोजित किए गए। सुबह 10 से शाम चार बजे तक चले अभियान में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने जा रहे युवाओं के आवेदन प्राप्त किए गए।

अच्छे काम को मिला सम्मान, अनीता देवी बनीं मिसाल

निरीक्षण के दौरान डीएम अंजनी कुमार सिंह श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 353 पर पहुंचकर बीएलओ अनीता देवी के कार्यों से रूबरू हुए। निर्वाचन संबंधी दायित्वों के बेहतर निर्वहन और उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्होंने अनीता देवी को पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

डीएम ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिम्मेदारी के साथ किया गया कार्य न केवल निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाता है, बल्कि दूसरे कार्मिकों के लिए भी प्रेरणा बनता है। सम्मान के इस कदम से बूथ स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों का उत्साह बढ़ाने का संदेश भी दिया गया। डीएम ने तहसील सदर के अंतर्गत श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय जमुनिया में स्थापित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ से नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म-6 की संख्या और उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

बड़े बैनामों की जांच में खुली पोल, 1.50 लाख रुपये स्टांप शुल्क की कमी पकड़ी

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

- डीएम अंजनी कुमार सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर की दो बड़े बैनामों की जांच, सर्किल रेट से लेकर बाजार मूल्य तक का कराया मिलान

बड़े बैनामों में स्टांप शुल्क की चोरी और संपत्तियों के कम मूल्यांकन पर प्रशासन की नजर अब सीधे जमीन तक पहुंच गई है। शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं फूलबेहड़ ब्लॉक के ग्राम ओदरहना और महेवागंज पहुंचकर दो बड़े बैनामों की जांच की। मौके पर भूमि की वास्तविक स्थिति और बैनामे में दर्ज विवरण का मिलान कराया तो ओदरहना के एक बैनामे में करीब 1.50 लाख रुपये के स्टांप शुल्क की कमी सामने आई। डीएम ने तत्काल एआईजी स्टांप को स्टांप कमी का वाद दर्ज कर संबंधित पक्षकार से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीएम की इस कार्रवाई से स्टांप एवं निबंधन विभाग में हलचल रही। उन्होंने पहले उप निबंधक कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का अवलोकन किया। इसके बाद तहसील लखीमपुर के अंतर्गत ओदरहना और महेवागंज में संबंधित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि का स्वरूप, क्षेत्रफल, निर्माण की स्थिति, बाजार मूल्य और बैनामे में लगाए गए स्टांप शुल्क का बारीकी से परीक्षण कराया।

मौके पर खुली स्टांप शुल्क की कमी

ग्राम ओदरहना में बड़े बैनामे की जांच के दौरान अभिलेखों में दर्ज संपत्ति के विवरण और वास्तविक स्थिति का मिलान कराया गया। जांच में करीब 1.50 लाख रुपये के स्टांप शुल्क की कमी पाई गई। इस पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए एआईजी स्टांप अमिताभ कुमार को निर्देशित किया कि तत्काल स्टांप कमी का वाद दर्ज कर पक्षकार से नियमानुसार बकाया स्टांप शुल्क की वसूली सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जांच और वसूली की कार्रवाई में किसी तरह की शिथिलता न बरतने की हिदायत दी।

सर्किल रेट और बाजार मूल्य का कराया मिलान

निरीक्षण के दौरान डीएम ने दोनों बैनामों में भूमि के मूल्यांकन की प्रक्रिया भी परखी। उन्होंने सर्किल रेट, वास्तविक बाजार मूल्य, भूमि की प्रकृति और संपत्ति के मूल्यांकन से जुड़े बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली। राजस्व अभिलेखों और मौके की स्थिति का मिलान कर यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि बैनामे में किसी तरह का गलत मूल्यांकन कर शासन को राजस्व की क्षति न पहुंचाई जाए।

संदिग्ध बैनामों की गहन जांच के निर्देश

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने एआईजी स्टांप को निर्देश दिए कि बड़े और संदिग्ध बैनामों की नियमित रूप से जांच कराई जाए। जहां कम मूल्यांकन, स्टांप शुल्क की कमी या नियमों के उल्लंघन की आशंका हो, वहां निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

सूचना

मैंने अपने पुत्र अवजीत सिंह के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुमन कुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम हरकरनपुर पो० सिकन्दरपुर खास, थाना कम्पिल, तहसील कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

विशेष लोक अदालत में 1008 वादों का निस्तारण, हजारों का जुर्माना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जिला जज धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में प्रभारी जिला जज सुरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमार तृतीय व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह की उपस्थिति में मोटर अधिनियम वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया गया।

जिसमें 504 वादों का निस्तारण कर 112910 रूपये जुमाने का आदेश पारित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल ने 391 वादों का निस्तारण कर 94110 रूपये का जुमाने का आदेश पारित किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रतिभा प्रथम ने 69 वादों का निस्तारण कर 9600 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय मनीष कुमार सिंह द्वारा 2 वादों का निस्तारण कर 1500 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया गया।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय सौरभ कुमार गौतम ने 3 वादों का निस्तारण कर 300 रुपये जुर्माने का आदेश पारित किया। अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अवंतिका प्रभाकर द्वारा 7 वादों का निस्तारण कर 1500 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय आयुषी द्वारा 11 वादों का निस्तारण कर 1100 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया। अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन तान्या सिंह द्वारा 6 वादों का निस्तारण कर 1500 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आंकाक्षा सिंह ने 4 वादों का निस्तारण कर 1300 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी भावना तोमर द्वारा 1 वाद का निस्तारण कर 1000 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया गया। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सुरेश पाल ने 10 वाद का निस्तारण कर 1000 रूपये जुर्माने का आदेश पारित किया। इसके अतिरिक्त इस लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्टाफ का सहयोग रहा।

कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांक 484/न0पं0खिम0/राज्य वित्त-ई0नि0सू0/2026-27 दिनांकः- 27/11/2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में **'राज्य वित्त आयोग'** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित एवं निकायहित में निम्नलिखित सारणी में अंकित कार्यों को कराने की स्वीकृति बोर्ड द्वारा प्रदान की गयी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मों/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 28/11/2026 समय अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 19/12/2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित बोर्ड फण्ड खाता संख्या-041810210000036, IFSC Code-BARB0BUPGB उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में आर.टी.जी.एस./डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./एम.एस.सी.05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर **दिनांक 19/12/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे** तक कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा **दिनांक 19/12/2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे** समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

E-Bid Referance	484/न0पं0खिम0/2026-27
Publish and Start Date And Time For E-Bids	28.11.2026 02:00 A.M.
Last Date Time For Submission of E-Bids	19.12.2026 02:00 P.M.
Date And Time of Opening E-Bids	19.12.2026 04:00 P.M.
Palace Of Opening of E-Bids	Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Frukhabad

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर
जनपद- फर्रुखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर
जनपद- फर्रुखाबाद

पंजीकृत श्रमिक को मिला कन्या विवाह सहायता योजना का लाभ



प्र देश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना हजारों निर्माण श्रमिकों के लिए संबल बनकर उभरी है। इसका मूल उद्देश्य पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों और महिला श्रमिकों के विवाह को आर्थिक सहायता देकर सुगमता से सम्पन्न कराना तथा बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक लगाना है। गोसाईगंज ब्लाक के श्री राजकुमार का परिवार इस योजना से लाभान्वित होने का सजीव उदाहरण है। श्री राजकुमार पुत्र श्री नाथूराम निवासी ग्राम कान्हूपुर, परिवां, ब्लाक गोसाईगंज जनपद बाराबंकी के पंजीकृत निर्माण श्रमिक हैं। वर्षों से राजमिस्त्री का काम कर श्री राजकुमार अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी सबसे बड़ी चिंता बेटी की शादी थी। सीमित आय में शादी का खर्च और सामाजिक रीति-रिवाज पूरे करना उनके लिए कठिन था।

श्रम विभाग के प्रचार-प्रसार अभियान में श्री राजकुमार को पता चला कि बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को बेटी की शादी के लिए आर्थिक सहायता मिलती है। श्री राजकुमार सभी शर्तें पूरी करते थे। उनका पंजीयन 3 साल पुराना था और अंशदान नियमित जमा था। उनकी बेटी की आयु 21 वर्ष थी और होने वाला दूल्हा 24 वर्ष का था। योजना पूरी तरह ऑनलाइन है। श्री राजकुमार ने जन सुविधा केंद्र जाकर िजचरूध्ध्नचइवबूण्पद पोर्टल पर आवेदन किया। आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज मैरिज सर्टिफिकेट, वर-वधु के आयु प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाणित विवाह कार्ड, कुटुंब रजिस्टरध्राशन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति, कार्य प्रमाण पत्र, वर-वधु का श्रमिक द्वारा प्रमाणित फोटोग्राफ एवं किसी अन्य सरकारी योजना से लाभ न लेने का घोषणा-पत्र अपलोड करायें। नियम के अनुसार शादी के 6 माह के भीतर आवेदन करना होता है। श्री राजकुमार ने बेटी की शादी के लिए नियमानुसार आवेदन कर दिया। आवेदन ऑनलाइन होने के बाद क्षेत्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दस्तावेजों की जांच की। अधिकारी ने श्री राजकुमार के निर्माण श्रमिक होने, अंशदान जमा होने और पुत्री की आयु का सत्यापन किया। ग्राम प्रधान से विवाह कार्ड की पुष्टि भी कराई गई। जांच में सब कुछ सही पाए जाने पर आवेदन स्वीकृत कर दिया गया।

श्री राजकुमार बताते हैं कि ÷शादी का खर्च सोचकर रातों की नींद उड़ गई थी, परन्तु इस योजना के अन्तर्गत 15 अप्रैल 2026 को अवध शिल्प ग्राम, वृन्दावन सेक्टर-09, शहीद पथ, लखनऊ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें हमें भी इस योजना से लाभान्वित किया गया। बोर्ड से मिली 85 हजार की मदद से बेटी की शादी सम्मान से करायी गयी। प्रदेश सरकार द्वारा 14 अक्टूबर, 2025 के बाद होने वाले विवाह पर स्वजातीय विवाह में 65,000 रुपये, अंतर्जातीय विवाह में 75,000 रुपये और सामूहिक विवाह में 85,000 रुपये की सहायता दी जा रही है। इससे श्रमिक परिवारों को और राहत मिली है और अंतर्जातीय व सामूहिक विवाह को बढ़ावा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के तीन बड़े सामाजिक लाभ हैं। पहला, आर्थिक सहायता से श्रमिक परिवार कर्ज के जाल से बच जाते हैं। दूसरा, आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य होने से बाल विवाह पर रोक लगती है। तीसरा, अंतर्जातीय विवाह पर अधिक अनुदान देकर सामाजिक समरसता को प्रोत्साहन मिलता है। श्री राजकुमार के गांव में अन्य श्रमिकों ने अपनी बेटियों के लिए आवेदन किया है। ग्राम प्रधान भी अब विवाह कार्ड प्रमाणित करने से पहले आयु जरूर देखते हैं। इससे गांव में 18 वर्ष से पहले शादी का चलन लगभग खत्म हो गया है। श्री राजकुमार की कहानी बताती है कि सरकारी योजना की जानकारी और समय पर आवेदन कितना जरूरी है। यदि श्री राजकुमार पंजीकृत श्रमिक न होते या अंशदान जमा न होता, तो उन्हें लाभ न मिलता। इसलिए हर निर्माण श्रमिक को बोर्ड में पंजीयन कराना चाहिए और अंशदान समय से जमा करना चाहिए। कन्या विवाह सहायता योजना ने श्री राजकुमार जैसे हजारों श्रमिकों की बेटियों की शादी को बोझ से उत्सव में बदल दिया है। 85,000 रुपये की डीबीटी सहायता ने न सिर्फ आर्थिक मदद दी, बल्कि श्री राजकुमार के परिवार को समाज में सम्मान भी दिलाया। यह योजना साबित करती है कि जब सरकार की नीयत साफ हो और क्रियान्वयन पारदर्शी हो, तो एक छोटी सी आर्थिक मदद भी किसी परिवार की सबसे बड़ी खुशी का कारण बन सकती है। श्रम विभाग का यह प्रयास 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के साथ 'बेटी का विवाह सम्मान से कराओ' के संकल्प को भी पूरा कर रहा है।

वैभव और विवादों से जुड़ी भारतीय क्रिकेट की पहचान

राजेश पांडेय

भारतीय क्रिकेट की यात्रा के कई पड़ाव देश में लंबे समय से हो रहे सामाजिक, आर्थिक बदलाव की झलक दिखाते हैं। वे हमें लोगों के संघर्ष,पहचान और महत्वाकांक्षाओं से परिचित कराते हैं। इस प्रक्रिया में कई महानायक खड़े होते हैं। कुछ विराट प्रतिमाओं का सृजन होता है। उपलब्धियों की कहानियां जन्म लेती हैं। कुछ विवाद सामने आते हैं। तो कुछ विलक्षण प्रतिभाएं अपनी चकाचौंध से क्षितिज पर संभावनाओं का प्रकाश बिखेर देती हैं। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी फिलहाल ऐसी ही एक कहानी की रचना कर रहे हैं। विवाद और राजनीति की चर्चा हम बाद में करेंगे। पहले हम वैभव के धमाकेदार करिअर पर गौर करते हैं। वैभव ने दोहा, कतर में राइजिंग स्टार्स एशिया कप के एक मैच में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 53 गेंदों पर 204 बनाकर अविश्वसनीय करिश्मा किया है। पहले क्रिकेट और अन्य खेलों के नामी खिलाड़ी बड़े शहरों और अपेक्षाकृत विकसित राज्यों से आते थे। आजादी से पहले तो टीम पर राजाओं, राजकुमारों का ज्यादा प्रभाव था। प्रतिभाशाली खिलाड़ी के स्थान पर किसी पूर्व महाराजा को टीम का कप्तान बनाने के उदाहरण हैं। बंबई ने तो सबसे ज्यादा रणजी ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। बंबई के पांच-छह खिलाड़ी भारतीय टीम में चुने जाते थे। बाद में दिल्ली, कर्नाटक जैसे राज्यों से नामी खिलाड़ी उभरने लगे। बंबई के दबदबे को दिल्ली ने तोड़ा था। उत्तरप्रदेश,बिहार की उपस्थिति सांकेतिक रहती थी। आधुनिक दौर में महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों ने छोटे शहरों के उभरते खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल इस कड़ी के नए सितारे हैं। वैभव इतिहास बनाने वाले पहले भारतीय नहीं हैं। कई अन्य भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों ने कीर्तिमानों की श्रंखला खड़ी की है। ऑस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज डॉन ब्रेडमैन के 29 शतकों का रिकॉर्ड, टेस्ट मैचों में सबसे पहले दस हजार बनाने, सबसे अधिक रन बनाने, सबसे अधिक विकेट लेने जैसे कई कीर्तिमानों को भारतीय खिलाड़ियों ने स्पर्श किया है। पहले माना जाता था कि टेस्ट में ब्रेडमैन की 29 सेंचुरी तक कोई बल्लेबाज नहीं पहुंच पाएगा। लेकिन सुनील गावस्कर ने ऐसा कर दिखाया। उन्हें टेस्ट मैचों में सबसे पहले दस हजार रन बनाने का श्रेय है। तो सचिन तेंदुलकर ने गावस्कर से अधिक शतकों और रनों का अंबार खड़ा कर दिया। इसी तरह कपिलदेव एक समय टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। हालांकि, कई गेंदबाजों ने उनका रिकॉर्ड बहुत पीछे छोड़ दिया है। सचिन और कपिलदेव महानतम खिलाड़ियों की श्रेणी में आते हैं। लेकिन, रिकॉर्ड बनाने के लिए उनके करिअर को थोड़ा आगे बढ़ाने की चर्चा होती थी। वैभव इस वक्त राष्ट्रीय स्तर पर धूमकेतु के समान चमक रहे हैं। हालांकि, उन्हें महान खिलाड़ियों की कतार में रखना जल्दबाजी होगी। उनकी बैटिंग की तकनीक बेसबॉल, गोल्फ के स्विंग से मिलती-जुलती है। बैट की तेज रफ्तार और बैक लिफ्ट उनकी खासियत है। इससे उनके शॉट्स को ताकत मिलती है। वे बैक फुट पर ज्यादा खेलते हैं। उनकी इस शैली की सबसे बड़ी परीक्षा टेस्ट मैचों में होगी। वैसे, उन्होंने टी-20 में धमाकेदार खेल के बाद पचास ओवर के वनडे क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाई है। लेकिन, उनके सामने अमीरात जैसी कमजोर टीम थी। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के अनुभवी गेंदबाजों के सामने वह जल्दी आउट हो गए थे। वैभव के आसानी से छक्के मारने की क्षमता ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। जूनियर नेशनल सिलेक्शन कमेटी के सदस्य रणदेब बोस बताते हैं कि 2022 में वीनू मनकड ट्रॉफी के एक मैच में मैंने जब बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को शॉर्ट पिच गेंद को मारते देखा तो अहसास हुआ कि यह तो एक ऐसा रत्न है जिसे चमकाने की जरूरत है। वैभव को यू-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुना गया। उसने फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ175 रनों की यादगार पारी खेली थी। वैभव में अनंत संभावनाएं हैं लेकिन उन्हें असली चुनौती ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड में मिल सकती है। उनकी बैक लिफ्ट मुश्किलें भी खड़ी कर सकती है। कुछ विशेषज्ञ फुलटॉस, यॉर्कर और फ्रंट फुट पर कम खेलने की क्षमता को उनकी कमजोरी मानते हैं। वैभव के खेल में कृष्णमाचारी श्रीकांत, वीरेंद्र सहवाग और युवराज सिंह की झलक मिलती है। इनका करिअर काफी लंबा रहा है। वैभव ने अभी शुरुआत की है। श्रीकांत और सहवाग जब पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों की बेरहमी से पिटाई करते थे तो विशेषज्ञों को अचरज होता था। श्रीकांत और सहवाग ओपनिंग बल्लेबाज थे। सहवाग तो टेस्ट मैचों में दो ट्रिपल सेंचुरी बनाने वाले पहले भारतीय हैं। वे बहुत बिंदास तरीके से गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते थे। गावस्कर के जोड़ीदार रहे श्रीकांत ने ओपनिंग बल्लेबाजी की नई शैली सामने रखी थी। श्रीकांत, सहवाग जिस तरह चौके, छक्के उड़ाते थे, वैसा आजकल टी-20 क्रिकेट में देखने मिलता है। समस्तीपुर, बिहार के वैभव की कहानी देश के दूर-दराज के इलाकों में जीवन के कठिन संघर्ष में जुटे लोगों के आगे बढ़ने की ललक दर्शाती है। टेलीविजन और टी-20 ने क्रिकेट की लोकप्रियता को और ज्यादा बढ़ाया है। क्रिकेट में वैभव की दिलचस्पी देखकर उनके पिता ने उसकी कोचिंग के वास्ते अपना खेत बेच दिया। वैभव से काफी पहले छोटे शहरों के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर करिश्मा कर चुके हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी रांची के हैं। धोनी ने अभी हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में खिलाड़ी के बतौर अपने लंबे करिअर को विराम दिया है। वे चेन्नई सुपरकिंग्स टीम के मार्गदर्शक बने रहेंगे। उनके पिता सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मेकॉन में पंप ऑपरेटर थे। धोनी वन डे और टी-20 के महान खिलाड़ी थे। शांत स्वभाव, धीरज और आत्मविश्वास ने उन्हें कैप्टन कूल का खिताब दिया था। उन्होंने लंबे समय तक भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की थी। वे पिछड़े इलाकों के लोगों के लिए प्रेरणा का प्रकाश स्तंभ बने। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड में दो सीरीज बुरी तरह हारने के बाद भी धोनी के टीम का कप्तान बने रहने पर सवाल उठाए गए थे। दरअसल, उस समय क्रिकेट बोर्ड के प्रेसीडेंट श्रीनिवासन चेन्नई सुपर किंग्स टीम के मालिक थे। लिहाजा, चयनकर्ताओं द्वारा प्रेसीडेंट की पसंद को नजरअंदाज करने की कल्पना नहीं की जा सकती थी। इसलिए धोनी थोड़े ज्यादा समय तक टेस्ट टीम के कप्तान बने रहे। भारतीय टीम के वर्तमान ओपनिंग बेट्समैन यशस्वी जायसवाल भी उत्तरप्रदेश के भदोही के हैं। वहां उनके पिता हार्डवेयर की छोटी दुकान चलाते थे। यशस्वी दस साल की आयु में अपने एक रिश्तेदार के यहां मुंबई आ गए। क्रिकेट के मैदान की देखभाल करते हुए वे खेलने लगे और आज टीम के चमकते सितारे हैं। क्रिकेट के अलावा कुछ अन्य खेलों के स्टार खिलाड़ी छोटे शहरों से आए हैं। हॉकी में लंबे समय तक विश्व चौंपियन रही भारतीय टीम के कई खिलाड़ी पंजाब के गांवों से आते थे। यहां दो अन्य खिलाड़ियों का जिक्र जरूरी है। भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) के विश्व चौंपियन नीरज चोपड़ा की पृष्ठभूमि भी ग्रामीण हरियाणा की है। वे सेना में सूबेदार हैं। उन्हें टॉप एथलीट बनाने में सेना के संसाधनों की प्रमुख भूमिका है। मुक्केबाजी में विश्व चौंपियन रही मैरीकॉम देश की मुख्य धारा से अलग मणिपुर के कांगथेई इलाके की हैं। उनके पिता भूमिहीन मजदूर थे। खुद मैरीकॉम खेतों में काम करती थीं। लकड़ी काटती थीं। उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण के इंफाल सेंटर में बॉक्सिंग के गुर सीखे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार दूरदराज के पिछड़े इलाकों के लोग जीवन की कठिन परिस्थितियों के कारण अपनी अलग पहचान बनाने की मजबूत इच्छाशक्ति रखते हैं। गरीबी, साधनों और अवसरों की कमी उन्हें ज्यादा जुझारू बनाती है। वे जोखिम उठाने और कुछ नया करने के लिए तैयार रहते हैं। स्थानीय लोग भी उनकी मदद करते हैं। बहरहाल, वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी से कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट से जुड़े एक विवाद ने लोगों का ध्यान खींचा है। भारत-न्यूजीलैंड के पहले टेस्ट की टीम से तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को बाहर रखने का मुद्दा सरगर्म है। टेस्ट मैच तो ड्रा रहा लेकिन हावी रहने के बावजूद भारत के मैच नहीं जीत पाने का एक कारण सिराज की गैरमौजूदगी को भी बताया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का आरोप है कि सिराज को उनकी धार्मिक पहचान के कारण टीम में नहीं चुना गया है। भारतीय क्रिकेट का सांप्रदायिकता से कोई संबंध नहीं रहा है। सभी धर्मों के लोगों को उनकी योग्यता के आधार पर चुना जाता रहा है। गुलाम अहमद, मंसूर अली खान पटौदी और मोहम्मद अजहरूद्दीन टीम के कप्तान थे। हालांकि, मैच फिक्सिंग के आरोपों और धार्मिक पहचान के कारण अजहर को कैप्टन पद से हटाने की चर्चा थी। अंग्रेजों ने भारतीयों से जुड़ने और अपनी हुकूमत के प्रति लगाव बढ़ाने के मकसद से भारत में क्रिकेट को बढ़ावा दिया था। उन्हें शायद अहसास नहीं रहा होगा कि एक दिन उनसे खेल सीखने वाले लोग बरसों बाद उनके ही उस्ताद बन जाएंगे। अंग्रेजों ने बंबई में पेंटागुलर क्रिकेट को आगे बढ़ाया था। उसमें यूरोपीय, पारसी, हिंदू और मुसलमानों की टीमें खेलती थी। महात्मा गांधी ने क्रिकेट के नाम पर ऐसे सांप्रदायिक विभाजन की आलोचना की थी। बाद में टूर्नामेंट बंद कर दिया गया। इमरान मसूद का आरोप राजनीति प्रेरित हो सकता है।

सतपुड़ा में मिश्रित खेती की अनूठी पद्धति

बाबा मायाराम



हमारे देश में खेती-किसानी में विविधता है, कई तरह के देसी बीज हैं, कई पद्धतियां हैं। इनमें से एक है- सतपुड़ा अंचल की उतेरा पद्धति। इसे मिलवां खेती यानी मिश्रित खेती भी कहते हैं। आज विविधता की खेती को इसलिए भी याद करना जरूरी है, क्योंकि एकल खेती ने मिट्टी-पानी, जैव विविधता और पर्यावरण का काफी नुकसान किया है। मेरी खेती में बचपन से ही दिलचस्पी रही है, किसानों से मिलता रहता हूं। आज मैं सतपुड़ा की इस अनोखी खेती के बारे में बताना चाहूंगा। मध्यप्रदेश का नर्मदापुरम (पूर्व में होशंगाबाद नाम था) जिला भौगोलिक रूप से दो भागों में बंटा है। एक है- सतपुड़ा की जंगल पट्टी। दूसरा है नर्मदा का कछार। दुधी नदी जिले की सीमा निर्धारित करती है। जंगल पट्टी में प्रायरू सूखी और असिंचित खेती होती है। जबकि नर्मदा के कछार में तवा बांध की नहरें हैं। कछार की जमीन काफी उपजाऊ मानी जाती है लेकिन अब यह लाजवाब जमीन भी जवाब देने लगी है। सतपुड़ा की जंगल पट्टी में परंपरागत खेती की पद्धति प्रचलित है जिसे उतेरा कहा जाता है। इसमें 6-7 प्रकार के अनाजों को मिलाकर बोया जाता है। इस अनूठी मिश्रित पद्धति में ज्वार, धान, तिल्ली, तुअर, समा (सांवा), कोदो आदि मिलाकर बोते हैं। एक साथ सभी बीजों को मिलाकर खेत में बोया जाता है और बक्खर चलाकर पेंटा (जमीन समतल करना) लगा देते हैं। फसलें जून (आषाढ़) में बोई जाती हैं लेकिन अलग-अलग समय में काटी जाती हैं। पहले उड़द, फिर धान, ज्वार और अंत में तुअर कटती है। कुटकी जल्द पक जाती है। कुछ साल पहले जंगल पट्टी के एक गांव धड़ाव के एक किसान ने बताया था कि इसमें किसी प्रकार की लागत नहीं है। खुद की मेहनत, बैलों का श्रम और बारिश की मदद से हमारी फसल पक जाती है। हर साल हम अगली फसल के लिए बीज बचाकर रखते हैं और उन्हें खेतों में बो देते हैं। हमारे पास बैल हैं जिनसे हम खेतों की जुताई करते हैं। मवेशियों से हमें गोबर खाद मिलती है जिससे हमारे खेतों की मिट्टी उपजाऊ बनती है। उतेरा से पूरा भोजन मिल जाता है। दाल, चावल, रोटी और तेल सब कुछ। इसमें दलहन, तिलहन और मोटे अनाज सब शामिल हैं। इन सबसे साल भर की भोजन की जरूरत पूरी हो जाती हैं। मवेशियों के लिए चारा और मिट्टी को उर्वर बनाने के लिए जैव खाद मिल जाती है। यानी उतेरा से मनुष्यों के लिए अनाज, मवेशियों के लिए फसलों के ठंडल, भूसा और चारा, मिट्टी के लिए जैव खाद और फसलों के लिए जैविक कीटनाशक प्राप्त होते हैं। यहां के एक किसान तो इस खेती को रासायनिक खेती से भी अच्छा मानते हैं। क्योंकि इसमें लागत बिल्कुल नगण्य है। रासायनिक खाद के बारे में चन्द्रभान ने कहा कि तो मछन्द्री (धरती) को भूंज (जला) रहे हैं। यानी मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु को खत्म कर रहे हैं। जिला गजेटियर के अनुसार, पहले इस इलाके में मिलवां फसलें होती थीं। जिसके तहत मिट्टी में उपजाऊपन बनाए रखने के लिए फल्ली वाले अनाज बोए जाते थे। अलग-अलग अनुपात में मिलवां फसलें बोई जाती थीं। गेहूं और चना मिलाकर बिर्रा बोते थे। तिवड़ा और चना मिलाकर बोते थे। कपास, तुअर, तिल, कोदो और ज्वार मिलवां बोते थे। किसान यह भलीभांति जानते थे फल्लीदार फसलें मिट्टी को उर्वर बनाती हैं और उत्पादन बढ़ाने में मददगार होती हैं। कई फसलें एक साथ बोने से पोषक तत्वों का चक्र बराबर बना रहता है। अनाज के साथ फलियों वाली फसलें बोने से नत्रजन आधारित बाहरी निवेशों की जरूरत कम पड़ती है। उतेरा पद्धति के बारे में किसानों की सोच यह है कि अगर एक फसल मार खा जाती है तो उसकी पूर्ति दूसरी फसल से हो जाती है। जबकि नकदी फसल में कीट या रोग लगने से या प्राकृतिक आपदा आने से पूरी फसल नष्ट हो जाती हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है। मिश्रित और मिलवां फसलें एक जांचा-परखा तरीका है। इसमें फसलें एक दूसरे को फायदा पहुंचाती हैं। कुछ साल पहले तक हर घर में बाड़ी होती थी जिसमें उतेरा की ही तरह मिलवां फसलें हुआ करती थीं। बाड़ी में घरों के पीछे कई तरह की हरी सब्जियां, मौसमी फल और मोटे अनाज लगाए जाते थे। जैसे भटा, टमाटर, हरी मिर्च, भिंडी, सेमी (बल्लर), मक्का, ज्वार आदि होते थे। मुनगा, नींबू, बेर, अमरूद आदि बच्चों के पोषण के स्रोत होते थे। इसमें न अलग से पानी देने की जरूरत थी और न ही खाद। जो पानी रोजाना इस्तेमाल होता था उससे ही बाड़ी की सब्जियों की सिंचाई हो जाती थी। छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए तुलसी, हल्दी और अदरक जैसे औषधीय पौधे भी लगाए जाते थे। लेकिन इनमें कई कारणों से कमी आ रही है। कुल मिलाकर, जंगल में रहने वाले लोगों की जीविका उतेरा खेती और जंगल पर निर्भर होती है। खेत और जंगल से उन्हें काफी अमौद्रिक चीजें मिलती हैं, जो पोषण के लिए निःशुल्क और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। ये सभी चीजें उन्हें अपने परिवेश और आसपास से मिल जाती हैं। जैसे बेर, जामुन, अचार, आंवला, महुआ, मकोई, सीताफल, आम, शहद और कई तरह के फल-फूल, जंगली कंद और हरी पत्तेदार सब्जियां सहज ही उपलब्ध हो जाती हैं। यह सब पोषण और भोजन का प्रमुख स्रोत हैं। यानी खेती एक जीवन पद्धति है जिसमें जैव विविधता का संरक्षण भी होता है। मिट्टी, पानी और पर्यावरण का संरक्षण होता है। हमारे देश के अलग-अलग भागों में परिस्थिति, आबोहवा और मौसम के अनुकूल परंपरागत खेती की कई पद्धतियां प्रचलित हैं। कहीं सतगजरा (7 अनाज), कहीं नवदान्या(9 अनाज) तो कहीं बारहनाजा(12 अनाज) की खेती पद्धतियां हैं। इनकी कई खूबियां हैं। इससे कीटों की रोकथाम होती है। मिट्टी का उपजाऊपन बना रहता है। खाद्य सुरक्षा होती है। यह सघन खेती की तरह है, जिसमें भूमि का अधिकतम उपयोग होता है। चूंकि अलग-अलग समय में फसलें पकती हैं, इसलिए परिवार के सदस्य ही कटाई कर लेते हैं। इसमें न तो अतिरिक्त महंगे श्रम की जरूरत पड़ती है और न ही हारवेस्टर की। इसमें घर के बीज, श्रम, व गोबर खाद की ही जरूरत होती है। यानी यह परंपरागत खेती खाद्य सुरक्षा, मिट्टी के संरक्षण, पशुपालन में मददगार, जैव-विविधता व पर्यावरण का संरक्षण सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह पारंपरिक खेती पद्धति सर्वोत्तम है, जिसका जवाब नहीं हैं। हालांकि कई कारणों से यह पद्धति अब कम प्रचलन में दिखती है। फिर भी इसमें काफी संभावनाएं हैं। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे।

कोरस



संजय एम तराणेकर

जीवन का खूबसूरत सच

जीवन का यह सुंदर सत्य, तर्कों में ना मिलता,
कोमल मन एहसासों में, इसका अर्थ खिलता।
यूं ही हरेक बात को तौलने से, रिश्ते न सँवरते,
कुछ भाव बिना कहे, दिल के भीतर उतरते।

प्रेम कोई गणित नहीं, न लाभ-हानि का लेखा,
ये मन की वो भाषा है, जिसे दिल ने ही देखा।
माँ, ममता, पिता का साया, बच्चों की मुस्कान,
यहाँ छिपा है जीवन का, सबसे प्यारा सम्मान।

सुख केवल धन-दौलत से, कभी न मिल पाता,
अपनों का साथ ही मन को, सच्चा सुख देता।
तर्क भलें राह दिखाए, एहसास मंजिल बनते,
सूखे मन के आँगन, संवेदना के पुष्प खिलते।

जीवन केवल जीत-हार का, कोई खेल न होता,
किसी के आँसू पोंछना भी, कम कर्म ना होता।
जो मन से मन को समझे, वही इंसान कहलाए,
जीवन का सुंदर सच हैं यहीं, स्नेह बाँटता जाए।



अलीगढ़ में औद्योगिक निवेश की नई उड़ानः जीबीसी-5 से

डॉ0 सीमा गुप्ता

पारंपरिक ताला एवं हार्डवेयर उद्योग के लिए विश्वविख्यात जनपद अलीगढ़ अब आधुनिक औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार की उद्योग एवं निवेश प्रोत्साहन नीतियों तथा जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जनपद में बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश आकर्षित हो रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 के अंतर्गत अलीगढ़ में 13,501 करोड़ रुपये की 304 निवेश परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य के सापेक्ष यह उपलब्धि जनपद की सुदृढ़ होती औद्योगिक अर्थव्यवस्था को दर्शाती है। इन परियोजनाओं में 259 उत्पादन एवं व्यावसायिक इकाइयों के माध्यम से 9,278 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे नए औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना के साथ कार्यरत इकाइयों के विस्तार और सहायक उद्योगों के विकास को गति मिलेगी।

जनपद की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति निवेशकों के लिए प्रमुख आकर्षण बनकर उभरी है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर), यमुना एक्सप्रेस-वे और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से सुगम संपर्क ने औद्योगिक माल ढुलाई को किफायती बनाया है। इसके अतिरिक्त केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के अलीगढ़ नोड के विकास ने जनपद को राष्ट्रीय औद्योगिक मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाई है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों और जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे भूमि बैंक के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के उद्यमी अलीगढ़ की ओर रुख कर रहे हैं। एनसीआर के लगभग 35 बड़े निवेशकों ने जनपद में औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखाई है।

प्रदेश सरकार की उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति के अनुरूप जनपद में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ा निवेश धरातल पर उतर रहा है। दादों क्षेत्र में फरीदाबाद की एमडीएम सोलर पावर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा लगभग 400 बीघा भूमि पर एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना हरित ऊर्जा उत्पादन के साथ पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगी। आधुनिक तकनीक और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में भी अलीगढ़ सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है। गभाना स्थित ख्यामई औद्योगिक क्षेत्र में मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा 800 करोड़ रुपये की लागत से लिथियम बैटरी निर्माण इकाई स्थापित की जा रही है। इसके लिए 24 हजार वर्ग मीटर भूमि क्रय की जा चुकी है। पांच चरणों में विकसित होने वाली इस परियोजना के प्रथम चरण में 140 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे लगभग 1,200 लोगों को रोजगार मिलेगा।

उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति से प्रोत्साहित होकर टेक्सटाइल क्षेत्र के निवेशकों ने भी जनपद में कदम बढ़ाए हैं। गभाना के ख्यामई औद्योगिक क्षेत्र में एनसीआर के 25 उद्यमियों द्वारा भूखंड क्रय किए जाने से वस्त्र उद्योग के विस्तार की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। इस कड़ी में आरियन त्रोसी द्वारा 50 करोड़ रुपये के निवेश से इकाई स्थापित की जा रही है, जबकि आदित्य टेक्सटाइल और हर्ष डाइड द्वारा रंगाई एवं प्रिंटिंग की इकाइयां लगाई जा रही हैं। टेक्सटाइल क्षेत्र में पांच अन्य निवेशकों द्वारा भी नई इकाइयां स्थापित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जनपद में वस्त्र निर्माण और प्रसंस्करण की सुदृढ़ श्रृंखला विकसित होगी, जिससे स्थानीय कारीगरों और श्रमिकों को रोजगार के स्थायी अवसर प्राप्त होंगे। कृषि प्रधान जनपद होने के नाते अलीगढ़ में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत कृषि आधारित उद्योगों को विशेष बढ़ावा मिल रहा है। मथुरा रोड स्थित प्रशांत ग्रुप द्वारा 125 करोड़ रुपये के निवेश से अपने प्लांट का विस्तार किया जा रहा है, जहां आलू पाउडर और नमकीन उत्पाद तैयार किए जाएंगे। वहीं मस्कट ग्रुप द्वारा गभाना-बरौली रोड पर 150 करोड़ रुपये की लागत से आलू प्रसंस्करण प्लांट स्थापित किया जा रहा है।



इन खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं से जनपद के आलू उत्पादक किसानों को अपनी उपज के प्रसंस्करण के लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत औद्योगिक आधार मिलेगा। कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन से किसानों की आय बढ़ने के साथ कोल्ड स्टोरेज, पैकेजिंग, परिवहन और विपणन से जुड़ी सहायक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। औद्योगिक विस्तार के समानांतर जनपद में आधुनिक आवासीय एवं व्यावसायिक अवसंरचना का भी विकास हो रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र में चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा 900 करोड़ रुपये से गोल्डन सिटी, देव मोटर्स ग्रुप के सुमित अग्रवाल द्वारा 600 करोड़ रुपये से एकत्व सिटी तथा रसिक ग्रुप के राजेश मित्तल द्वारा 500 करोड़ रुपये के निवेश से परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। जनपद में बढ़ते औद्योगिक आवागमन को देखते हुए होटल एवं पर्यटन क्षेत्र में भी निवेश आकर्षित हुआ है। मुकेश सिंघल द्वारा 37 करोड़ रुपये से हरि कृष्णा रिजॉर्ट एवं होटल तथा उपेंद्र वार्ष्णेय द्वारा 48 करोड़ रुपये से कारावन ओसिस रिजॉर्ट विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त निर्माण क्षेत्र की प्रमुख इकाई मंगलम सीमेंट द्वारा 166 करोड़ रुपये का निवेश जनपद के बुनियादी ढांचे और सेवा क्षेत्र को गति प्रदान कर रहा है।

प्रदेश सरकार की 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत अलीगढ़ के पारंपरिक ताला एवं हार्डवेयर उद्योग को

खबरें एक नजर में

50 हजार का इनामी अंतरराज्यीय असलहा तस्कर गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ वाराणसी की टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी अंतरराज्यीय असलहा तस्कर गैंग के सरगना सुनील दुबे उर्फ रफ्तार को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तारी जौनपुर के मछलीशहर थाना क्षेत्र से हुई। पूरा पवई नहर पुलिया के पास से रात 1रू16 बजे एसटीएफ वाराणसी की टीम ने उसे दबोचा। आरोपी मिर्जापुर के हलिया थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव का निवासी बताया जा रहा है।बताया जा रहा है कि 25 अगस्त 2026 को मछलीशहर पुलिस ने गैंग के तीन सदस्यों को 5 देसी पिस्टल और 7 अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया था। उसी मामले में सुनील दुबे फरार चल रहा था, जिस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।पूछताछ में आरोपी ने मध्य प्रदेश के खंडवा और रीवा से असलहों की खरीद-फरोख्त का खुलासा किया है। आरोपी के खिलाफ मछलीशहर थाने में दर्ज मुकदमे में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

हिरण के बच्चे को हलिया जंगल में छोड़ा गया

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमण्डगंज रेंज के अंतर्गत देवहट गांव में जंगल से भटककर बस्ती में आई हिरण के बच्चे का वन विभाग की टीम स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद वन विभाग की टीम ने शनिवार को शाम हलिया रेंज के अंतर्गत हलिया जंगल में हिरण के झुंड में छोड़ दिया गया।रेंजर रविशंकर शर्मा ने बताया कि हिरण के बच्चे को हलिया रेंज के अंतर्गत जंगल में छोड़ दिया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण में हिरण का बच्चा स्वस्थ पाया गया, जिसके बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में हिरणों के झुंड के बीच छोड़ दिया गया।वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल से भटककर गांव में आने वाले वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाएं और सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

बृजेश कुमार साहू बने बरुआसागर के नए थानाध्यक्ष



झांसी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उपनिरीक्षक बृजेश कुमार साहू को बरुआसागर थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले वह प्रेमनगर थाने की हसारी चौकी के प्रभारी थे। वहीं बरुआसागर के थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह को थाना मोंठ भेजा गया है।एसएसपी कार्यालय से 27 नवंबर को जारी आदेश के तहत जिले में छह निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

समथर पुलिस ने लौटाया गुम मोबाइल, साइबर ठगी के 65 हजार रुपये भी वापस कराए



समथर (झांसी)। समथर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक व्यक्ति का गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसे सुपुर्द किया, वहीं साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति की 65 हजार रुपये की रकम भी वापस कराई। पुलिस ने ग्राम पहाड़पुरा स्टेट निवासी रुद्रप्रताप का गुम मोबाइल ष्टश्वह्लक्र पोर्टल की मदद से बरामद किया। थाना अध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत ने मोबाइल उसके मालिक को सौंप दिया।वहीं ग्राम बेलमा कला निवासी अनुपम लोधी की साइबर ठगी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर टीम प्रभारी उपनिरीक्षक गंभीर सिंह और कांस्टेबल प्रभात कुमार ने ठगी गई 65 हजार रुपये की धनराशि उनके खाते में वापस कराई। दोनों पीड़ितों ने पुलिस की कार्रवाई पर आभार जताया।

लापता तीन वर्षीय बालक बरामद, मां को सौंपा

हलिया (मिर्जापुर)। बरौंधा बाजार से शनिवार को तीन वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बरौंधा चौकी पुलिस सक्रिय हो गई और चारों तरफ तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करीब एक घंटे के अंदर बालक को सोनकर बस्ती से सकुशल बरामद कर लिया। बरौंधा चौकी क्षेत्र के निबावल गांव निवासी रंजू सिंह पुत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह शनिवार को अपनी बुआ रीता के साथ बरौंधा बाजार आई थीं। इसी दौरान उनका तीन वर्षीय पुत्र आरव सिंह खेलते-खेलते मां की नजरों से ओझल हो गया और बाजार से बाहर सोनकर बस्ती की ओर चला गया। काफी देर तक बच्चा दिखाई नहीं देने पर मां घबरा गई और आसपास उसकी तलाश करने लगी। देखते ही देखते बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग भी बच्चे की खोजबीन में जुट गए। इस बीच सूचना मिलने पर बरौंधा चौकी इंचार्ज बरौंधा नरेंद्र कुमार यादव पुलिस टीम के साथ तत्काल तलाश में जुट गए।पुलिस ने चारों तरफ खोजबीन करते हुए सोनकर बस्ती के पास से बालक को सकुशल बरामद कर लिया।

थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें

हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने शनिवार को थाना समाधान दिवस पर मझगवां थाने में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, अवैध कब्जे, अतिक्रमण और एंटी भूमाफिया से संबंधित मामलों में पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाने आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या गंभीरता से सुनें और उसके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें।

अनियंत्रित कार नाले में गिरी, तीन युवक घायल

सुमेरपुर। मुख्यालय से बारात में शामिल होने कस्बे आ रहे युवकों की कार शुक्रवार रात हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। बस स्टॉप के पास सामने अचानक ट्रक आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ तोड़ते हुए नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यालय के रानी लक्ष्मीबाई नगर निवासी सोनू, यमुना घाट निवासी कुलदीप और बृजेश कुमार शुक्रवार रात करीब 11ः30 बजे कार से सुमेरपुर आ रहे थे। कार सोनू चला रहा था। हाईवे पर बस स्टॉप के समीप सामने से अचानक ट्रक आ जाने पर वह कार से नियंत्रण खो बैठा। कार निर्माणाधीन बस स्टॉप के बगल में नाले में जा गिरी। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए और कार क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष राममोहन राय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

सपा कार्यालय पर मनाई गई ज्योतिबा फूले की पूण्यतिथि



समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।

मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर शनिवार को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव निर्देशानुसारं महात्मा ज्योतिबा फुले की पूण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व नेताओ ने सर्वप्रथम महात्मा फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिह पटेल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम एक ऐसे महापुरुष की पूण्यतिथि मना रहे हैं, जिसने दबे कुचले वर्ग के उत्थान के साथ नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संघर्ष किया। महात्मा फुले ने ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर संघर्ष कर प्रतिबंध लगवाया। सत्यशोधक समाज की स्थापना की।

19वीं सदी के महान भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले की हर साल 28 नवंबर को पुण्यतिथि मनाई जाती है। उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा का काम आरंभ किया था। उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय खोला।

लड़कियों और दलितों के लिए पहली पाठशाला खोलने का श्रेय ज्योतिबा को दिया जाता है। इस मौके पर राजेश भारती, आदर्श यादव, संतोष गोयल, मेवालाल प्रजापति, रामजी यादव, शराफत उल्ला खान, चन्दन यादव, अभय यादव, के0के0 दूबे, धीरज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

समाधान दिवस में आये 11 मामलों में एक का निस्तारण



हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने फरियादियों की समस्या सुनी।इस दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित बंजारी कलां निवासी अब्बास अली के मामले का निस्तारण किया गया। अमहा मुड़ेल गांव निवासी लालता चौरसिया आठवीं बार थाने पहुंचे और भूमि पर विपक्षी द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटाने की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष ने टीम को भेजकर अवैध कब्जा हटाने का लालता को आश्वासन दिया। महुगढ़ी गांव निवासी केशव प्रसाद ने चकमार्ग पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा का आरोप लगाया।देवहट गांव निवासी हनुमान दास केशरी ने आभूषण व्यवसायी के यहां गिरवी रखे स्वर्णाभूषण को दिलाने की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष ने टीम को भेजकर अवैध कब्जा हटाने का लालता को आश्वासन दिया।

दुधमुहे बच्चे के साथ ट्रेन से काट कर विवाहिता ने दी जान

समृद्धि न्यूज, चुनार, मिर्जापुर।



चुनार (मिर्जापुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दिल्ही हावड़ा डाउन लाइन के पिरल्हीपुर गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर एक महिला व दुधमुहे बच्चे कि ट्रेन से कट कर मौत गई ।जिसकी सूचना रेलवे मेमो द्वारा शनिवार 28 नवंबर को चुनार पुलिस को मिला।सूचना पर चौकी प्रभारी कजरहट उप निरीक्षक सदानंद सिंह तत्काल पिरल्हीपुर रेलवे ट्रैक पर पहुंच कर देखा की डाउन रेलवे लाइन के किनारे मृतका और उसके बच्चे का शव पड़ा हुआ है।

तलाशी पर मृतका के पास झोले से मिले मोबाइल नंबर पर कॉल किए जाने पर मृतिका के भाई पीयूष सिंह पुत्र प्यारेलाल सिंह निवासी खैराही थाना करमा सोनभद्र से बात हुआ। उसने मृतिका कि शिनाख्त की उन्होंने मृतका कि पहचान अपनी बहन स्मिता सिंह पत्नी इंद्रेश सिंह 30 वर्ष निवासी भावा थाना मड़िहान मिर्जापुर एवं बच्चा की पहचान वैदिक पुत्र इंद्रेश सिंह उम्र 1 वर्ष के रूप में किया।बताया कि बहन कि शादी लगभग 11,12 वर्ष पूर्व हुई थी। प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह से जान देने का मामला सामने आया है। चर्चा है कि मृतका पूर्व में अनुदेशक के पद पर कार्य कर रही थी।चौकी प्रभारी सदानंद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री करेंगे सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

समृद्धि न्यूज, झांसी।



सोमवार 30 नवम्बर को महानगर के श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर प्रांगण में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ करेंगे।देश में पहली बार आयोजित होने वाले सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का शंखनाद वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की कर्मस्थली झांसी महानगरी से होने जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

शनिवार को आयोजन स्थल श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा नेता मनीष तिवारी? ने जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं को सनातन से जोड़ने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे पहले झांसी में श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का शंखनाद होने जा रहा है। कहा कि यह दिव्य अनुष्ठान महानगर के खंडेराव गेट स्थित श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में शाम पांच बजे से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने महानगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस दिव्य अनुष्ठान में ज्यादा से ज्यादा संख्या उपस्थित होकर इसका पुण्य लाभ अर्जित करें।सदर विधायक रवि शर्मा द्वारा वृहद स्तर पर की जा रही तैयारियों के पूर्व इस आयोजन को राजनीतिक स्तर पर जोड़े जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह यहां सिर्फ धार्मिक उद्देश्य से होने वाले आयोजन के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

इस कार्यक्रम को अन्य किसी आयोजन से जोड़ कर न देखा जाए। हालांकि सदर विधायक द्वारा आयोजन के पूर्व मनीष तिवारी द्वारा सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन तीस नवम्बर को किए जाने से राजनीतिक गलियारे में हलचलें तेज हो गई है। आयोजन की अनुमति के संबंध में उन्होंने कहा कि पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने का हवाला दिया गया था, लेकिन अब जिला प्रशासन द्वारा पुनः आयोजन स्थल का निरीक्षण कर पार्किंग की व्यवस्था एक विधालय और गांधी भवन में होने पर आयोजन की अनुमति दे दी गई है। इस मौके पर पंडित लल्लन महाराज, पीयूष रावत, जितेंद्र तिवारी,समीर तिवारी एड आदि भी उपस्थित रहे।

श्री रामकथा महोत्सव अयाह का भव्य शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, अयाह, फतेहपुर।

धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति की पावन धारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहे भव्य श्री रामकथा महोत्सव अयाह की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। आगामी 3 दिसंबर से 11 दिसंबर तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है। कथा का रसपान श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। इसी क्रम में शनिवार, 28 नवंबर को दोपहर 12 बजे कथा स्थल पर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर श्री ठाकुर जी सेवा परिवार के सदस्य हरिओम मिश्र (ओम जी) ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य यजमान नवीन गुप्ता (बुलंदशहर) एवं अशोक मिश्र (अनिल) जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक जगत से जुड़े गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने इस धार्मिक आयोजन को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण एवं आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने वाला बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश मिश्र प्रधान, बमलहरी द्विवेदी, प्रदीप गर्ग, अशोक तपस्वी, संजय पांडे, आशीष त्रिपाठी, शिवम अग्निहोत्री, सिद्धनाथ तिवारी, अनिल त्रिपाठी, अंकित दीक्षित, वैभव द्विवेदी, राजेश मिश्र, नवनीत मिश्रा, दिलीप द्विवेदी,अनिल शुक्ला सहित तमाम गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त करें तथा इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में सहभागी बनें।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ भूमिपूजन

- 3 दिसंबर से 11 दिसंबर तक श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. कैलाशानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा



हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर अधिकारी पेश करें मिसालः प्रभारी जिलाधिकारी



झांसी। प्रभारी जिलाधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति सभी जिम्मेदारी निभाएं और आमजन के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें।उन्होंने हाईवे किनारे खड़े ट्रक-बसों और डग्गामार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने तथा कोहरे में दुर्घटनाएं रोकने के लिए एनएचएआई को आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब बनाने और नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोक लगाने को भी कहा।उन्होंने हिट एंड रन मामलों में घायलों को 50 हजार और मृतकों के आश्रितों को दो लाख रुपये की सहायता तथा दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन को पांच हजार रुपये पुरस्कार मिलने की योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

310 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

समृद्धि न्यूज, चुनार, मिर्जापुर।

चुनार (मिर्जापुर)। चुनार पुलिस व एएनटीएफ यूनिट वाराणसी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार शाम को बड़ी कार्रवाई करते हुए 310 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार युवक की पहचान गौतम साहनी पुत्र पंचम साहनी 28 वर्ष निवासी सराय टेकौर थाना चुनार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने स्टेशन रोड क्रासिंग से 300 मीटर पहले घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 310 ग्राम हेरोइन, एक बुलेट मोटरसाइकिल नंबर यूपी 63 एएक्स 6524, एक विवो मोबाइल फोन व 1500 रुपये नकद बरामद हुए।

बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 62 लाख रुपये बताई जा रही है।इस संबंध में थाना चुनार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन राजकुमार मीणा व क्षेत्राधिकारी चुनार गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 आदित्य नरायन सिंह, उ0नि0 विनोद मिश्रा सहित एएनटीएफव थाना चुनार पुलिस के जवान शामिल रहे।

परिसीमन और महिला आरक्षण बिल पारित होने पर राज्यमन्त्री ने जताया केंद्रीय नेतृत्व का आभार

- 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं का अधिकार होगा सुनिश्चित
- सीटों के पुनर्गठन से लोकतंत्र को मिलेगी मजबूती

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।



परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पारित होने पर प्रदेश सरकार की राज्यमन्त्री एवं खागा विधायक कृष्णा पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्यमन्त्री कृष्णा पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण की दिशा में परिसीमन बिल लोकसभा में प्रस्तुत कर पारित कराया गया है। साथ ही महिला आरक्षण बिल के माध्यम से महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि परिसीमन के जरिए लोकसभा में सदस्यों की संख्या बढ़ने से जनप्रतिनिधित्व का दायरा विस्तृत होगा और जनसमस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

वहीं, महिला आरक्षण बिल के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनके राजनीतिक अधिकारों को मजबूत करने का कार्य किया गया है। राज्यमन्त्री ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुफ्त अनाज योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता देकर उन्हें सशक्त बनाया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पहले सरकारी योजनाओं के धन में बंदरबांट और भ्रष्टाचार होता था, जबकि वर्तमान सरकार में लाभार्थियों को योजनाओं का पैसा सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

- खोखो में वी.डी.ऐकेडमी, बॉलीबाल में लक्ष्मी पब्लिक स्कूल बना चौंपियन



चुनार (मिर्जापुर)। वी.डी. एकेडमी मेड़िया चुनार घाट में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार समापन शनिवार को हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजीव कुमार सिंह उपनिदेशक खेल विभाग बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी वाराणसी रहे ।मुख्य अतिथि का विद्यालय के प्रिंसपल वी.एस. त्रिपाठी द्वारा पुष्पगुच्छ व् स्मृति चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में 12 टीम वॉलीबाल एवं 6 टीम खो-खो ने प्रतिभाग किया बच्चों के उत्साह एवं जोश को देखकर अभिभावक भी तालिया बजाने पे मजबूर हुए खो-खो फाइनल प्रतियोगिता में वी.डी. एकेडमी प्रथम एवं ।.चै. बाबतपुर दूसरे स्थान पर रहे। वही वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लक्ष्मी पब्लिक स्कूल मुगलसराय प्रथम एवं एटीएस स्कूल दूसरा स्थान प्राप्त किया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर राजीव कुमार सिंह उपनिदेशक खेल विभाग बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी वाराणसी ने कहा की खेल में अनुसाशन आत्मबिश्वाश एवं टीम भावना की सीख मिलती है , खेल को हार जीत से ऊपर उठकर खेलना ही सच्ची खेल भावना है। उन्होंने बच्चो को पढ़ाई करने के साथ ही खेल को भी महत्त्व देने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि ने विजेता टिम के बच्चो को मेडल ट्राफी व् प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सयोंजक श्री राम प्रकाश यादव, विकास सिंह रहे ।विद्यालय के प्रबंधक सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ.वी.एस.त्रिपाठी ने बच्चो को उज्जवल भविष्य की सुभकामनाये दी एवं सफल कार्यक्रम हेतु डायरेक्टर गौरव कुमार सिंह को भविष्य में ऐसे ही उत्साहवर्द्धन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए साधुवाद दिया।

स्व-गणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित

चुनार (मिर्जापुर)। नगर पालिका परिषद चुनार में जनगणना द्वितीय चरण हेतु जनसंख्या के अनुसार कुल 82 इबी बनाया गया है, सभी ईबी में स्वगणना का कार्य वर्तमान समय में किया जा रहा है। इबी सं0 30, इबी सं0 67 की सब इबी-02 एवं इबी सं0 006 की सब इबी-02 का स्वगणना कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान करने वाले 02 प्रगणक अश्वनी कुमार द्विवेदी, प्रधानाध्यापक, प्रा0वि0 सरैयां सिकन्दरपुर, चुनार व अनीता यादव, सहायक अध्यापक, कम्पोजिट विद्यालय, धरौहरा चुनार एवं 03 पालिका के वसूली कर्मचारी सैफ अली, चन्दन कुमार व यश विश्वकर्मा को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नौ मतदान केंद्रों के 23 बूथों पर पहुंचे डीएम, अनुपस्थित बीएलओ को नोटिस



हमीरपुर। विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने हमीरपुर, राठ और सरीला तहसीलों के नौ मतदान केंद्रों के 23 बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण, बीएलओ की उपस्थिति और आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था जांची। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय नदना में बीएलओ श्याम करन अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यवेक्षण में लापरवाही पर एईआरओ एवं तहसीलदार राठ को भी नोटिस देने को कहा। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्धारित समय तक बूथों पर उपस्थित रहने और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा पात्र महिलाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखने तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदाताओं की मदद करने को कहा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जरूर जांच लें। नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 और विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8 भरें। मतदाता सहायता के लिए

संक्षिप्त खबरें

पशुपालन के तकनीकी प्रशिक्षण हेतु जिले से 120 पशुपालक गए

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज। जनपद के सभी विकासखंड क्षेत्र से 120 किसानों/ पशुपालकों का दल पशु एवं कुक्कुट पालन में आधुनिक तकनीक के प्रशिक्षण के लिए नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या गया। उक्त दल प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना डेरी, लघु पशु एवं कुक्कुट पालन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गया हैं। इन्हें आधुनिक तकनीक से पशुपालन संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है । ताकि ये पशुपालक आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए लघु पशु पालन एवं कुक्कुट पालन कार्य करते हुए लाभान्वित हो सके । एवं अन्य पशुपालकों को नई तकनीकी जानकारी दे सके ।दल का नेतृत्व डॉक्टर सतीश कुमार वर्मा एवं फार्मासिस्ट मनोज कुमार कर रहे हैं।

विधायक निधि से सोनपति देवी महिला पीजी कॉलेज में भवन निर्माण का हुआ शिलान्यास,

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज। सोनपति देवी महिला पीजी कॉलेज में विधायक निधि से बनने वाले भवन का शिलान्यास सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। भवन निर्माण से महाविद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार होगा और छात्राओं को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला है। भवन निर्माण से शैक्षणिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी तथा छात्राओं को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं प्रबंधक डॉ. बलराम भट्ट ने भवन निर्माण में सहयोग के लिए विधायक के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा सहित विभिन्न शिक्षाविद, शिक्षक, गणमान्य लोग एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शीतलहर से बचाव के लिए जिला प्रशासन अलर्ट, सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियो हेतु दिए गए निर्देश

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राहत आयुक्त/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी दिनों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावनाओं के दृष्टिगत जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन कुशीनगर द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पवन कुमार ने बताया कि शासन एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शीतलहर से संवेदनशील एवं कमजोर वर्गों के संरक्षण के लिए जारी एडवाइजरी के अनुपालन में जनपद के समस्त संबंधित विभागों को अपने-अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य बेघर, निराश्रित, वृद्धजनों, बच्चों, शिशुओं, गर्भवती महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को ठंड के प्रतिकूल प्रभावों से सुरक्षित रखना है। उन्होंने बताया कि नगर निकायों को रैन बसेरों एवं आश्रय स्थलों में पर्याप्त बिस्तर, कंबल, गद्दे, चादर, पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों एवं जरूरतमंद लोगों की आवाजाही वाले स्थानों पर आवश्यकतानुसार सुरक्षित अलाव की व्यवस्था भी कराई जाएगी। विद्युत एवं जल निगम विभाग को रैन बसेरों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं

डीएम के सामने खुली अधिकारियों की पोल : आधे फरियादी भी संतुष्ट नहीं

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। संगम सभागार में जब जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने IGRS की फाइल खोली तो कई अधिकारियों के चेहरे उतर गए। शिकायतों का निस्तारण तो हो रहा था, लेकिन जनता खुश ही नहीं थी। डीएम ने साफ कह दिया, जिस विभाग का संतुष्ट फीडबैक 50% से कम है, वो अधिकारी अब स्पष्टीकरण देगा। नाराज डीएम ने अधिशासी अभियंता, जल निगम, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, खान निरीक्षक, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, महाप्रबंधक, दुग्ध विकास, जिला समन्वयक, कौशल और भी कई ऐसे विभाग, जिनका फीडबैक 50% से नीचे लुढ़क गया है। डीएम ने सबको 30 नवम्बर तक हर हाल में सुधार लाने का अल्टीमेटम दे दिया। डीएम ने कहा, कागज पर नहीं, जमीन पर काम दिखाओ। जिलाधिकारी ने कड़े लहजे में कहा, शिकायत का निपटारा सिर्फ पोर्टल पर अपलोड करने से नहीं होगा। शिकायतकर्ता से बात करनी होगी, उसकी संतुष्टि लेनी होगी। IGRS शासन की टॉप प्रायोरिटी है। इसमें लापरवाही और टालमटोल बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाएं, पोर्टल पर समय से रिपोर्ट डालें और बार-बार आने वाली शिकायतों की जड़ पकड़कर उसका स्थायी इलाज करें। अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। डीएम ने साफ चेतावनी दी, निस्तारण में लापरवाही और उदासीनता मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारीगण, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कई अधिकारी तो बैठक से ही टेंशन में निकले। अब देखना ये है कि 30 नवम्बर तक कौन सुधरता है और किस पर गाज गिरती है।

मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं ऑनलाइन दर्ज की परिवार की जानकारी, आमजन से भी स्वगणना में भाग लेने की अपील

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। जनगणना-2027 के अंतर्गत इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने स्वगणना प्रक्रिया में सहभागिता करते हुए अपनी जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से भी स्वगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग निर्धारित समयावधि के भीतर अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज करें तथा जनगणना के इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

एयरपोर्ट प्रशासन ने नगर निगम की ओटीएस योजना के तहत 2.17 करोड़ रुपये का गृहकर जमा किया

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। नगर निगम की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का असर अब बड़े बकायेदारों पर भी दिखने लगा है। गृहकर के बकाये पर मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए आवासीय और अनावासीय भवन स्वामी आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से ओटीएस के तहत 2.17 करोड़ रुपये गृहकर जमा किया गया। नगर निगम में एयरपोर्ट की ओर से अब तक जमा की गई यह सबसे बड़ी एकमुश्त धनराशि है। नगर निगम की ओटीएस योजना के तहत अब तक 27 हजार से अधिक भवन स्वामी पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें करीब 16 हजार भवन स्वामियों ने गृहकर जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक बकायेदारों को इसका लाभ दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से अभियान भी चलाया जा रहा है। ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए 15 दिसंबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजय ममगई ने बताया कि ओटीएस के तहत बकायेदारों को राहत दी जा रही है। एयरपोर्ट प्रशासन ने शुक्रवार को 2.17 करोड़ रुपये जमा किए हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) की ओर से भी गृहकर जमा किया जाएगा।

जनता की सेवा उनके राजनीतिक जीवन का मूल उद्देश्य : पंकज चौधरी, जनसंवाद

अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़महराजगंज। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को अपने महराजगंज स्थित आवास पर जनता दर्शन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतों, मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जनता दर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और सार्वजनिक समस्याओं को उनके सामने रखा। विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों और स्थानीय स्तर पर लंबित कार्यों के संबंध में भी लोगों ने अपनी बात रखी। पंकज चौधरी ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।जनता दर्शन के दौरान उनका प्रयास रहा कि फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिले। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों से संवाद कर समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी अपेक्षा जताई कि आम नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसी क्रम में पंकज चौधरी ने पनियरा के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के परतावल स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर भी पहुंचकर क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद किया। यहां उन्होंने विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जाना। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उनके सामने रखा। उन्होंने लोगों की बात सुनते हुए जनहित के विषयों पर चर्चा की और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। पंकज चौधरी ने कहा कि उनका हर कदम और हर प्रयास केवल लोककल्याण के लिए समर्पित है। महराजगंज उनके लिए सिर्फ एक संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि अपना परिवार है। यहां के प्रत्येक नागरिक की समस्या उनकी अपनी समस्या है। उन्होंने कहा कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना उनकी जिम्मेदारी है। हर परिस्थिति में वह महराजगंज की जनता के साथ मजबूती से खड़े हैं।

थाना समाधान दिवस में 70 शिकायतें प्राप्त, 7 का मौके पर निस्तारण



समृद्धि न्यूज़

समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज। जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्याएं सुनीं। कुल 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने भूमि विवादों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

एआईबीई परीक्षा को लेकर सख्त निगरानी, जस्टिस हेमा कोहली की अध्यक्षता वाली मॉनिटरिंग कमेटी ने जारी किए कड़े निर्देश

समृद्धि न्यूज़

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन की 29 नवंबर को प्रयागराज के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कड़ी निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के निर्देश जारी किए हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रयागराज के कुछ परीक्षा केंद्रों पर संभावित अनियमितताओं की आशंका और प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति हेमा कोहली की अध्यक्षता वाली मॉनिटरिंग कमेटी ने परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। कमेटी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ की प्रत्यक्ष निगरानी में एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया है। इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों के जरिए रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। ये पर्यवेक्षक परीक्षा समाप्त होने के बाद अपनी रिपोर्ट के साथ पूरी परीक्षा की रिकॉर्डिंग मॉनिटरिंग कमेटी को सौंपेंगे। मॉनिटरिंग कमेटी, सीसीटीवी फुटेज और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा करेगी। यदि किसी भी केंद्र पर अनियमितता या गड़बड़ी की पुष्टि होती है, तो परीक्षा रद्द करने के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार कमेटी के पास रहेगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने प्रयागराज के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सभी परीक्षा केंद्रों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, 2.70 लाख रुपये लगा जुर्माना

कुशीनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने सुनाई सजा

समृद्धि न्यूज़



कुशीनगर । जनपद के हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र में इसी वर्ष 2026 में हुए हत्या के एक मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय कुशीनगर ने एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर कुल 2.70 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। उक्त मामला हाटा कोतवाली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 128/2026 से जुड़ा है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 140 और 238 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में अभियुक्त डब्लू गोड़ पुत्र गामा गोड़, निवासी वार्ड नंबर 18 हनुमान नगर गोपालपुर बिरैचा, थाना हाटा कोतवाली के विरुद्ध स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और जिला शासकीय अधिवक्ता की ओर से लगातार प्रभावी पैरवी की गई। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 2.70 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक निरीक्षक हरेराम यादव, जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल) जीपी यादव, हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह तथा न्यायालय पैरोकार कांस्टेबल दुर्गेश यादव का सराहनीय योगदान रहा है।

तेज रफ्तार पिकअप ने 18 वर्षीय छात्र को कुचला, मौत

समृद्धि न्यूज़

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह परीक्षा देने जा रहे 18 वर्षीय छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा गांजा-कटहुला मार्ग पर ससुर खदेरी नदी के पास हुआ। गांजा गांव निवासी नितेश सिंह (18) पुत्र मानसिंह सुबह करीब सात बजे बाइक से बीए थर्ड ईयर की परीक्षा देने निकला था। परिजनों के मुताबिक, वह गांजा-कटहुला मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से नितेश सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि पिकअप चालक ने वाहन रोकने के बजाय भागने की कोशिश की और छात्र को कुचलते हुए निकल गया। गंभीर चोटों के कारण नितेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और पिकअप चालक की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान पुलिसकर्मियों से ग्रामीणों की नोकझोंक भी हुई।एयरपोर्ट थाना प्रभारी वैभव सिंह के अनुसार, हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर चित्रकूट की ओर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जलभराव पर हाई कोर्ट सख्त, रेलवे को नाला निर्माण में बाधा डालने से रोका

समृद्धि न्यूज़

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शहर में जलभराव मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंडल रेल प्रबंधक को नाला निर्माण में बाधा डालने से रोक दिया है। कोर्ट ने नगर निगम को नाले का काम पूरा करने, अगली सुनवाई तक 90 फीसदी स्लैब हटाने, सिल्ट और नालों की सफाई पूरी करने तथा शहरी विकास मंत्रालय को फंड जारी करने का निर्देश दिया है। यह भी कहा है कि अपर नगर आयुक्त अरविंद राय का स्थानांतरण बिना उसकी अनुमति नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 14 दिसंबर 2026 को होगी। स्वतः कायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने उक्त निर्देश दिए। कोर्ट ने मंडल रेल प्रबंधक और रेल मंत्रालय को भी प्रतिवादी बनाया है। कहा कि दाखिल अनुपालन हलफनामे संतोषजनक नहीं हैं। नगर आयुक्त सीलम साई तेजा के हलफनामे में कहा गया कि नालों की सिल्ट सफाई चल रही है। कूड़ा हटाया जा रहा है। बिना अनुमति बनाए स्थायी स्लैब हटाए जा रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू रोड, लाउदर रोड और करेलाबाग रोड पर तोड़फोड़ की तस्वीरें भी लगाई गईं। नगर निगम के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी. चतुर्वेदी ने कहा कि सिल्ट सफाई चल रही है, पूरा होने का दावा नहीं है। लाउदर रोड पर नए नाले और पाइप बिछाने का काम तथा रेलवे ट्रैक के किनारे नाला बनाने का काम चल रहा है, लेकिन मंडल रेल प्रबंधक ने इसे अनधिकृत बताया है जबकि करीब 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रेलवे ट्रैक किनारे विकसित आवासीय क्षेत्र में बरसात के पानी की निकासी के लिए स्थायी नाला बनाया जा रहा है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि मंडल रेल प्रबंधक निर्माण में कोई बाधा न डालें। यह भी स्पष्ट किया कि नाला निर्माण को रेलवे की जमीन पर कब्जा नहीं माना जाएगा। रेलवे भविष्य में उस क्षेत्र को विकसित करना चाहे तो कर सकता है। नाला निर्माण कोर्ट के अंतिम आदेश के अधीन होगा। नगर आयुक्त ने 18 नवंबर 2026 के पत्र से अनुमति मांगी है, इसलिए मंडल रेल प्रबंधक अपनी संस्तुति रेल मंत्रालय को भेजें। जहां स्लैब हटाए गए हैं, वहां स्थानीय निवासी दोबारा कब्जा न करें। भविष्य में स्लैब मिले तो जोनल सेनेटरी आफिसर व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगा।

प्रयागराज के लाल आईटीबीपी जवान अनिल कुमार पाल को नम आंखों से अंतिम विदाई

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। थरवई थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव के रहने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवान अनिल कुमार पाल (30) का पार्थिव शरीर मिलने के बाद शुक्रवार को उनके पैतृक गांव पहुंचा। अनिल कुमार पाल सिक्किम में आईटीबीपी की 11वीं बटालियन में तैनात थे। वह दीपावली के दिन से ड्यूटी के दौरान लापता थे। काफी तलाश के बाद मंगलवार को सिक्किम के जंगल में उनका शव बरामद हुआ। हेतापट्टी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जवान के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग पहुंचे। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान सबसे भावुक कर देने वाला दृश्य तब सामने आया, जब जवान का तीन साल का मासूम बेटा अपने पिता के पार्थिव शरीर को देखकर रोता रहा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश, हर बूथ पर नए मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य

4 जनवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने, छूटे हुए मतदाताओं की पहचान करने तथा दावे-आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होना है। बैठक में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक संचालित पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता अनुपात पर चर्चा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची का विधानसभा निर्वाचक नामावली से मिलान कराने और अंतर पाए जाने पर पात्र नागरिकों को चिह्नित कर फार्म-06 भरवाने के निर्देश दिए।उन्होंने विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा प्रत्येक बूथ पर औसतन 140 नए मतदाताओं को जोड़ने के लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाने को कहा।मंडलायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीएलए और बीएलओ के बीच समन्वय से पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में आसानी होगी। शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना निर्वाचन विभाग के साथ राजनीतिक दलों और जागरूक नागरिकों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर जरूरतमंदों को समय से पहुंचाएं राहतः- प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों को अधिकारी गंभीरता से लें, विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगीः- प्रभारी मंत्री

समृद्धि न्यूज़



कुशीनगर । जनपद के प्रभारी मंत्री एवं मंत्री, कारागार विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार दारा सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा जनपद के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विन्दुओ की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद, विधायक अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न विभागों की संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रभारी मंत्री के समक्ष किया गया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन की प्रगति से अवगत कराया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री के रूप में दारा सिंह चौहान की पहली समीक्षा बैठक थी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज की बैठक में जनपद के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रारंभिक रूपरेखा के आधार पर चर्चा हो पाई है।

संक्षिप्त खबरें

मतदाता सूची में अधिक से अधिक नए नाम जुड़वाने का लक्ष्य : असीम अरुण



कन्नौज। मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए, इसके लिए अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सहकारिता संगोष्ठी में कार्यकर्ताओं से वोटर जोड़ो अभियान को गति देने की अपील की। उन्होंने बताया कि एसआईआर से पहले कन्नौज विधानसभा में 4.27 लाख मतदाता थे, जो घटकर 3.62 लाख रह गए। 17 नवंबर को प्रकाशित सूची में संख्या बढ़कर 3.66 लाख हुई है। चुनाव आयोग के मानक के अनुसार आबादी के सापेक्ष 62 प्रतिशत मतदाता होने चाहिए, जबकि यहां यह आंकड़ा 52 प्रतिशत है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और शादी के बाद आई बेटियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने पर जोर दिया। इसके लिए आधार कार्ड में पता बदलना जरूरी नहीं है। दस्तावेजों के अभाव में नाम कटने वाले लोग 16 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची चार जनवरी को प्रकाशित होगी। उन्होंने विधानसभा के सभी 500 बूथों पर पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने और जांच के बाद दोहरे व फर्जी नाम हटवाने की अपील की। बिशनपुर टीला, शिखाना, नसरापुर और जसौली में भी एसआईआर की बैठकें कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कन्नौज के 10 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा,1939 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कन्नौज। जनपद के दस परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को नवोदय प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा में जहां 2233 बच्चों ने प्रतिभाग किया, वहीं 1939 बच्चे परीक्षा से गैरहाजिर रहे।बताते चलें कि, परीक्षा को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी द्वारा बनाए गए जिले के दस परीक्षा केंद्रों, कन्नौज पब्लिक स्कूल अकबरपुर सरायघाघ में 603, जागरण पब्लिक स्कूल में 403, सिटी चिल्ड्रेन अकादमी छिबरामऊ में 375, सेंट पॉल स्कूल छिबरामऊ में 375, जे पी अकादमी गुरसहायगंज तिर्वा रोड में 628, आशा देवी इंटर कॉलेज सौंरिख में 409, कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मकरंदनगर,कन्नौज में 229, तिर्वा के महेंद्र नीलम जनता इंटर कॉलेज में 414, ए के रहमानिया इंटर कॉलेज किनौरा में 414, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर इंदरगढ़ में 322 परीक्षार्थियों को प्रवेश परीक्षा देनी थी। परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर परीक्षा केंद्रों पर संबंधित व्यवस्थाओं को भी पूरा करते हुए परीक्षा संपन्न कराने को केंद्र व्यवस्थापकों को भी नियुक्त किया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक के मुताबिक सुबह साढ़े 11 बजे से डेढ बजे तक आयोजित कराई गई परीक्षा में 4172 बच्चों को शामिल होना था। इसमें संबंधित परीक्षा केंद्रों पर 2233 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया,जबकि 1939 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रवेश परीक्षा के दौरान जिले के जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस कप्तान विनोद कुमार, डीआईओएस ने भी संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मियों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था भी देखी।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं



छिबरामऊ, कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए। राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। भूमि विवाद एवं अन्य संवेदनशील प्रकरणों में आवश्यकतानुसार संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच एवं कार्रवाई की जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें न्यायोचित समाधान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं जनहित की भावना के साथ कार्य करें और प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें न्याय दिलाना है। पुलिस अधिकारी शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करें, प्रकरणों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें तथा कानून एवं शांति व्यवस्था से संबंधित मामलों में विशेष सतर्कता बरतें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखते हुए फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।

ट्रक चालक का फांसी के फंदे से लटका मिला शव

कन्नौज। संदिग्ध परिस्थितियों में बबलू के पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से एक 33 वर्षीय युवक का शव लटका हुआ मिलने की सूचना पर गांव के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मृतक ट्रक चालक बताया गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के गांव मचुआपुर गांव के बाहर नित्य क्रिया को घरों से निकले ग्रामीणों ने एक युवक का शव बबूल के पेड़ के सहारे फांसी से लटका हुआ देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक का शव पेड़ पर जमीन से काफी ऊंचाई पर लटका हुआ मिलने पर मामला संदेहास्पद नजर आया। मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना पर ठठिया थाना प्रभारी भागमल सिंह और चौकी इंचार्ज बिनीत वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए मृतक के शव को नीचे उतरवाया और मौके से साक्ष्य जुटाना शुरू किया। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने पूँछतांछ शुरू की तो पता चला कि, मृतक मचुआपुर गांव निवासी चंद्रभूषण का पुत्र रामकुमार था।

मामले की सूचना मृतक के परिजनों तक पहुंची तो परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला शुरू हो गया। मृतक के पिता के मुताबिक उनका बेटा ट्रक ड्राइवर था। बीती रात दस बजे के करीब रामकुमार घर पर मौजूद था, इसके बाद वह कब घर से निकल गया,परिवार के किसी सदस्य को जानकारी नहीं।

मामले में ग्रामीणों का कहना था कि, मृतक पारिवारिक कलह से परेशान था और नशे का सेवन भी करता था। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी सोनी देवी और तीन पुत्रों में 5 वर्षीय आर्यन,7 वर्षीय आयुष और 10 वर्षीय दिव्यांश हैं। बताया जा रहा है कि, मृतक की पत्नी बीती देर सायं से घर पर मौजूद नहीं थीं। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि, मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है।

समधन घटना पर पूर्व विधायक ने कोतवाली प्रभारी से की वार्ता, कहा निर्दोष को सजा न मिले, दोषी को जाए जेल

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। समधन नगर पंचायत में कल हुई घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है, घटना को लेकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने आज कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी से वार्ता की, उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। वार्ता के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि समधन नगर पंचायत की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसी घटना से गांव की शांति भंग होती है और आम लोगों में भय का माहौल बनता है, पुलिस को इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच करनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और गांव में फिर से शांति कायम हो सके। निर्दोष को न मिले सजा, दोषी जाए जेल ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कोतवाली प्रभारी से स्पष्ट कहा कि इस घटना में जो लोग निर्दोष हैं, उनको किसी भी प्रकार की कोई सजा न दी जाए, निर्दोष लोगों को परेशान करना या उनको झूठे मामले में फंसाना गलत होगा, इससे गांव में और ज्यादा तनाव बढ़ेगा और लोगों का पुलिस पर से भरोसा उठेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को चाहिए कि वह हर पहलू की गहराई से जांच करे, घटना के समय मौजूद लोगों से पूछताछ करे, सबूतों को जुटाए और उसके बाद ही कार्रवाई करे, जो लोग वास्तव में दोषी हैं, जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है, उनको जेल भेजा जाए, दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आगे से कोई भी ऐसी घटना करने की हिम्मत न करे। शांति की अपील पूर्व विधायक ने समधन के लोगों से भी शांति बनाए रखने की अपील की, उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में भाईचारा बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस का सहयोग करें, कानून को अपने हाथ में लेने से किसी का भला नहीं होगा, जो भी मामला है, वह कानून के दायरे में ही सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ा हूं, निर्दोषों की लड़ाई में मैं पीछे नहीं हटूंगा, गांव के हर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी है, पुलिस प्रशासन से मेरी यही मांग है कि निष्पक्ष जांच हो, निर्दोष बचे और दोषी को सजा मिले। कोतवाली प्रभारी ने दिया आश्वासन वार्ता के दौरान कोतवाली प्रभारी ने पूर्व विधायक को आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में पूरी निष्पक्षता से जांच कर रही है, किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ साक्ष्य के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है।

ऑटो-ई-रिक्शा के तय होंगे स्टॉप और रूट, लगेंगे साइनेज



असीम अरुण ने चालकों से किया संवाद,अतिक्रमण हटाने और ई-चालान में पारदर्शिता पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऑटो और ई-रिक्शा के स्टॉप व रूट निर्धारित किए जाएंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बस स्टैंड के पास चालकों से संवाद कर यातायात सुधारने पर चर्चा की। उन्होंने नगर पालिका को स्टॉप चिह्नित करने के साथ गति सीमा और नो-पार्किंग के साइनेज लगाने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है। अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था सुधारने पर चालकों ने भी सहमति जताई। उन्होंने गलत दिशा में वाहन न चलाने और एक्सप्रेसवे की इमरजेंसी लेन में वाहन खड़ा नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस की जांच प्रक्रिया सख्त बनाने पर जोर दिया। ई-चालान में पारदर्शिता की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि फोटो में उल्लंघन स्पष्ट दिखना चाहिए। असंतुष्ट चालक प्रतिवाद कर सकते हैं। उन्होंने प्रतिवाद व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमों में जरूरी बदलाव का भरोसा दिया।

महसैया में 350 मीटर लंबा पक्का नाला बनेगा, बाढ़ से मिलेगी राहत

कन्नौज। ग्राम महसैया के ग्रामीणों को जलभराव और बाढ़ की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए 350 मीटर लंबा पक्का नाला बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडेय ने शनिवार को निरीक्षण भवन में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण से मुलाकात कर निर्माण का प्रस्ताव सौंपा। अभिषेक पांडेय ने बताया कि बरसात के दौरान गांव में बाढ़ और जलभराव से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। सिंचाई विभाग ने समस्या के समाधान के लिए 350 मीटर लंबे पक्के नाले का प्राक्कलन तैयार किया है। उन्होंने इसके निर्माण के लिए करीब ढाई करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कराने की मांग की। इस पर मंत्री असीम अरुण ने समस्या के समाधान और नाला निर्माण की दिशा में जल्द कार्रवाई का आश्वासन

मेरी पहचान, खाटू वाला श्याम ..... विवेक गुप्ता

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में बाबा खाटू श्याम की अलख बुलंदियों पर पहुंचाने वाले मोहल्ला कोलियान निवासी श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता का कहना है अब तो मेरी पहचान खाटू वाला श्याम के नाम से हो गई है। कस्बा विशुनगढ़ के मूल निवासी विवेक गुप्ता बताते हैं उनके पिता लखमीचंद्र गुप्ता कारोबार के सिलसिले में वर्ष 1965 में यहां आ गए थे और बर्तन की दुकान खोली। इसके बाद वर्ष 1991 में विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार विद्या निकेतन के नाम से स्कूल प्रारंभ किया जो अभी भी चल रहा है। वर्ष 2000 में इसी जगह गेस्ट हाउस प्रारंभ किया ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कम पैसे में शादी, रुकाई व जन्मोत्सव आदि कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त जगह मिल सके। अब इसी जगह बचपन प्ले स्कूल इसी वर्ष से प्रारंभ हो गया है। वर्ष 2018 से मैं बाबा खाटू श्याम का भक्त हूं। आज मेरे पास सब कुछ उन्हीं के आशीर्वाद से है। पत्नी रश्मि गुप्ता एवं पुत्र वीर व योद्धा भी बाबा खाटू श्याम के अनन्य भक्त हैं। वर्ष 2019 में खाटू श्याम निशान यात्रा और रात में जागरण कार्यक्रम की शुरुआत की। मेरे प्रथम इष्ट गणेश जी हैं।

गुरसहायगंज नगर पालिका के सर्किल नंबर 06 में बड़ी उपलब्धि, सभी 08 प्रगणकों ने चालू किया पीई ऐप

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पालिका गुरसहायगंज के सर्किल नंबर 06 से बड़ी खबर सामने आई है, सर्किल के अंतर्गत आने वाले सभी 08 प्रगणकों ने अपना पीई ऐप सफलतापूर्वक चालू कर लिया है, इस उपलब्धि पर नगर पालिका में खुशी का माहौल है और सुपरवाइजर अमीर हमजाह की कार्यशैली की सराहना हो रही है। सुपरवाइजर अमीर हमजाह की ओर से जारी स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्किल नंबर 06 के अंतर्गत सभी 08 प्रगणकों ने अपना पीई ऐप सफलतापूर्वक चालू कर लिया है, अब सभी प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में ऐप के माध्यम से काम करेंगे, जिससे काम में पारदर्शिता आएगी और समय पर रिपोर्ट भी मिलेगी। इन 08 प्रगणकों का ऐप हुआ चालू जारी सूची के अनुसार जिन प्रगणकों का पीई ऐप चालू हुआ है, उनमें परवेज आलम खान, मोहम्मद जमील खान, बृज प्रताप सिंह, रतन बाबू, यूसुफ खान, अनुपमा सिंह, अमित कुमार और कमलेश यादव शामिल हैं, सभी 08 प्रगणकों की स्थिति रिपोर्ट में चालू दर्शाई गई है। सुपरवाइजर अमीर हमजाह ने क्या कहा सुपरवाइजर अमीर हमजाह ने कहा कि सर्किल नंबर 06 के सभी प्रगणकों ने समय पर अपना पीई ऐप चालू करके बड़ी जिम्मेदारी निभाई है, सभी ने एक टीम की तरह काम किया है, इसके लिए सभी प्रगणक बधाई के पात्र हैं, अब हमारा लक्ष्य है कि ऐप के माध्यम से हर काम समय पर और सही तरीके से पूरा हो, किसी भी तरह की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पीई ऐप चालू होने से काम की गति बढ़ेगी, हर प्रगणक की रिपोर्ट सीधे सिस्टम में दर्ज होगी और उच्च अधिकारियों तक सही जानकारी समय पर पहुंचेगी, इससे नगर पालिका के काम में और ज्यादा पारदर्शिता आएगी और जनता को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप : नीरज पाल



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। उच्च प्राथमिक विद्यालय खानपुर कसावा में आयोजित एसएमसी की बैठक में सामाजिक कुप्रथाओं पर गहन चर्चा की गई और सभी को जागरूक किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक नीरज पाल ने बाल विवाह को समाज के लिए अत्यंत खराब बताते हुए कहा बाल विवाह न केवल बच्चों के बचपन को छीन लेता है, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। छोटी उम्र में विवाह से लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। वे पढ़-लिख नहीं पातीं, जिससे पूरा परिवार और समाज पिछड़ जाता है। हमें इस कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा। हर अभिभावक को अपने बच्चों को शिक्षा दिलानी चाहिए और सही उम्र में ही विवाह करना चाहिए। तभी हमारा समाज मजबूत और विकसित बनेगा।बैठक में सदस्यों ने दहेज प्रथा, अशिक्षा और लड़कियों की शिक्षा पर भी चर्चा की। सभी ने मिलकर इन बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान अश्वनी पाल, पूनम देवी, राधा रानी तथा अन्य एसएमसी सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

आज निकलेगी श्री खाटू श्याम की भव्य विशाल निशान यात्रा

आकर्षण का केंद्र रहेगी महाराष्ट्र के 100 ढोल की टीम



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा नगर में 29 नवंबर रविवार को निकलेगी। इसमें महाराष्ट्र से आ रही 100 ढोल की टीम सभी के आकर्षण का केंद्र रहेगी। मोहल्ला कोलियान में निशान वाले श्याम बाबा के झंडे तैयार करने का काम एक सप्ताह से लगातार चल रहा है। इस बार 11100 निशान लेकर श्याम भक्त शोभा यात्रा में चलेंगे। यह सभी निशान बनाकर तैयार हैं। रविवार की सुबह 10 बजे सौरिख रोड पर सिद्ध पीठ मां कालका देवी मंदिर के पास स्टाल लगाकर श्याम भक्तों में निशान वितरित किए जाएंगे। उधर श्री खाटू श्याम सेवा समिति सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी नगर के प्रतिष्ठित लोगों को बाबा की निशान यात्रा से जोड़ने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, संदीप दुबे, रामदत्त गुप्ता, छोटे मिश्रा, अभिनव तिवारी, गोविंद गुप्ता, पिंकी पांडेय, पल्ली पांडेय उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष अनुपम वर्मा, सवर्ण मुखिया विनोद दुबे, युवा नगर अध्यक्ष सुशांत गुप्ता सोनू, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना ने निशान यात्रा के लिए सघन जनसंपर्क किया। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने भी अपने समस्त पदाधिकारियों से इस निशान यात्रा ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शामिल होने की अपील की है।

अखिलेश यादव को भी छह महीने जेल में रहकर देखना चाहिएः सुब्रत

कन्नौज। भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को छह महीने जेल में रहने की सलाह देने वाले आजम खान के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग होने के बावजूद आजम खान की इस बात से वह सहमत हैं कि अखिलेश यादव को भी छह महीने जेल में रहकर देखना चाहिए।

कन्नौज में मीडिया से बातचीत में सुब्रत पाठक ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके एक करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें जेल भेजने की साजिश रची गई थी। तत्कालीन कन्नौज एसपी कलानिधि नैथानी समेत अन्य लोगों पर उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक मुकदमे में तो घटना के चार महीने बाद उनका नाम दर्ज किया गया था।

डीएम- एसपी ने परखी जेल की सुरक्षा व्यवस्था, दिए निर्देश

- **बैरकों और बंदियों की स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा, प्रतिबंधित सामग्री रोकने व नए बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज



जलालाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने शनिवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार कन्नौज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की सभी बैरकों, बंदियों और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने अधिकारियों को बताया कि जेल प्रशासन और स्टाफ की ओर से नियमित रूप से कारागार की जांच की जाती है। अधिकारियों ने जेल में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचने पर रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जेल में दाखिल होने वाले नए बंदियों का जेल चिकित्सकों से अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को नियमित निरीक्षण करने, बंदियों पर विशेष सतर्कता बरतने और कारागार में निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक सहित आदि लोग रहे।

निजी अस्पताल में मरीज के इलाज को लेकर विवाद ,मारपीट

समृद्धि न्यूज



तिर्वा/कन्नौज। निजी अस्पताल में भर्ती एक महिला के उपचार के दौरान किसी बात को लेकर कुछ लोगों और हॉस्पिटल स्टॉफ के मध्य विवाद हो गया। विवाद के दौरान हुई मारपीट में अस्पताल का एक कर्मी चोटिल भी हो गया। बताते चलें कि,जिले के तिर्वा नगर में बड़ी संख्या में निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। मामला तिर्वा नगर के इंदरगढ़ तिराहे पर स्थित एक निजी अस्पताल का है। यहां विगत दिन एक गांव की रहने वाली महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। महिला के तीमारदार भी मौजूद थे।बीती सायं महिला के उपचार के दौरान किसी बात को लेकर तीमारदारों और अस्पताल स्टॉफ में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद की स्थित बन गई। इसी बीच अस्पताल पहुंचे कुछ लोगों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए विवाद कर दिया। अस्पताल में विवाद और हंगामा होते देख यहां मौजूद अन्य मरीजों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक विवाद के दौरान हंगामा और विवाद कर रहे लोग अस्पताल स्टॉफ से भिड़ गए और दोनों ओर से खींचतान और मारपीट होने लगी। जहां घटनाक्रम का पूरा मामला अस्पताल की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया,वहीं विवाद के दौरान एक हॉस्पिटल कर्मी गौरव चोटिल भी हुआ है।

उपरोक्त मामले में अस्पताल स्टॉफ की ओर से चोटिल स्टॉफ कर्मी ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को चार लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी अस्पताल स्टॉफ के खिलाफ कार्यवाही को लेकर शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी रविशंकर त्रिपाठी ने बताया कि, मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है। सीसीटीवी को भी देखा जा रहा है, मामले में जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।





डीएम-एसपी ने विद्यालयों में बनाये गये मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, ईपी रेशियो बढ़ाने एवं प्राप्त फार्मों का समयबद्ध डिजिटाइजेशन करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न मतदान केंद्रों एवं बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने विकास खण्ड कमालगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय रजीपुरा एवं राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेबिल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय रजीपुरा में स्थापित मतदान बूथ पर उपलब्ध फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अवलोकन किया।

उन्होंने बूथ लेबिल अधिकारियों से पंजीकरण के लिए वितरित किए गए फार्म-6, नाम विलोपन से संबंधित फार्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन एवं अन्य प्रविष्टियों के लिए फार्म-8 के वितरण, प्राप्ति एवं उनके डिजिटाइजेशन की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वेक्षण करें तथा विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र युवा मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहने पाए। इसके साथ ही उन्होंने ईपी रेशियो में अपेक्षित वृद्धि लाने के लिए जनसंख्या के सापेक्ष पात्र मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बूथ निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्राथमिक विद्यालय रजीपुरा का भी निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचने पर अध्ययनरत नन्हें.मुन्ने बच्चों ने दोनों अधिकारियों का शिष्टाचारपूर्वक अभिवादन किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद कर विद्यालय में संचालित शिक्षण गतिविधियों एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबाना अंजुम को निर्देश दिए कि कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ अध्ययन-अध्यापन से संबंधित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं में भी सुधार एवं वृद्धि की जाए।



निरीक्षण करती जिलाधिकारी

उन्होंने अभिभावकों को भी जागरूक करने पर जोर दिया, ताकि वे सर्दी के मौसम में अपने बच्चों को निर्धारित स्कूल यूनिफॉर्म में ही विद्यालय भेजें और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम चेतावनी देते हुए कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पुष्कर वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चाचा व भाई को स्टेशन लेने जा रहे युवक की बाइक भिड़ंत में मौत



मृतक का फाइल फोटो

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। चाचा और छोटे भाई को रेलवे स्टेशन से लेने बाइक से जा रहे युवक की सामने से आई तेज रफ्तार बाइक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। थाना कमालगंज के ग्राम नरायनपुर गढ़िया निवासी राकेश कुमार के भाई संतोष कुमार और छोटा बेटा सत्यभान कायमगंज में दावत खाने के बाद ट्रेन से कमालगंज लौट रहे थे। उन्हें लेने के लिए राकेश कुमार का बड़ा बेटा आनंद कुमार बाइक से कमालगंज स्टेशन जा रहा था। बीती रात करीब 10:30 बजे जब आनंद मिर्जा नगला के पास से गुजर रहा था, तभी सामने से तेजी से आई एक बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने आनंद के मोबाइल फोन के जरिए उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर रूप से घायल आनंद को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे, जहां डॉ0 मानसिंह वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि दुर्घटना में घायल दूसरा युवक अपनी बाइक लेकर मौके से चला गया, हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसकी बाइक की नंबर प्लेट की फोटो खींच ली थी। इसी फोटो के आधार पर पिता राकेश कुमार ने बाइक संख्या यूपी 70 डीबी 6594 के चालक के खिलाफ टक्कर मारकर बेटे को मार डालने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। परिजनों के मुताबिक आनंद हैदराबाद में प्राइवेट नौकरी करता था और करवा चौथ पर घर आया था। उसकी शादी करीब छह माह पहले ही पूनम से हुई थी। युवक की असमय मौत से पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

युवक व स्वजनों पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

- **नौ आरोपितों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज**
- **दावत से लौटते समय घटी घटना**

दावत खाकर वापस लौट रहे युवक व उसके स्वजनों को दबंगों ने घेरकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने नौ आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला मांझ गांव पूर्व निवासी नोहिल खां ने दी तहरीर में बताया कि आठ दिन पूर्व चचेरे भाई चंदन का गांव निजामुददीनपुर निवासी अरबाज आलम के साथ एक शादी समारोह में वाद विवाद हो गया। शादी समारोह में मौजूद लोगों ने मामले को शांत कराकर मामले को रफा-दफा के दिया। 26 नवंबर गुरुवार को नोहिल अपने स्वजनों फरमान, शाहिद, अजीज, अयान, चंदन के साथ दावत खाकर वापस घर लौट रहे थे। नगर पंचायत गेस्ट हाउस के निकट पहुंचने पर पहले से घात लगाए बैठे निजामुददीनपुर गांव निवासी शफीक आलम, शाह आलम, फितरत आलम, अरबाज, फरहाज उर्फअमन, अहबाज उर्फ शमन, हसनैन, अशरफ उर्फ राजा, अरसलान उर्फ लल्ला ने रंजिश में घेरकर लाठी-डंडों ए धारदार हथियार से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। जिससे पीड़ित व उसके सभी स्वजन गंभीर रूप से घायल हो गए।

बीच बचाव के दौरान नोहिल के गले में पड़ी सोने की ज़ंजीर कहीं गिर गई। लोगों के आने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफमुकदमा हत्या के प्रयास व मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

चिलसरा चौकी इंचार्ज का उपचार के दौरान निधन

पुलिस महकमे में शोक की लहर



मृतक का चौकी इंचार्ज का फाइल फोटो

शमशाबाद,समृद्धि न्यूज। चिलसरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनुज कुमार चौहान (36) का शनिवार दोपहर बाद कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से पुलिस महकमे और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को ड्यूटी के दौरान अनुज कुमार चौहान को ब्रेन हेमरेज हो गया था। इसके बाद चौकी के सिपाही अंकित कुमार सिंह और जितेंद्र कुमार सिंह उन्हें तुरंत चौक बाजार स्थित एक नर्सिंग होम ले गए थे। वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई लखनऊ रेफर किया, लेकिन तबीयत अत्यंत नाजुक होने के चलते उन्हें कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे तभी से वेंटिलेटर पर थे। उनकी देखरेख के लिए दोनों सिपाही अस्पताल में ही तैनात रहे। दोपहर करीब 1:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बताया गया कि 36 वर्षीय अनुज कुमार के कोई संतान नहीं थी और उन्होंने अपनी दोनों बहनों का विवाह कर दिया था। उन्हें पिता के स्थान पर मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी मिली थी। शमशाबाद थाना अध्यक्ष सचिन चौधरी ने चौकी इंचार्ज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बताया कि अनुज कुमार मूल रूप से जनपद मुरादाबाद के रहने वाले थे और जनवरी 2026 में कोतवाली मोहम्मदाबाद से स्थानांतरित होकर यहां आए थे।

कार और ट्रैक्टर में भिड़ंत, दोनों चालक सुरक्षित

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के सामने शनिवार को अर्टिगा कार और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रैक्टर के अगले पहिए टूटकर इंजन में फंस गए, जबकि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस भीषण टक्कर में दोनों चालक सुरक्षित बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेट्रोल पंप से निकलते समय अर्टिगा कार चालक ने अचानक वाहन से संतुलन खो दिया। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने वाहन को संभालने की कोशिश की, लेकिन दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, जिससे कुछ देर के लिए मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार और ट्रैक्टर चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त अर्टिगा कार को कब्जे में लेकर थाने भिजवाया और यातायात सुचारू रखने के लिए ट्रैक्टर को सड़क से हटाकर किनारे खड़ा कराया।



क्षतिग्रस्त कार को देखते ग्रामीण

702वें उर्स की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

- **जायरीन की सुविधा, सुरक्षा, पेयजल व यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए सख्त निर्देश**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से कमालगंज के शेखपुर स्थित हजरत शेख मखदूम शाह लंगरजहां रहमतुल्लाह अलैह के 702वें उर्स के आयोजन की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उर्स स्थल एवं उसके आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आयोजन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने उर्स में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जायरीन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आयोजन स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उर्स में आने वाले प्रत्येक जायरीन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने उर्स के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन स्थल, प्रमुख मार्गों, प्रवेश एवं निकास स्थलों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखा जाए, जिससे जायरीन एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पुष्कर वर्मा, क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश कुमार, थानाध्यक्ष कमालगंज दीपक त्रिवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निरीक्षण करती डीएम व एसपी

स्वास्थ्य विभाग में 45 प्रतिशत कमीशनखोरी के कथित ऑडियो से हड़कंप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- **ठेकेदार ने सीएमओ पर लगाए आरोप**

जनपद के स्वास्थ्य विभाग में कथित कमीशनखोरी से जुड़ा एक ऑडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। इस ऑडियो में सीएमओ और एक ठेकेदार के बीच 45 प्रतिशत कमीशन के लेन-देन की बातचीत होने का दावा किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ठेकेदार अवनीश शर्मा ने सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए यह ऑडियो प्रसारित किया है। उनका दावा है कि बातचीत के दौरान सीएमओ की ओर से कुल 45 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की बात कही गई-जिसमें कथित तौर पर 25 प्रतिशत कमीशन सीएमओ/संबंधित पक्ष और 20 प्रतिशत कमीशन स्टोर में दिए जाने की चर्चा सुनाई देने का दावा है। ठेकेदार अवनीश शर्मा के अनुसार उन्हें 28 जुलाई को स्वास्थ्य सामग्री सप्लाई का टेंडर मिला था और उन्होंने जुलाई में ही सामग्री की आपूर्ति कर दी थी। उनका आरोप है कि भुगतान के नाम पर दो लाख रुपये सीएमओ को और दो लाख रुपये स्टोर में दिए गए, लेकिन इसके बावजूद भुगतान बकाया है और 50 हजार रुपये न देने पर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। ठेकेदार ने यह भी आरोप लगाया कि दबाव न बनाने की बात कहने पर उन्हें मुकदमे का सामना करने की चेतावनी दी गई, जबकि अब वे सीएमओ के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कराने की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 18 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग में टेंडर के दौरान फर्जी जीएसटी अनियमितता प्रमाण पत्र लगाने के मामले में सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय के आदेश पर एसीएमओ डॉ0 सर्वेश कुमार यादव ने कई फर्मों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस कार्रवाई के बाद से ठेकेदारों में नाराजगी देखी जा रही है। इस मामले में सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। फिलहाल वायरल ऑडियो की हमारा समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। इसकी जांच होने पर ही पता चलेगा।



सीएमओ व ठेकेदार

17 बीएलओ के मानदेय पर लगी रोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में लापरवाही बरतने पर 17 बीएलओ कार्यकत्री के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित करने पर रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि कार्यकत्री राजकुमारी, रीना पाल, इकलेश, सुनीता, देवी, ममता गंगवार, अनीता गौतम,कुसुमलता, संगीता देवी, कल्पना, रेखा देवी, सरोज दुबे, पुष्पा देवी, सुधा, द्रोपदी, सुनैना, ममता पाठक के मानदेय पर रोक लगा दी गयी है। उन्होंने बताया कि इन कार्यकत्रियों की ओर से अपने बीएलओ कार्य में यदि कोई सुधार नही किया गया तो सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जायेगी।

बाल विवाह उन्मूलन पर छात्राओं को किया जागरूक

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

कम उम्र और जबरन विवाह उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को अमृतपुर स्थित दयानंद इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के चाइल्ड राइट्स एसोसिएट ज़ीशान अंसारी ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ गंभीर कानूनी अपराध भी है। इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गहरा असर पड़ता है तथा विशेष रूप से कम उम्र में विवाह के कारण लड़कियों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं व बीच में पढ़ाई छूटने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि विवाह की कानूनी उम्र लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष है, इससे कम उम्र में विवाह करना या करवाना बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि आस-पास कहीं भी बाल विवाह की घटना होने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या आपातकालीन सेवा 112 व 1090 पर सूचना दी जा सकती है, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है। सुलोचना कुशवाहा ने शपथ दिलाई।



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

- **प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कमालगंज में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाने पर उपस्थित फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग से संबंधित भूमि विवाद एवं कब्जे से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार कब्जा दिलाए जाने के उपरांत मौके पर कराई गई पत्थरबंदी को सुरक्षित रखना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा पत्थरबंदी को हटाने अथवा क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया जाता है, तो ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी विवादों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार के विवाद की पुनरावृत्ति न हो तथा कानून-व्यवस्था बनी रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय परीक्षण करते हुए तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष समाधान किया जाए। विशेष रूप से राजस्व विभाग से संबंधित भूमि विवादों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करे। शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों एवं थानों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा निस्तारण की कार्यवाही पारदर्शी एवं प्रभावी हो। कुल 08 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पुष्कर वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर राजेश कुमार, थाना प्रभारी कमालगंज सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



समस्यायें सुनीत डीएम एसपी व नगर मजिस्ट्रेट

जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्यों के सापेक्ष की गई वसूली, कर प्राप्तियों की स्थिति, राजस्व संबंधी कार्यों तथा जनशिकायतों के निस्तारण की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप राजस्व वसूली एवं जनशिकायतों के निस्तारण में पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों तथा उनके निस्तारण की अद्यतन प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक ढंग से सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से समझते हुए उसका वास्तविक समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता से शून्य संपर्क करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। साथ ही इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायत से संबंधित प्रकरणों में अधिकारी आवश्यकतानुसार स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा निस्तारण की कार्यवाही के दौरान मौके की लाइव लोकेशन सहित फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड करेंए जिससे निस्तारण की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जा सके। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह द्वारा कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, मंडी, नगर विकास, खनन, सिंचाई एवं वानिकी सहित विभिन्न विभागों द्वारा राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष की गई प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए तथा राजस्व संग्रह में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम हैए वे विशेष प्रयास करते हुए वसूली की गति बढ़ाएं। राजस्व वसूली से संबंधित लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा बकायेदारों से नियमानुसार वसूली की प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों की विद्युत आपूर्ति किसी भी स्थिति में विद्युत बिलों के बकाया भुगतान के कारण बाधित न की जाए। बकाया विद्युत बिलों के भुगतान की प्रक्रिया के कारण किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई की बिजली आपूर्ति बाधित न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी अम्बरीष बाजपेई, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी गुरु प्रसाद गुप्ता, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

सर्राफ लूटकांडः रुदायन के पास मिला खाली झोला, नकदी-जेवरात गायब

कंपिल,समृद्धि न्यूज।

सर्राफसे लूट के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस जांच में जुटी रही। लूटा गया झोला बरामद हो गया है, लेकिन उसमें रखी नकदी और जेवरात गायब हैं। झोले में दुकान की चाबियां, विजिटिंग कार्ड और हिसाब के पर्चे मिले हैं। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़ित सर्राफ से भी घटना के संबंध में जानकारी ली गई। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। कायमगंज कोतवाली के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी बंधन वर्मा की कटिया गांव में सर्राफा की दुकान है। शुक्रवार शाम वह अपने साथी मुख्तार के साथ घर लौट रहे थे। कटिया गांव से निकलकर कायमगंज मार्ग पर नहर पटरी की ओर मुड़ते ही अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा, सरिया और डंडे के बल पर उन्हें रोक लिया। बदमाश 80 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषणों से भरा झोला लूटकर फरार हो गए थे, घटना के बाद शनिवार को कंपिल, कायमगंज और शमसाबाद थानों की पुलिस ने क्षेत्र में छानबीन की। पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की। इसी दौरान रुदायन गांव में सड़क किनारे लूटा गया झोला बरामद हुआ। हालांकि उसमें नकदी और जेवरात नहीं मिले। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। सीओ कायमगंज अजय वर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग का समापन, सांसद ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

फर्रूखाबाद,समृद्धि न्यूज।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में स्व0 ब्रहमदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन समारोह में सांसद मुकेश राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विक्रम अग्रवाल ने मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत किया।

इस अवसर पर विनोद कुमार शुक्ला, शैलेश शुक्ला, वजीरमा तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव सिंह ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सांसद मुकेश राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूर्नामेंट के सफल आयोजन की जमकर सराहना की। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि जनपद की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है,



खिलाड़ियों के साथ सांसद आदि

जिसमें खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ अच्छा भोजन, मेडिकल सुविधा, बेहतर ग्राउंड और निष्पक्ष अंपायरिंग की व्यवस्था मिली। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत चलती रहती है, आज जो हारा है वह कल जीतेगा। इसलिए खिलाड़ियों को निराश न होकर निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए और अपने जिले का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम में सचिव मोहन लाल अग्रवाल और विक्रम अग्रवाल ने सांसद का आभार व्यक्त किया। साथ ही आयोजकों द्वारा सभी खिलाड़ियों, अंपायरों और स्कोरर को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मेडिकल की व्यवस्था डॉ0 अमित सक्सेना ने संभाली।

पीएन एकेडमी कायमगंज ने 64 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर किया कब्जा

समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद। पीएन एकेडमी कायमगंज और जयहिंद क्लब फतेहगढ़ के बीच अंडर-19 आयु वर्ग का फाइनल क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें पीएन एकेडमी कायमगंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 64 रन से जीत हासिल कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएन एकेडमी कायमगंज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाए। टीम की ओर से उत्कर्ष ने 60 रन, पार्थ पाठक ने 21 रन, ओम शिव ने 18 रन, अखिल ने 15 रन, आदित्य ने 13 रन तथा आमिल ने 10 रन का योगदान दिया। जयहिंद क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए ऋषभ पांडे ने 3 विकेट और आर्यन राठौर ने 2 विकेट लिए, जबकि अमोग अरोड़ा, शुभम तिवारी और अर्पित कुमार ने 1-1 विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयहिंद क्लब फतेहगढ़ की टीम 18.4 ओवर में 113 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जयहिंद क्लब के लिए आर्यन राठौर ने 20 रन, तेजस पांडे ने 18 रनए वंश राठौर ने 14 रन, अर्पित कुमार ने 12 रन और प्रखर पाठक ने 11 रन बनाए। पीएन एकेडमी के गेंदबाजों में गगन कुमार, निकुंज और पार्थ पाठक ने 2-2 विकेट हासिल किए। शानदार बल्लेबाजी के लिए उत्कर्ष को मैन ऑफद मैच चुना गया। इस अवसर पर सचिव मोहनलाल अग्रवाल ने घोषणा की कि दिसंबर माह में राज्य महिला क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी।

कायमगंज में 1 और 2 दिसंबर को बंद रहेगी रेलवे क्रॉसिंग

कायमगंज,समृद्धि न्यूज।



रेलवे क्रासिंग

कायमगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिम स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 182बी मरम्मत कार्य के चलते 1 और 2 दिसंबर को बंद रहेगी। दोनों दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक क्रॉसिंग से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा और किसी भी वाहन को गुजरने की अनुमति नहीं होगी। पूर्वोत्तर रेलवे के फतेहगढ़ रेलपथ कार्यालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार इस अवधि में क्रॉसिंग पर पीक्यूआरएस मशीन से सीटीआर और डुओमैटिक मशीन से पैकिंग का कार्य कराया जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान हजारों वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बंद क्रॉसिंग से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित समपार संख्या 181सी के पितौरा-अचरा मार्ग से होकर निकल सकेंगे। भारी वाहनों के लिए कंपिल और नवाबगंज मार्ग तय किया गया है। बनाए रखने और सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने का अनुरोध करते हुए रेलवे ने पुलिस अधीक्षक, एसडीएम कायमगंज, सीओ कायमगंज, कोतवाली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल समेत संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा है।

आंगनबाड़ी केंद्र मदारपुर में हुई माता उन्मुखीकरण कार्यशाला



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बच्चों के साथ प्रधानाध्यापक

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर स्थित मिनी आंगनबाड़ी केंद्र पर माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कमलेश राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मेमवती ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कमलेश राजपूत ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर अब बाल वाटिका संचालित की जा रही है। जिसमें नर्सरी केजी वन, और केजी टू की कक्षाएं चल रही हैं, जिसमें सभी माताओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों से समय से स्कूल जरुर भेजे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी व स्कूल के बच्चों की कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र के हार्दिक प्रथम, वर्षा द्वितीय, तान्या तृतीय और पीयूष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि स्कूली बच्चों में राधिका प्रथम, प्रतिभा द्वितीय, काव्या तृतीय व हिमांशु ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी विजेता बच्चों को पेश, पेंसिल बाक्स और नोट बुक देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी आगंतुक माताओं का आभार व्यक्त कर मीटिंग समाप्त करने की घोषणा की। मीटिंग में भगवान देवी, गंगा देवी, पूनम, अंजू, सीमा, सत्यवती सहित एक दर्जन माताएं उपस्थित रहीं।

सेवानिवृत प्रा.शि.क.परि. के हरीराम सिंह बने ब्लाक अध्यक्ष



नवनियुक्त पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ स्थित शिक्षक भवन में उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद विकास खंड बढ़पुर का पंचवर्षीय निर्वाचन एवं अधिवेशन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह और पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर यादव की देखरेख में यह चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई। निर्धारित समय दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक के भीतर तीनों प्रमुख पदों के लिए केवल एक-एक नामांकन पत्र ही दाखिल किए गए। इसके चलते दोपहर 2 बजे निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह ने सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी अध्यक्ष हरीराम सिंह , मंत्री अजय कटियार, कोषाध्यक्ष बालकराम पाल को चुना गया। निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत उपस्थित समस्त सेवानिवृत्त शिक्षक समूह ने एक स्वर में रूपलाल वर्मा को कार्यसमिति का संरक्षक मनोनीत किया।

दरगाहे मखदूमियां शेखपुर में 702वां उर्स-ए-मखदूम व मेला शुरू

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



उर्स में मौजूद अकीदतमंद

शेखपुर स्थित दरगाहे मखदूमियां में शनिवार को 702वां उर्स-ए-मखदूम व मेला परंपरागत अकीदत और रूहानी माहौल के साथ शुरू हुआ। दरगाह के मीडिया प्रभारी मोहसिन शमसी एडवोकेट के अनुसार रवायतों के मुताबिक जोहर की नमाज के बाद कुरान-ए-पाक की तिलावत से महफिले मीलाद का आगाज किया गया। जिसमें शायरों ने नातिया कलाम पेश किए और उलमा हजरात ने हजरत शेख मखदूम की जीवनी व अमली जिंदगी पर प्रकाश डाला। सज्जादानशीन अजीजुलहक गालिब मियां को गुस्ल-ए-पाक दिया गया। जिस स्थान पर हजरत शेख मखदूम ने आखिरी सांस ली थी, वहीं रूहानी महफिल सजाई गई। महफिल में लतीफ कमालगंजवी ने दफ पर हजरत कुतुब बख्त्यार काकी की फारसी रुबाई पढ़ी, जिसके आध्यात्मिक संदेश को

कुल शरीफव दुआओं के साथ रूहानी महफिल आयोजित

सुनकर सज्जादानशीन अजीजुल हक गालिब मियां पर वज्द की कैफियत तारी हो गई। कुछ देर बाद उन्हें होश में लाया गया, जिसके उपरांत कुल शरीफ हुआ और देश में अमन-चैन, शांति, कामयाबी व तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं। उल्लेखनीय है कि करीब 702 वर्ष पूर्व शीशतान के बादशाह रहे हजरत शेख मखदूम महमूद बुर्राक लंगरजहां सोहरवर्दी अपने पीरोमुर्शिद हजरत सैय्यदना रुकने आलम अबुल फताह मुल्तानी सोहरवर्दी के आदेश पर गंगा किनारे स्थित भोजपुर आए थे। उन्होंने भोजपुर की अपनी चिल्लगाह से आध्यात्मिक चिंतन और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। 12 जमादिउल आखिर 746 हिजरी को वे यहीं अस्वस्थ हुए और 17 जमादिउल आखिर को उनका विसाल हो गया, जिसके बाद वसीयत के अनुसार 18 जमादिउल आखिर को उन्हें शेखपुर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। आज उनकी दरगाह कौमी एकता और मोहब्बत का प्रतीक बनी हुई है।

खबरें एक नजर में

सीपी विद्या निकेतन में संपन्न हुई जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा

184 परीक्षार्थी हुए शामिल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के सीपी विद्या निकेतन परीक्षा केंद्र पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा में कायमगंज ब्लॉक क्षेत्र के कुल 184 छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। निर्धारित समयानुसार परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य योगेश तिवारी की देखरेख में केंद्र पर बेहतर इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान प्रधानाचार्य योगेश तिवारी और उप प्रधानाचार्य मनोज तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई और उसके बाद उन्हें सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा कक्ष में बैठाया गया। परीक्षा को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नवोदय विद्यालय के अध्यापक पूरन यादव और संतोष कुमार शुक्ला ने सेंटर ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी निभाई। सेंटर ऑब्जर्वर के रूप में मौजूद नवोदय विद्यालय के अध्यापक संतोष कुमार शुक्ला ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीपी विद्या निकेतन केंद्र पर सभी इंतजाम बेहद संतोषजनक रहे और प्रधानाचार्य योगेश तिवारी के नेतृत्व में परीक्षा पूरी तरह अनुशासित व सफल रही।

सपा कार्यालय पर मनी ज्योतिबाफुले की पुण्यतिथि

शाहजहांपुर,समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार शनिवार को प्रख्यात समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि जिला कार्यालय बिजलीपुरा पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी।सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में उनके व्यक्तित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, जिलामहासचिव रणजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव विजय सिंह, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, साबिर अली इदरीसी, जीशान अल्वी, रामसागर यादव, हर्षित वर्मा, सुनील यादव, अनूप कुमार वर्मा, डॉ. आदित्य वर्मा, दीपू मौर्य, अयान खान, सरताज अली इदरीसी, अभय शंकर, दुर्गेश कुमार गुप्ता, गुड्डू भोजवाल, मुलायम, रामनिवास, अवनीश कुमार कनौजिया, श्लोक मौर्य, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

दो ट्रकों के चालान के बाद एआरटीओ से सेटिंग का आरोप

सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज। दो ट्रकों के चालान होने के बाद परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने ट्रकों के मालिक से बातचीत की तो मालिक की ओर से कथित रूप से एआरटीओ कार्यालय से सांठगांठ होने की बात कही गई। आरोप है कि ट्रक मालिक ने बातचीत के दौरान कहा कि उनकी एआरटीओ से सेटिंग है और इसके बदले पैसे दिए जाते हैं।इस बातचीत के सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि इस तरह की सांठगांठ की बात सही है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।हालांकि, एआरटीओ अधिकारियों पर लगाए गए कथित आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। विभाग का बयान आने के बाद बताया गया आरोप निराधार है कोई भी किसी पर आरोप लगा सकता है। फिलहाल प्रकरण को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी और शुभम मिश्रा जा रहे थे की नियामतपुर परिवहन विभाग कार्यालय से पहले ही हाईवे पर दूर ट्रक जा रहे थे जिनको रोक कर उनके मालिक से फोन पर बातचीत की गई तब यह बात सामने आई है हालांकि दोनों ट्रैकों का 20-20 हजार रुपए का चालान किया गया है।

महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की पुण्यतिथि पर हुई विचार गोष्ठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



विचार गोष्ठी में मौजूद सपा नेता

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन, संघर्षो और सामाजिक योगदान को याद किया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष में समर्पित किया। उन्होंने महिला शिक्षा एवं वंचित वर्गो के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को सभी समाज एवं धर्म के लोगों का सम्मान करना चाहिए तथा जरूरतमंदों की यथासंभव मदद करनी चाहिए। संचालन करते हुए विवेक सिंह यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिराव फुले ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शिक्षा, समानता और सम्मान दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम के आयोजक राजीव शाक्य ने कहा कि महात्मा फुले ने महिला शिक्षा, सामाजिक समानता और वंचितों के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए।

उनके विचार आज भी समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुकेश कुशवाहा, ओम प्रकाश शर्मा, रामपाल सिंह यादव, आंचल सिंह कुशवाहा, शिव शंकर शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर मनोज यादव, रमेश चंद्र यादव, राम सिंह कुशवाहा, श्रीकांत सिंह कुशवाहा, नीलम चौहान, देवेश सिंह कुशवाहा, संजय यादव, मोनू शर्मा, शिवम पटेल, रवि भारद्वाज, हेमंत शाक्य, नन्हे सिंह, बंटी कुशवाहा, अर्पित शर्मा, मुजाहिद अंसारी, कंचन सक्सेना, विकास गुप्ता, संजय शाह, मुकेश कुशवाहा, रविंद्र सिंह, बबलू शाक्य, राजीव कुमार शाक्य, आलोक कुशवाहा, राम लखन, राजीव मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि 28 एवं 29 नवंबर को अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य पूरी सक्रियता से करें।

संविधान रक्षा मार्च में जनपद के कांग्रेसी हुए शामिल



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

लखनऊ में आयोजित संविधान रक्षा मार्च कार्यक्रम में जनपद से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा अपने दर्जनों साथियों के साथ पहुंचे। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंकुर मिश्रा भी अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का ओजस्वी उद्बोधन सुना। उनके संबोधन के उपरांत सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्साह के साथ संविधान रक्षा मार्च में शामिल हुए।

यातायात माह के तहत मूक-बधिर छात्रों को बांटे गए हेलमेट



हेलमेट लगाते सीओ यातायात

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में संचालित यातायात माह नवंबर सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत मूक-बधिर छात्रों और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान डेफ एसोसिएशन से जुड़े मूक-बधिर छात्रों एवं नागरिकों को क्षेत्राधिकारी नगर और यातायात प्रभारी द्वारा निःशुल्क हेलमेट तथा सड़क सुरक्षा संबंधी लोगो वितरित किए गए। कार्यक्रम में संकेत राजकीय मूक-बधिर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नीरज कुमार सक्सेना और प्रशिक्षक अभिनव पटेल ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से उपस्थित छात्रों व लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की अहम जानकारी दी। अभियान के तहत सभी से अपील की गई कि वे सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, के संदेश को आत्मसात करें, यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं व दूसरों को सुरक्षित रखें।

लघु गोष्ठियां साहित्य की प्रयोगशाला के समान: उमाशंकर साहिल

अभिव्यक्ति की गोष्ठी में बोले साहित्यकार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार

नगर की प्रमुख साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कतिक संस्था अभिव्यक्ति की मासिक काव्यगोष्ठी कन्नौज के वरिष्ठ साहित्यकार उमाशंकर वर्मा साहिल की अध्यक्षता में आवास विकास स्थिति संस्था के सदस्य प्रेम सागर के निवास पर संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार नलिन श्रीवास्तव के संचालन में संपन्न हुई। मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुई बैठक में संस्था को सक्रिय बनाये रखने और खास कर युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति जागरूक रखने तथा नये रचनाकारों की कलम को मजबूत बनाने के लिए सतत् प्रयास जारी रखने के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में उमाशंकर वर्मा साहिल ने कहा कि युवाओं साहित्य के प्रति जागरूक रखना और रुचि पैदा करना वरिष्ठ साहित्यकारों की जिम्मेदारी है। अभिव्यक्ति का लघु गोष्ठियों वाला प्रयोग इसके लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़े बड़े साहित्यकार इन लघु आयोजनों से ही निकलकर आये हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो लघु गोष्ठियां ही साहित्यकारों की प्रयोगशाला हैं जहां से साहित्य की नयी पीढ़ी पनपती है। युवा कवि देवा यादव, साहित्यकार डॉ. राजीव गुप्ता, रचनाकार दशरथ सिंह, प्रेम सागर सिंह चौहान, वरिष्ठ गज़लकार नलिन श्रीवास्तव व अध्यक्ष कवि उमाशंकर वर्मा साहिल ने सरस काव्यपाठ किया। प्रेम सागर ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया व भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने के का आह्वान किया। सर्वांत में संस्था के दिवंगत संयोजक संयोजक स्व0 महेंद्र तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सतीश चन्द्र, हवलदार, नरेश पाल, नरेश चंद्र, सूबेदार, राम खिलाड़ी, श्रेया परमार, सुशीला चौहान, चंद्र पाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

अंतर्सदनीय नाटक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में अंतर्सदनीय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली नाटकों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के विषय थे साहित्य में आया बदलाव, युद्ध नहीं शांति चाहिए, सफलता का असली हकदार कौन, कौन बनेगा समझदार। विद्यार्थियों ने अपने-अपने अभिनय, संवाद एवं भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिए। सभी सदनों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में रेड सदन से अनन्या पांडे, अनन्या तिवारी, आराध्या गुप्ता, आर्यन राठौर, अदिति शुक्ला, आरोही कटियार, तनिष्का राजपूत, गुड़िया अवस्थी, तेजस्वी चावला तथा अनुष्का प्रथम स्थान पर रही। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल, रचनात्मकता एवं समसामयिक जागरूकता का विकास करना था। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया।

कंसल्टेंट कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का बोर्ड लगाकर किया कामकाज ठप

ब्लॉक के विकास कार्य बाधित

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय में कार्य बहिष्कार का नोट चस्पा

विकासखंड कार्यालय नवाबगंज में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर कंसल्टेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का बोर्ड लगाकर कामकाज का बहिष्कार किया। वहीं, पहले से जारी हड़ताल के चलते ब्लॉक क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कार्य बहिष्कार के दौरान कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए बताया कि विगत 12 वर्षों से मानदेय नहीं बढ़ाया गया है, जिसे तत्काल बढ़ाया जाए। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में यह भी शामिल हैं। शासनादेश तथा एनआरएलएम के अनुरूप प्रतिवर्ष प्रतिशत आधारित एग्रीमेंट प्रदान किया जाए। 5 लाख रुपये तक की कैशलेस इलाज सुविधा और 20 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कराया जाए। अभियान के दौरान दिवंगत हुए 33 कर्मचारियों के परिजनों को उचित लाभ दिया जाए।

मातृत्व अवकाश स्वीकृत किया जाए। वेतन के कोटे से काटे जा रहे जीएसटी और सर्विस टैक्स को वापस किया जाए। स्पष्ट और प्रभावी एचआर पॉलिसी बनाई जाए। कार्य बहिष्कार में दिनेश कुमार, खंड प्रेरक अनुराग सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का बोर्ड लगाकर विरोध दर्ज कराया। दूसरी ओर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर संबंधित योजना के तहत कर्मचारियों की पहले से चल रही हड़ताल के कारण विकासखंड कार्यालय के समस्त विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। हड़ताल में एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, कंप्यूटर ऑपरेटर विनीत कुमार वर्मा व अवनीश कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कुमार, कौशलए राघवेंद्र सिंह, विनय सिंह, मनोज कुमार तथा समस्त रोजगार सेवक शामिल बताए गए हैं।

सीडीओ-बीएसए ने खीर-तहरी चखकर भोजन गुणवत्ता परखी

शाहजहांपुर। प्रभारी डीएम सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने जनगणना के अंतर्गत स्व-गणना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जागरूक करने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय अकर्रा रसूलपुर ददरौल में अभिभावक शिक्षक बैठक व जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएसए,बीडीओ,एबीएसए, जिला समन्वयक एमडीएम रूचिर त्रिपाठी,प्रधान गीता देवी, प्रगणक रोहिणी कुमारी, अभिभावक, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिओम वर्मा आदि रहे। सीडीओ ने जनगणना के महत्व के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने को अभिभावकों, ग्रामीणों से अपील की कि वह स्व-गणना के महत्व को समझें तथा स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। तत्पश्चात सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालय अकर्रा रसूलपुर का निरीक्षण कर मीनू के अनुसार बने मध्यान्ह भोजन में खीर, तहरी का वितरण किया।

खबरें एक नजर में

29 नवंबर को आयोजित होगी ग्रीन रन मिनी मैराथन

रायबरेली। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, रायबरेली की ओर से 29 नवंबर 2026 को 'ग्रीन रन मिनी मैराथन-2026' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता शामिल होंगी।आयोजकों के अनुसार, मिनी मैराथन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, नियमित व्यायाम एवं दौड़ को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन के माध्यम से स्वस्थ समाज और हरित पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया जाएगा।मिनी मैराथन का आयोजन रविवार सुबह 6 बजे न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर, सेमरी कोठी, सुपर मार्केट, रायबरेली से किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से आमजन, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ भारत और हरित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का मौका बूथों पर पहुंचीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका

रायबरेली। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत शनिवार को जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने सदर विधानसभा क्षेत्र के सिधौना, चकपीराशाह और मंचितपुर सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर मतदाता पंजीकरण कार्यों का जायजा लिया। डीएम ने बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटने न पाए। विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का पंजीकरण प्राथमिकता से कराया जाए। उन्होंने बताया कि 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। डीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जांचें। नाम न होने पर बीएलओ से फॉर्म-6 प्राप्त कर आवेदन जमा करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव, बीडीओ अमावा रत्नाकर त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं बीएलओ मौजूद रहे।

मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए लगा शिविर

सलोन में मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र युवाओं के नाम शामिल कराने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विशेष मतदाता जोड़ो अभियान के तहत आयोजित शिविर में बूथ बीएलओ भाग पांच की देखरेख में पात्र युवाओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया गया।सलोन तहसील क्षेत्र के मझिलहा में नाम जोड़ने के लिए शिविर आयोजित किया गया।इस दौरान बीएलओ ने बताया कि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है।वे मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मत महत्वपूर्ण है और मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है।

आग तापते समय झुलसी 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत

चांदा, सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के परिगंडा छापर गांव में शनिवार भोर आग तापते समय 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।परिगंडा छापर निवासी हीरावती (88) पत्नी स्व. लक्ष्मण तिवारी मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं। बताया जाता है कि शनिवार भोर ठंड से बचने के लिए वह घर के पास आग जलाकर ताप रही थीं। इसी दौरान अचानक आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

रायबरेली में चिराग की हुंकार: बहुजन भीम संकल्प

- 2027 के चुनावी रण का हुआ शंखनाद!
- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस समारोह,
- चौखट-चौखट चिराग अभियान शुरू करने का ऐलान भी किया।



रायबरेली समृद्धि न्यूज़। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अपना स्थापना दिवस रायबरेली में बहुजन भीम संकल्प समागम के रूप में मना रही है। शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की मौजूदगी में सामाजिक न्याय, बहुजन समाज के सम्मान और वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी।

28 नवंबर 2000 को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना की थी। स्थापना के 26 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस समागम के जरिए पार्टी अपनी राजनीतिक और सामाजिक विचारधारा को आगे बढ़ाने का संदेश दे रही है।

26 साल का राजनीतिक सफर

लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना 28 नवंबर 2000 को स्वर्गीय रामविलास पासवान ने की थी। पार्टी अब अपने स्थापना के 26 वर्ष पूरे होने पर सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी के संकल्प के साथ स्थापना दिवस मना रही है। बहुजन भीम संकल्प समागम के माध्यम से बहुजन समाज के सम्मान, अधिकार, समानता और वंचित वर्गों की राजनीतिक भागीदारी को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

2027 के चुनाव पर निगाहें

आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए चिराग पासवान का यह कार्यक्रम राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंच से पार्टी की भावी रणनीति, संगठन विस्तार और चुनावी तैयारियों को लेकर संदेश दिए जाने पर निगाहें रहेंगी। 2027 के चुनाव को लेकर अगर कयास लगाई जाए तो जो पंडाल लगाया गया था उसमें पंडाल से ज्यादा भीड़ देखने को मिली यही नहीं कार्यकर्ताओं में उत्साह भी देखने को मिला जो अपने नेता को सुनने और देखने के लिए घंटों उनका इंतजार करती रहे।

भ्रामक खबरें समाज में फैलाता है विपक्षः चिराग

विपक्ष संविधान और आरक्षण खतरे में होने का भ्रम फैलाकर वोट हासिल करने की राजनीति कर रहा है। अखिलेश यादव के पीडीए और सपा के प्रण पत्र पर भी सवाल उठाए। चिराग ने कहा कि उनकी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 403 सीटों पर तैयारी कर रही है। गठबंधन पर अंतिम फैसला बाद में होगा। उन्होंने जल्द ही प्रदेश में %चौखट-चौखट चिराग% अभियान शुरू करने का ऐलान भी किया।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो गंभीर

लम्भुआ, सुलतानपुर। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर बूधापुर मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक तीन वर्षीय बच्चा बाल-बाल बच गया। घायलों की पहचान गोसाई का पूरा (गांधीनगर) निवासी निवेश झा (18) पुत्र अनिल झा और गजानन तिवारी (65) पुत्र स्व. त्रियुगी तिवारी के रूप में हुई है। बताया गया कि निवेश झा के साथ बाइक पर तीन वर्षीय बच्चा भी सवार था। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

गुरुकुल पब्लिक स्कूलः विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा



- एसडीएम ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ
- रोबोटिक्स और विज्ञान के मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

महराजगंज रायबरेली । गुरुकुल पब्लिक स्कूल, पुरासी में विज्ञान प्रदर्शनी एवं शो केस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम महराजगंज आयुष अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, रोबोटिक्स और तकनीक पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अर्थक्वेक डिटेक्टर और फायर डिटेक्टर मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। एसडीएम ने मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों से उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उपयोगी सुझाव दिए।इस दौरान एसडीएम ने बच्चों के नवाचार और मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय अध्यक्ष शशांक शेखर शुक्ला, उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा और प्रधानाचार्या बेबी सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक अमित पाण्डेय, कोऑर्डिनेटर अरुंधति चौधरी, लुंग सर, महेश प्रताप, शक्ति श्रीवास्तव, हर्षिका सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

कूरेभार, सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मीरा मानिकपुर गांव के गजउ राज पुरवा निवासी आलोक शर्मा (30) अपनी पत्नी पूजा शर्मा (28) के साथ बाइक से कूरेभार से सुलतानपुर जा रहे थे। कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय के गेट से कुछ आगे पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पूजा शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

विधायक ने फावड़ा चलाकर किया शुभारंभ अधिवक्ताओं को मिलेगी कीचड़ और धूल से मुक्ति

समृद्धि न्यूज, महाराजगंज, रायबरेली।



तहसील परिसर में आवागमन की समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। शनिवार को बछरावां विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने अधिवक्ता भवन से बछरावां रोड स्थित तहसील गेट तक बनने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग का फावड़ा चलाकर शुभारंभ किया।

निर्माण कार्य शुरू होते ही अधिवक्ताओं में खुशी देखने को मिली और उन्होंने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। विधायक ने कहा कि मार्ग बनने से बारिश में कीचड़ और गर्मी में धूल की समस्या से निजात मिलेगी। तहसील आने वाले अधिवक्ताओं और फरियादियों का आवागमन भी आसान होगा। इस मौके पर सपा नेता एवं अधिवक्ता फिरोज अहमद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

लोकगीतों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज, डलमऊ, रायबरेली।



डलमऊ महोत्सव के पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कला, परंपरा और भक्ति में माहौल का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को सम्मोहित कर लिया। लोकगीत, भक्ति में माहौल, लोकनृत्य और धार्मिक झांकियों ने महोत्सव की शाम को यादगार बना दिया। शनिवार को डलमऊ महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत रागिनी श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत रामायण की आकर्षक झांकी से हुई। वहीं रिदम अकादमी की डॉ. श्रेया एवं उनकी टीम ने मनमोहक लोकनृत्य और सांस्कृतिक झांकियों की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। रामप्रकाश के आल्हा गायन ने वीर रस का संचार किया, जबकि यज्ञ शरण मिश्र द्वारा प्रस्तुत सुंदरकांड ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए कस्बे के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं प्रदर्शनी परिसर में लगी दुकानों पर महिलाओं और पुरुषों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने विभिन्न झूलों और मिकी माउस का आनंद उठाया।

